@Qpatrika
@qaumipatrika hindi
instagram.com/qaumipatrika

कौमी पत्रिका
राष्ट्रीय दैनिक अखबार

दिल्ली-हरियाणा-पंजाब-चण्डीगढ़-उत्तर प्रदेश से प्रसारित
बुधवार, 9 अप्रैल 2025

VISIT:
www.qaumipatrika.in
Email: qpatrika@gmail.com

R.N.I. No. UP-HIN/2007/21472 सम्पादक - गुरचरन सिंह बब्बर वर्ष 18 अंक 148 qaumipatrikahindi 011-41509689, 23315814, 9312262300 गाजियाबाद संवत् 2077-78, पेज (12) मूल्य 3.00 रुपये (हवाई शुल्क 50 पैसे अतिरिक्त)

कर्नाटक के गृह मंत्री ने महिलाओं से मांगी माफी

बंगलूरू, 8 अप्रैल। हाल ही में बंगलूरू में एक महिला से हुए छेड़छाड़ की घटना पर अपनी टिप्पणी को लेकर विवादों में आए कर्नाटक के गृह मंत्री ने अब कहा है कि उनके बयान को तोड़-मरोड़कर पेश किया। साथ ही उन्होंने कहा कि अगर उनके बयान से महिलाओं को खेद पहुंचा तो वे इसके लिए माफी मांगते हैं। अपने बयान को लेकर कर्नाटक के गृह मंत्री जी परमेश्वर आलोचकों के निशाने पर आ गए थे और विपक्षी भाजपा और राष्ट्रीय महिला आयोग ने उनसे सार्वजनिक रूप से माफी मांगने को कहा था। जी परमेश्वर ने कहा, कल मेरे बयान को आप (मीडिया) ने ठीक से नहीं समझा और दूसरे प्लेटफॉर्म ने भी इसे अलग तरह से समझा। मैं हमेशा महिलाओं की सुरक्षा के पक्ष में रहा हूं। गृह मंत्री के तौर पर मैंने निर्भया योजना जैसे कई कार्यक्रम लागू किए हैं। दूसरे राज्यों की तुलना में हमने निर्भया फंड पर ज्यादा खर्च किया है और केंद्र सरकार के साथ मिलकर इसे लागू किया है। मैं किसी दिन महिलाओं की सुरक्षा के लिए किए गए कामों को साझा करना चाहूंगा। उन्होने कहा कि किसी बयान को तोड़-मरोड़ कर पेश करना और मेरे बारे में बोलना ठीक नहीं है। मैं मानता हूं और मैंने महिलाओं-बहनों और माताओं की सुरक्षा के लिए कई कदम उठाए हैं। अगर कोई मुद्दा (महिलाओं की सुरक्षा से जुड़ा) है, तो मैंने विभाग के अधिकारियों को जिम्मेदार ठहराया है। इसलिए मेरे बयान को तोड़-मरोड़ कर पेश नहीं किया जाना चाहिए। अगर मेरे बयान से किसी को दुख पहुंचा है - हमारी बहनों, माताओं को - तो मैं खेद व्यक्त करता हूं। लेकिन इसे अलग-अलग तरीके से पेश करके अलग-अलग मंचों पर ले जाने की जरूरत नहीं है। उन्होंने भाजपा पर इस मुद्दे पर राजनीति करने का आरोप लगाया। पिछले कुछ वर्षों में राज्य में महिलाओं के खिलाफ अत्याचार बढ़ने के आरोपों पर पूछे गए सवाल पर परमेश्वर ने पूछा, क्या मुझे उन मामलों की संख्या बतानी चाहिए, जब भाजपा सत्ता में थी? मैंने पहले ही आंकड़े दे दिए हैं। यदि वे दावा करते हैं कि उनके कार्यकाल के दौरान कुछ भी नहीं हुआ, तो लोग इस पर हंसेंगे। उल्लेखनीय है कि बीती 3 अप्रैल को बंगलूरू में पैदल चल रही एक महिला के साथ छेड़छाड़ की घटना हुई थी। इस घटना पर प्रतिक्रिया देते हुए जी परमेश्वर ने कहा था कि पुलिस लगातार चौबीसों घंटे काम कर रही है। यही वजह है कि बंगलूरू में शांति है। बंगलूरू जैसे बड़े शहर में इस तरह की घटनाएं होती रहती हैं। गृह मंत्री के इस बयान ने विवाद पैदा कर दिया था। राष्ट्रीय महिला आयोग ने कहा कि ऐसे बयान महिलाओं के खिलाफ अपराधों को कमतर आंकते हैं। आयोग ने बयान को असंवेदनशील करार दिया था।

कांग्रेस आलाकमान का आगामी चुनावों के लिए रणनीति पर मंथन: राहुल गांधी

सिम्मी कौर बब्बर

अहमदाबाद, 8 अप्रैल। कांग्रेस आलाकमान ने मंगलवार को कांग्रेस कार्यसमिति (सीडब्ल्यूसी) की बैठक में आगामी विधानसभा चुनावों के लिए रणनीति पर मंथन किया। इस दौरान जिला इकाइयों को अधिक अधिकार देने सहित संगठनात्मक सुधारों पर भी जोर दिया गया। इस बीच, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा कि विपक्ष भारत के लोगों के अधिकारों और उनके कल्याण के लिए लड़ने के लिए लोकतांत्रिक संस्थाओं का उपयोग करना जारी रखेगा। अखिल भारतीय कांग्रेस समिति का सत्र मंगलवार को अहमदाबाद में आयोजित किया गया। इससे पहले, सरदार वल्लभभाई पटेल स्मारक पर कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक हुई। इसमें कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, पूर्व पार्टी प्रमुख सोनिया गांधी और राहुल गांधी के साथ ही कई वरिष्ठ नेता शामिल हुए। पार्टी की सर्वोच्च निर्णय लेने वाली संस्था ष्टङ्खष्ट की बैठक में कांग्रेस आलाकमान ने पार्टी की भविष्य की रूपरेखा, प्रमुख राष्ट्रीय मुद्दों, संगठनात्मक मजबूती और आगामी चुनावों की तैयारियों पर चर्चा की। सूत्रों के अनुसार, ष्टङ्खष्ट की बैठक में, ढ्ढष्टष्ट सत्र में पारित किए जाने वाले प्रस्तावों पर विचार-विमर्श किया। साथ ही जिला कांग्रेस समितियों को अधिक अधिकार देने के निर्णय पर भी चर्चा की गई। इसके अलावा, पार्टी संगठनात्मक सुधारों के लिए कई उपायों पर भी निर्णय ले सकती है। इस बारे में पार्टी प्रमुख ने हाल की कई बैठकों में संकेत भी दिया है। कांग्रेस अध्यक्ष खरगे और राहुल गांधी ने हाल ही में दिल्ली में डीसीसी प्रमुखों के साथ बैठक की थी, जिसमें उनके विचार जाने गए। इस बैठक के तुरंत बाद अहमदाबाद में सीडब्ल्यूसी की बैठक हुई है। बैठक के दौरान पार्टी ने इस साल और अगले साल

होने वाले विधानसभा चुनावों के लिए अपनी रणनीति पर चर्चा की और उसे अंतिम रूप दिया। कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक में करीब 170 नेता शामिल हुए। बैठक में केसी वेणुगोपाल, कमल नाथ, भूपेश बघेल, मुकुल वासनिक, अजय माकन, अशोक गहलोत, जयराम रमेश, रणदीप सुरजेवाला, मुख्यमंत्री सिद्धारमैया, उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार, रेवंत रेड्डी, सुखविंदर सिंह सुक्खू उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री के अलावा गुजरात कांग्रेस प्रमुख शक्ति सिंह गोहिल और अन्य पीसीसी प्रमुख भी मौजूद रहे। इस बीच, कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने संसद के बजट सत्र के दौरान कांग्रेस के नेतृत्व वाली स्थायी समितियों द्वारा दिए गए सुझावों पर प्रकाश डाला। इस दौरान उन्होंने चरणजीत सिंह चन्नी, दिग्विजय सिंह, डॉ. शशि थरूर की अध्यक्षता वाली समितियों द्वारा दिए गए सुझावों के कुछ उदाहरण भी दिए। उन्होंने कहा, विपक्ष में रहते हुए भी हम भारत के लोगों के अधिकारों और कल्याण के लिए लड़ने के लिए हर लोकतांत्रिक संस्थाओं का उपयोग करना जारी रखेंगे।

सुप्रीम कोर्ट ने धमकी मामले में हाईकोर्ट के आदेश में दखल देने से किया इनकार

कौमी संवाददाता

नई दिल्ली, 8 अप्रैल। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट के एक आदेश में दखल देने से इनकार किया। हाईकोर्ट ने पुलिस को एक पूर्व वरिष्ठ पुलिस अधिकारी और राज्य के कुछ अधिकारियों के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल करने पर रोक लगाई थी। आरोप था कि इन अधिकारियों ने व्यापारी को अपने परिवार की हिस्सेदारी एक निजी कंपनी को बेचने के लिए धमकाया। जस्टिस बी.वी.नागरत्ना और सत्येंद्र चंद्र शर्मा की बेंच ने कहा कि वह हाईकोर्ट के आदेश में दखल नहीं देना चाहती। राज्य की ओर से पेश महाधिवक्ता अनुप कुमार रतन ने कहा कि हाईकोर्ट द्वारा गठित विशेष जांच दल (एसआईटी) ने व्यापारी की ओर से लगाए गए आरोपों की जांच पूरी कर ली है। अब एसआईटी को अधिकार क्षेत्र वाले कोर्ट के समक्ष आरोपपत्र दाखिल करनी है। बेंच ने कहा कि मामला अभी भी हाईकोर्ट में

लंबित है, जो आरोपपत्र दाखिल करने के पहलू की जांच करेगा। रतन ने कहा कि हाईकोर्ट ने प्राथमिकी में कुछ अतिरिक्त धाराएं जोड़ने का आदेश दिया है। जस्टिस नागरत्ना ने कहा, अब जब जांच पूरी हो चुकी है, तो इस कोर्ट को दखल करने की जरूरत क्यों है? आप हाईकोर्ट के पास जाइए। हाईकोर्ट ने 23 सितंबर 2023 को एसआईटी की जांच पर असंतुष्टि जताई थी। टीम में दो महानिरीक्षक रैंक के अधिकारी संतोष कुमार पटियाल और अभिषेक दुलार शामिल थे। हाईकोर्ट ने प्राथमिकी की और जांच करने का आदेश दिया। इस जांच में हिमाचल प्रदेश के पूर्व पुलिस प्रमुख संजय कुंदू पर आरोप था कि उन्होंने निजी लोगों के साथ मिलकर व्यापारी पर दबाव डाला। हाईकोर्ट ने पुलिस महानिदेशक अतुल वर्मा की ओर से दी गई दो रिपोर्ट पर ध्यान दिया, जिनमें जांच की प्रक्रिया पर सवाल उठाए गए थे। इसके बाद हाईकोर्ट ने एसआईटी में एक और अधिकारी को शामिल करने और प्राथमिकी में जबरन वसूली की धारा को जोड़ने का आदेश दिया था। हालांकि, 23 सितंबर 2024 का आदेश सुप्रीम कोर्ट ने एक अक्तूबर 2024 को कुंदू की याचिका पर स्थगित किया। हाईकोर्ट ने 22 मई, 2024 को पुलिस को आरोपपत्र दाखिल करने पर रोक लगाई। कोर्ट ने कहा था, जब तक आगे का आदेश न आए, एसआईटी को अंतिम रिपोर्ट दाखिल करने से रोका जाता है।

हेमंत कैबिनेट ने 8900 शिक्षकों की बहाली पर लिया बड़ा फैसला

रांची, 8 अप्रैल। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में 8 अप्रैल 2025 को हुई झारखंड मंत्रिपरिषद की बैठक में कई अहम फैसले लिए गए। सरकार ने जल संसाधन विभाग के क्षेत्रीय कार्यालयों में लिपिक और टंकण जैसे पदों पर नियुक्ति के लिए नई भर्ती नियमावली 2025 को मंजूरी दी है। इसके अलावा, एविएशन टरबाइन फ्यूल (ञ्जस्न) पर लगने वाले वैट टैक्स की दर में बदलाव को भी स्वीकृति दी गई है। वहीं सरकारी अस्पतालों को स्वास्थ्य बीमा योजनाओं से मिलने वाले क्लेम की अधिकतम राशि के बेहतर उपयोग के लिए नए दिशा-निर्देश बनाने की स्वीकृति दी गई है, जिससे अस्पतालों की सेवाओं को राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप सुधारा जा सके। वहीं, आवासीय विद्यालयों में पढ़ाई के लिए अंशकालिक शिक्षकों की नियुक्ति की मौजूदा व्यवस्था को आगे भी जारी रखने की अनुमति दे दी गई है। दूरसंचार अधिनियम 2023 के तहत बनाए गए नए नियमों को राज्य में लागू करने की भी मंजूरी दी गई है। इसके साथ ही, सरकार ने झारखंड ग्रासरूट्स इनोवेशन इंटर्नशिप योजना को भी स्वीकृति प्रदान की है, जिससे नवाचार को बढ़ावा मिलेगा। झारखंड में वैट की प्राप्ति बढ़ाने के मकसद से हाई स्पीड डीजल की थोक खरीद पर टैक्स की दर को संशोधित कर दिया गया है। अब यह दर 22 फीसदी या प्रति लीटर 12.50 रुपये की बजाय सीधी 15 फीसदी हो गई है। राष्ट्रीय आवास बैंक (ह्र।ङ्क) से शहरों के बुनियादी ढांचे के विकास के लिए मिलने वाले कर्ज को लेकर जरूरी कागजी कार्रवाई और नियम-शर्तों को मंजूरी दी गई है। राज्य के सरकारी माध्यमिक और +2 विद्यालयों में शिक्षकों की भारी कमी को देखते हुए सरकार ने लगभग 8,900 पदों की बहाली और 1,373 माध्यमिक आचार्य पदों के सृजन का भी निर्णय लिया है।

क्राउन प्रिंस शेख हमदान ने पीएम मोदी से की मुलाकात

सौरभ शर्मा

नई दिल्ली, 8 अप्रैल। भारत और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के संबंधों और कई सारे अहम मुद्दों पर चर्चा के लिए मंगलवार को दुबई के क्राउन प्रिंस शेख हमदान बिन मोहम्मद बिन भारत पहुंचे। जहां उन्होंने राष्ट्रीय राजधानी नई दिल्ली में पीएम मोदी से मुलाकात की। पीएम मोदी से मुलाकात के बाद शेख मोहम्मद ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर ट्वीट कर अपनी खुशी व्यक्त की। उन्होंने लिखा कि आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलकर मुझे खुशी हुई। हमारी बातचीत ने यूएई और भारत के बीच संबंधों की मजबूती दो दिखाता है। उन्होंने कहा कि ये संबंध विश्वास पर आधारित हैं, जो इतिहास द्वारा आकारित हुए हैं और हमारे समान दृष्टिकोण से प्रेरित हैं, जिसमें अवसरों, नवाचार और स्थायी समृद्धि की दिशा में एक बेहतर भविष्य बनाने का लक्ष्य है। बता दें कि प्रिंस शेख हमदान के पीएम नरेंद्र मोदी से मुलाकाक के दौरान रक्ष मंत्री राजनाथ सिंह और विदेश मंत्री एस जयशंकर भी मौजूद रहें। नई दिल्ली में दुबई के क्राउन प्रिंस शेख हमदान से मुलाकात के बाद पीएम नरेंद्र मोदी ने भी खुशी जताते हुए भारत और संयुक्त अरब

अमीरात (यूएई) के बीच मजबूत द्विपक्षीय सहयोग पर जोर दिया। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर कहा कि दुबई के क्राउन प्रिंस शेख हमदान बिन मोहम्मद बिन राशिद अल मकतूम से मिलकर खुशी हुई। दुबई ने भारत-यूएई व्यापक रणनीतिक साझेदारी को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि यह विशेष यात्रा हमारी गहरी दोस्ती को दर्शाता है। साथ ही भविष्य में और भी मजबूत सहयोग का मार्ग प्रशस्त करती है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भी शेख हमदान से एक अलग बैठक की। इसको लेकर उन्होंने बताया कि भारत यूएई के साथ रक्षा क्षेत्र में मिलकर काम करने के लिए उत्सुक है, जिसमें सह-उत्पादन और सह-विकास परियोजनाओं पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि दोनों देश क्षेत्र में शांति और समृद्धि के लिए प्रतिबद्ध हैं। साथ ही रक्षा मंत्री सिंह ने अपनी बैठक को उत्पादक बताते हुए कहा कि यूएई के साथ भारत की रणनीतिक साझेदारी महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि आने वाले वर्षों में दोनों देशों के बीच रक्षा, नवाचार और प्रौद्योगिकी जैसे क्षेत्रों में सहयोग बढ़ेगा। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने भी शेख हमदान से मुलाकात की और उन्हें भारत की पहली आधिकारिक यात्रा पर स्वागत करते हुए कहा कि वह भारत-यूएई के संबंधों को लेकर सकारात्मक विचार रखते हैं।

टीएमसी की अंदरूनी कलह खुलकर आई सामने

तेजिन्दर कौर बब्बर

कोलकाता, 8 अप्रैल। पश्चिम बंगाल में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) की अंदरूनी कलह खुलकर सामने आ गई है। टीएमसी के दो सांसदों में विवाद का वीडियो और व्हाट्सएप चैट के स्कीनशॉट सोशल मीडिया पर वायरल हो गए। इसे लेकर भाजपा ने टीएमसी को घेरा है। भाजपा नेता अमित मालवीय ने स्क्रीनशॉट साझा करते हुए दावा किया कि टीएमसी सांसद कल्याण बनर्जी और कीर्ति आजाद के बीच तीखी बहस हुई। पीटीआई के मुताबिक स्क्रीन शॉट की प्रमाणिकता की पुष्टि नहीं हो सकी है। भाजपा नेता अमित मालवीय ने एक्स पर लिखा कि टीएमसी सांसद बनर्जी और एक महिला सांसद के बीच विवाद चार अप्रैल को चुनाव आयोग मुख्यालय में हुआ था। इसके बाद मामला बढ़ा और टीएमसी सांसदों के व्हाट्सएप ग्रुप में भी इस मुद्दे पर कल्याण बनर्जी और एक सांसद के बीच तीखी बहस हुई। टीएमसी सांसद कल्याण बनर्जी ने कहा कि जब वह और पार्टी के अन्य सांसद चुनाव आयोग मुख्यालय में पार्टी का ज्ञापन देने गए थे तो तकरार हुई थी। उन्होंने इसका दोष महिला सांसद पर मढ़ा। उन्होंने कहा कि मैं पिछले 40 साल से राजनीति में हूं। महिला सांसद चुनाव आयोग कार्यालय के बाहर सुरक्षाकर्मियों से मुझे गिरफ्तार करने के लिए कह रही

थी। बनर्जी ने कहा कि वे मुझे जेल भेजने वाले कौन होते हैं? उन्होंने मुझे गालियां दीं। संसद में मैं ही लड़ता हूं। मैं ऐसा व्यक्ति नहीं हूं जो केवल एक विशिष्ट औद्योगिक घराने से ग्रस्त हो। सिर्फ इसलिए कि महिला सांसद धाराप्रवाह अंग्रेजी बोलती है, इसका मतलब यह नहीं है कि वह किसी का अपमान कर सकती है। वरिष्ठ टीएमसी नेताओं ने कहा कि मामला पार्टी सुप्रीमो और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी तक पहुंच गया है। तकरार के बाद महिला सांसद व्हाट्सएप ग्रुप से बाहर निकल गईं। इसके बाद उन्होंने ममता बनर्जी और टीएमसी के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी को पत्र भेजे। टीएमसी के एक नेता ने बताया कि पार्टी प्रतिनिधिमंडल के चुनाव आयोग कार्यालय पहुंचने के बाद कल्याण बनर्जी ने ज्ञापन पर हस्ताक्षर करने को लेकर महिला सांसद के साथ बहस की। इसके बाद उन्होंने सुरक्षाकर्मियों से हस्तक्षेप करने को कहा और महिला सांसद के साथ दुर्व्यवहार का आरोप लगाते हुए उनकी गिरफ्तारी की मांग की। दोनों सांसदों ने कथित तौर पर इस घटना के बारे में ममता बनर्जी से मौखिक शिकायत दर्ज कराई। इसके बाद कल्याण बनर्जी और कीर्ति आजाद के बीच सांसदों के व्हाट्सएप ग्रुप पर बहस हुई। बनर्जी ने दावा किया कि कीर्ति आजाद ने ही मुझे उकसाया और मुझे क्या करना है, इस बारे में उपदेश दे रहे थे। उन्होंने व्हाट्सएप चैट लीक कर दी है।

सांसद जियाउर्रहमान बर्क से ढाई घंटे तक पूछताछ

संभल, 8 अप्रैल। समाजवादी पार्टी के सांसद जियाउररहमान बर्क संभल हिंसा मामले की जांच कर रही विशेष जांच टीम (एसआईटी) के समक्ष पेश होने के लिए नखासा थाने पहुंचे। इस मामले में उन्हें बयान के लिए समन भेजा गया था। एएसपी श्रीशचंद और सीओ कुलदीप सिंह ने उसने ढाई घंटे तक पूछताछ की। मंगलवार को कई अधिवक्ताओं के साथ सांसद सुबह 11.15 बजे थाने पहुंचे। पेशी से पहले सांसद ने कानून और संविधान में विश्वास जताते हुए जांच में पूरा सहयोग देने की बात कही है। सांसद ने कहा कि मैं कानून और संविधान में विश्वास करता हूं। न्यायपालिका पर मेरा भरोसा है। आज तबीयत ठीक नहीं है और डॉक्टर ने आराम की सलाह दी है। बावजूद मैं एसआईटी के सामने पेश हो रहा हूं ताकि पुलिस-प्रशासन को यह न लगे कि मैं जांच में सहयोग नहीं कर रहा। पेशी से पहले उन्होंने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बयान दिया कि वह कानून और संविधान में पूर्ण विश्वास रखते हैं और जांच में हर संभव सहयोग करेंगे। गौरतलब है कि संभल में हुई हिंसा को लेकर एसआईटी जांच कर रही है। मामले में कई लोगों से पूछताछ की जा चुकी है।

सरदार पटेल की विरासत हड़पना चाहती है भाजपा: खरगे

नरेश मल्होत्रा

अहमदाबाद, 8 अप्रैल। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने भाजपा और संघ पर सरदार पटेल की विरासत हड़पने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि भाजपा और संघ देश के नायकों के खिलाफ साजिश रच रहे हैं। कांग्रेस अध्यक्ष के अनुसार, सरदार पटेल की विचारधारा संघ के खिलाफ थी और उन्होंने संघ पर प्रतिबंध भी लगाया था। कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक मंगलवार को गुजरात में शुरू हुई। इस दौरान अपने भाषण में सरदार पटेल ने आरोप लगाया कि सरकार सांप्रदायिक भेदभाव पैदा करके असल मुद्दों से लोगों के ध्यान भटकाना चाहती है। मल्लिकार्जुन खरगे ने आरोप लगाया कि पिछले कई वर्षों से देश के कई नायकों के खिलाफ सुनियोजित साजिश की जा रही है। कांग्रेस पार्टी के खिलाफ माहौल बनाया जा रहा है और ये माहौल वो लोग बना रहे हैं जिनके पास अपनी उपलब्धियों के तौर पर दिखाने के लिए कुछ नहीं है। उन्होंने भाजपा-आरएसएस पर हमला करते हुए कहा कि स्वतंत्रता संग्राम में उनके योगदान के तौर पर दिखाने के लिए उनके पास कुछ भी नहीं है। उन्होंने यह दिखाने की साजिश की कि सरदार पटेल और पंडित नेहरू के बीच अच्छे संबंध नहीं थे। जबकि सच्चाई यह है कि वे एक ही सिक्के के दो पहलू थे। कई घटनाएं और दस्तावेज उनके सौहार्दपूर्ण संबंधों के गवाह हैं। खरगे ने दावा किया कि दोनों के बीच लगभग रोजाना

पत्राचार होता था। नेहरू जी सभी मामलों में उनकी सलाह लेते थे। नेहरू जी पटेल साहब का बहुत सम्मान करते थे। अगर उन्हें कोई सलाह लेनी होती तो वे खुद पटेल जी के घर जाते थे। उन्होंने कहा कि पटेल की विचारधारा आरएसएस के विचारों के विपरीत थी और उन्होंने संगठन पर प्रतिबंध भी लगाया था, लेकिन यह हास्यास्पद है कि आज उस संघ के लोग सरदार पटेल की विरासत पर दावा करते हैं। खरगे ने दावा किया कि महात्मा गांधी और सरदार पटेल ने ही बाबा साहब आंबेडकर को संविधान सभा का सदस्य बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। खुद आंबेडकर ने 25 नवंबर, 1949 को संविधान सभा में अपने अंतिम भाषण में कहा था कि कांग्रेस पार्टी के समर्थन के बिना संविधान नहीं बनाया जा सकता था। लेकिन जब संविधान बनाया गया, तो आरएसएस ने गांधीजी, पंडित नेहरू, डॉ आंबेडकर और कांग्रेस की खूब आलोचना की। उन्होंने रामलीला मैदान में संविधान और इन नेताओं के पुतले जलाए। खरगे ने कहा कि कांग्रेस पार्टी संविधान और संविधान निर्माताओं दोनों का सम्मान करती है और जानती है कि इसकी रक्षा कैसे करनी है। उन्होंने कहा, सरदार पटेल साहब हमारे दिलों में, हमारे विचारों में बसते हैं। हम उनकी विरासत को आगे ले जा रहे हैं। हमने इसी सोच के साथ अहमदाबाद में सरदार पटेल संग्रहालय में कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक आयोजित की है। खरगे ने आगे आरोप लगाया कि आज भाजपा और संघ परिवार के लोग गांधी जी से जुड़ी संस्थाओं पर कब्जा कर रहे हैं और उन्हें उनके वैचारिक विरोधियों को सौंप रहे हैं।

मुसलमानों को मिलेगी गुलामी से मुक्ति, भारत होगा दंगा मुक्त: इंद्रेश कुमार

मुंबई, 8 अप्रैल। देशभर में नए वक्फ कानून को लेकर सियासत में तेज है। केंद्र सरकार और विपक्ष दोनों के बीच इस कानून को लेकर आरोप-प्रत्यारोप की रानजीति अपने चरम है। इसी बीच वक्फ कानून को लेकर राष्ट्रीय स्वयं संघ (आरएसएस) नेता इंद्रेश कुमार ने सोमवार को अपनी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि इस विधेयक के कानून बनने से मुसलमानों को कांग्रेस और इंडी गठबंधन की गुलामी से मुक्ति मिल जाएगी। उनका मानना है कि इस विधेयक से भारत में दंगे मुक्त वातावरण सुनिश्चित होगा। इंद्रेश कुमार ने यह भी कहा कि जो लोग यह कहते हैं कि इससे इस्लामवाद खत्म हो जाएगा, वे झूठ बोल रहे हैं। दूसरी ओर आरएसएस महासचिव दत्तात्रेय होसबोले ने सोमवार को युवाओं को राष्ट्र निर्माण में भाग लेने के लिए प्रेरित करने पर जोर दिया। मुंबई में एक पुस्तक विमोचन समारोह में बोलते हुए उन्होंने कहा कि युवाओं को जागरूक करने के लिए एक सही कथा की जरूरत है, जो उन्हें समाज के निर्माण कार्य में शामिल करे। होसबोले ने हिंदुत्व के महत्व पर भी बात पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि हमें इसे सही तरीके से प्रस्तुत करना चाहिए ताकि लोग इसे गलत समझने या विकृत करने से बच सकें। उन्होंने कहा कि हिंदुत्व आने वाले समय में भी प्रासंगिक रहेगा और इसके लिए हमें एक ठोस आख्यान तैयार करना होगा। इसके साथ ही आरएसएस नेता ने सामाजिक प्रगति पर भी चर्चा करते हुए कहा कि समाज का कल्याण और प्रगति सामाजिक आत्मसात के बिना संभव नहीं है। साथ ही, उन्होंने पारंपरिक पारिवारिक व्यवस्था के लिए आधुनिक तकनीक और जीवनशैली से उत्पन्न चुनौतियों का उल्लेख किया और चेतावनी दी कि ये पारिवारिक ढांचे को नष्ट कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि हम चांद पर जा सकते हैं और कई उपलब्धियां हासिल कर सकते हैं, लेकिन अगर हम अपनी संस्कृति को भूलकर सिर्फ अन्य चीजों पर ध्यान देंगे तो समाज का सही विकास नहीं हो पाएगा। साथ ही उन्होंने एक उदाहरण के तौर पर बताया कि पहले विदेशी आक्रमणों के बावजूद हमारी पारिवारिक व्यवस्था कायम रही, लेकिन आज की तकनीक और जीवनशैली हमारे पारिवारिक ढांचे को प्रभावित कर सकती है। उनका मानना था कि अगर हम अपनी नागरिक संस्कृति को बनाए रखें और उसी दिशा में प्रयास करें, तो समाज का सही विकास संभव है।

पाकिस्तान से इस साल हज के लिए 89,000 जायरीन सऊदी अरब जाएंगे

एजेंसी

कराची। इस साल पाकिस्तान से लगभग 89,000 जायरीन हज के लिए सऊदी अरब जाएंगे। संघीय सरकार ने अपनी तैयारियों का आज खुलासा कर दिया। 29 अप्रैल को रात 10ः15 बजे पहली उड़ान (संख्या ईआर 1611) कराची के जिन्ना अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से रवाना होगी। इसमें 285 जायरीन शामिल होंगे। द न्यूज इंटरनेशनल अखबार के अनुसार, अधिकारियों ने कहा कि प्रारंभिक चरण के दौरान सभी हज उड़ानें मदीना हवाई अड्डे के लिए होंगी। 14 मई से जेद्दा हवाई अड्डे के लिए प्रस्थान शुरू हो जाएगा। पाकिस्तान के धार्मिक मामलों के मंत्रालय ने पूरी उड़ान अनुसूची को मंजूरी दे दी है। इस सूची को आज से पाक हज मोबाइल एप्लिकेशन पर देखा जा सकेगा। सरकारी हज योजना के तहत 89,000 तीर्थयात्री पांच नामित एयरलाइनों के माध्यम से यात्रा करेंगे। इससे पहले धार्मिक मामलों के संघीय मंत्री सरदार मोहम्मद यूसुफ ने लाहौर में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में हज उड़ान संचालन की लॉन्च तिथि की पुष्टि की और कहा कि पाकिस्तान सऊदी अधिकारियों के साथ मिलकर काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि इस साल सरकारी और निजी दोनों योजनाओं के तहत 90,000 पाकिस्तानी तीर्थयात्रियों के हज करने की उम्मीद है। स्वास्थ्य और सुरक्षा प्रोटोकॉल के तहत तीर्थयात्रियों को प्रस्थान करने से कम से कम 10 दिन पहले निर्धारित हाजी शिविरों में टीका लगवाना आवश्यक है।

पाकिस्तान ने बैसाखी त्योहार के लिए 6,500 से अधिक भारतीय सिख तीर्थयात्रियों को वीजा जारी किया

इस्लामाबाद। पाकिस्तान ने इस साल बैसाखी त्योहार के लिए 6,500 से अधिक भारतीय सिख तीर्थयात्रियों के लिए वीजा जारी किए हैं। भारतीय सिख तीर्थयात्री 10 से 19 अप्रैल तक पाकिस्तान में गुरुद्वारा पंजा साहिब, ननकाना साहिब और करतारपुर साहिब सहित प्रमुख धार्मिक स्थलों का दौरा करेंगे। एआरवाई न्यूज चैनल की खबर के अनुसार, तीर्थयात्रा पाकिस्तान के प्रभारी साद अहमद वराइच ने कहा कि नई दिल्ली स्थित पाकिस्तान उच्चायोग ने 2025 के बैसाखी त्योहार के अवसर पर भारतीय तीर्थयात्रियों को 6,500 से अधिक वीजा जारी किए हैं। इससे धार्मिक सद्भाव और आपस में भाईचारा बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान की वीजा नीति का उद्देश्य विभिन्न संस्कृतियों और धर्मों के बीच सेतु का निर्माण करना है। पाकिस्तान मुल्क में पवित्र स्थलों पर धार्मिक आगंतुकों की तीर्थयात्रा को सुविधाजनक बनाना जारी रखेगा। इससे पहले, नई दिल्ली स्थित पाकिस्तान उच्चायोग ने तीर्थयात्रियों के एक समूह को चकवाल जिले में स्थित पवित्र श्री कटास राज मंदिर की यात्रा के लिए 154 वीजा जारी किए हैं। 24 फरवरी से शुरू यह तीर्थयात्रा 02 मार्च को सम्पन्न हो चुकी है।

अमेरिका के सुप्रीम कोर्ट ने वेनेजुएलावासियों के निर्वासन पर निचली अदालत के रोक के फैसले को पलटा

वाशिंगटन। अमेरिका के सुप्रीम कोर्ट ने वेनेजुएला के निर्वासन पर निचली अदालत के रोक के फैसले को पलट दिया। सुप्रीम कोर्ट ने फैसला सुनाया कि ट्रंप प्रशासन युद्धकालीन शक्तियों के आधार पर वेनेजुएला के प्रवासियों को निर्वासित करना जारी रख सकता है। शीर्ष अदालत ने निचली अदालत के फैसले पर अस्थाई तौर पर रोक लगा दी। द गार्जियन इंटरनेशनल अखबार की खबर के अनुसार, सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप कथित आपराधिक गिरोह के सदस्यों को वेनेजुएला निर्वासित करने के लिए 1798 के कानून (एलियन एनिमीज एक्ट-1798) का उपयोग करना जारी रख सकते हैं। सुप्रीम कोर्ट ने अपना फैसला सुनाया। शीर्ष अदालत ने कहा कि इस कानून को चुनौती टेक्सास में दी जानी चाहिए थी, क्योंकि प्रवासियों को वहीं रखा गया था, न कि वाशिंगटन डीसी में। शीर्ष अदालत के 5-4 के फैसले में, ट्रंप प्रशासन के अनुरोध को स्वीकार कर लिया कि वह वाशिंगटन डीसी स्थित न्यायाधीश के आदेश पर प्रतिबंध लगाए। ट्रंप ने सोशल मीडिया पर शीर्ष अदालत के फैसले का जश्न मनाया। उन्होंने ट्रुथ सोशल पर लिखा, सुप्रीम कोर्ट ने हमारे देश में कानून के शासन को बरकरार रखा है।

जापान में मेडिकल हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त, तीन लोगों की मौत

टोक्यो। जापान के दक्षिण-पश्चिमी तट के पास एक मेडिकल हेलीकॉप्टर समुद्र में दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसमें तीन लोगों की मौत हो गई। कोस्ट गार्ड ने इसकी पुष्टि की। जानकारी के अनुसार, हेलीकॉप्टर नागासाकी क्षेत्र के त्सुशिमा द्वीप से फुकुओका शहर के एक अस्पताल की ओर जा रहा था। हेलीकॉप्टर में कुल छह लोग सवार थे, जिनमें एक 86 वर्षीय बुजुर्ग महिला मरीज, उनका 68 वर्षीय परिजन, एक 34 वर्षीय डॉक्टर, पायलट, मैकेनिक और एक नर्स शामिल थे। दुर्घटना के कुछ घंटों बाद कोस्ट गार्ड की एक गश्ती नौका ने हेलीकॉप्टर का मलबा और सभी छह यात्रियों को समुद्र में खोज निकाला। कोस्ट गार्ड के अनुसार, मरीज, उनके परिजन और डॉक्टर अचेत अवस्था में पाए गए और बाद में उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। अन्य तीन लोग पायलट, मैकेनिक और नर्स होश में थे और हेलीकॉप्टर के मलबे से चिपके हुए मिले।

नेपाल में राजशाही की बहाली की मांग - फिर सड़कों पर उतरेगी आरपीपी, हाई अलर्ट पर पुलिस

एजेंसी

काठमांडू । नेपाल की राजशाही समर्थक राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी (आरपीपी) मंगलवार को राजधानी में फिर प्रदर्शन करने जा रही है। इस बार उसने बल्खू में विरोध प्रदर्शन करने की घोषणा की है। आरपीपी राजशाही की बहाली और पुलिस हिरासत में पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं की रिहाई की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन करने जा रही है। इससे पहले काठमांडू के तिनकुने इलाके में 28 मार्च को राजशाही समर्थक प्रदर्शन उग्र हो उठा था। सुरक्षाकर्मियों और राजशाही समर्थक प्रदर्शनकारियों के बीच हिंसक झड़पों में दो लोगों की मौत हो गई और सैकड़ों लोग घायल हो गए। स्थानीय मीडिया की रिपोर्ट के अनुसार, इस घटना के सिलसिले में कई नेताओं और राजशाही समर्थकों को गिरफ्तार किया गया है। नेपाल में राजशाही को फिर से स्थापित करने

के मिशन के साथ गठित संयुक्त जन आंदोलन के समन्वयक नबराज सुबेदी को घर में नजरबंद रखा गया है। जबकि आरपीपी के नेता उपाध्यक्ष रवींद्र मिश्रा और महासचिव धवल शमशेर राणा पुलिस हिरासत में हैं। सरकार और राजशाही दोनों ही खेमे तिनकुने विरोध प्रदर्शन के दौरान हिंसा भड़काने के लिए एक-दूसरे पर आरोप लगा रहे हैं। आरपीपी का मंगलवार को विरोध प्रदर्शन 'स्थिति बदलने के लिए व्यवस्था बदलें' के नारे के तहत आयोजित किया जाएगा। प्रदर्शन का नेतृत्व पार्टी अध्यक्ष राजेंद्र लिंगडेन करेंगे। इस विरोध प्रदर्शन को राजशाही समर्थक समूह ज्वाइंट पीपुल्स मूवमेंट का भी समर्थन प्राप्त होगा।

नेपाल पुलिस के प्रवक्ता दिनेश कुमार आचार्य ने नेपाल के प्रमुख दैनिक काठमांडू पोस्ट को बताया कि आरपीपी प्रदर्शन को देखते हुए पुलिस के 2,000 से अधिक कर्मियों को तैनात किया जाएगा। एक अन्य वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा, हमें उम्मीद है कि संसद में 14 सीटें रखने वाली पार्टी का यह प्रदर्शन शांतिपूर्ण रहेगा। अधिकारियों ने चेतावनी दी कि अगर कोई प्रदर्शनकारी तोड़फोड़ या आगजनी करता है तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

डोनाल्ड ट्रंप ने दी चीन पर 50 प्रतिशत अतिरिक्त टैरिफ लगाने की धमकी

एजेंसी

न्यूयॉर्क । राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने चीन को 50 प्रतिशत अतिरिक्त टैरिफ लगाने की धमकी दी है, जिससे कुल टैरिफ उत्पादों के मूल्य से भी अधिक हो जाएंगे। साथ ही, वे दुनिया भर के देशों पर बराबरी का टैक्स लगाने की अपनी नीति को और मजबूती दे रहे हैं। उन्होंने ट्रुथ सोशल पर लिखा कि अगर चीन ने 8 अप्रैल 2025 तक अपने 34 प्रतिशत टैरिफ वृद्धि को वापस नहीं लिया, तो अमेरिका 9 अप्रैल से चीन पर 50फीसदी अतिरिक्त टैरिफ लगाएगा। ट्रंप ने यह भी कहा कि वह बीजिंग के साथ शुल्कों पर किसी भी बातचीत को खत्म कर देंगे। अन्य शुल्कों के साथ मिलकर, कुल टैरिफ 104 प्रतिशत तक पहुंच जाएगा। अगर अमेरिका-चीन टैरिफ विवाद में कोई भी पक्ष पीछे नहीं हटा, तो आयातित उत्पादों की कीमत से अधिक शुल्क का अमेरिकी उपभोक्ताओं पर बुरा असर पड़ सकता है, जो रोजमर्रा की कई चीजों के लिए चीन पर निर्भर हैं। ट्रंप का यह बयान चीन के उस ऐलान के जवाब में था, जिसमें उसने अमेरिकी आयात पर 34 प्रतिशत शुल्क लगाने की घोषणा की थी। पारस्परिक शुल्कों में किसी भी रुकावट से इनकार करते हुए ट्रंप ने पत्रकारों से कहा, हम इस पर विचार नहीं कर रहे हैं।

इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के साथ बैठक के बाद बोलते हुए उन्होंने कहा, मुझे इससे गुजरने में कोई आपत्ति नहीं है, क्योंकि मुझे अंत में एक खूबसूरत तस्वीर दिखाई देती है। ट्रंप की धमकियों के बीच अमेरिकी शेयर बाजारों ने पिछले हफ्ते अपनी तेज गिरावट को रोका, जिसमें नैस्डैक ने 0.1 प्रतिशत की मामूली बढ़त हासिल की, जबकि व्यापक एसएंडपी इंडेक्स में केवल 0.23 प्रतिशत की गिरावट आई।

म्यांमारः विनाशकारी भूकंप के बाद महसूस किए गए 98 झटके

एजेंसी

यांगून । म्यांमार में आए विनाशकारी भूकंप के बाद से अब तक कुल 98 झटके महसूस किए गए हैं। देश के मौसम विज्ञान और जल विज्ञान विभाग ने मंगलवार को यह जानकारी दी। इन झटकों की तीव्रता 2.8 से 7.5 तक थी। म्यांमार में आए 7.7 तीव्रता के भूकंप में मरने वालों की संख्या बढ़कर 3,600 हो गई है, 5,017 लोग घायल हुए हैं और 160 लोग अभी भी लापता हैं। समाचार सिन्हुआ के अनुसार, राज्य प्रशासन परिषद की सूचना टीम ने यह जानकारी दी। दक्षिण-पूर्व एशियाई देश के मांडले क्षेत्र में 28 मार्च को शक्तिशाली भूकंप आया, जिसके कुछ ही मिनट बाद 6.4 तीव्रता का दूसरा झटका आया, जिससे जानमाल की भारी हानि हुई। भूकंप ने मंडाले जैसे कई शहरों को तबाह कर दिया। संयुक्त राष्ट्र समेत अन्य अंतरराष्ट्रीय सहायता संगठनों को राहत और बचाव कार्य चलाने में काफी संघर्ष करना पड़ा। हालांकि, यूएन, अमेरिका, भारत, यूरोपीय संघ, कई अन्य देशों और अंतरराष्ट्रीय संगठनों ने म्यांमार में भूकंप पीड़ितों के लिए सहायता और बचाव दल भेजे। भारत

ने 'ऑपरेशन ब्रह्मा' शुरू किया। इस अभियान के तहत नई दिल्ली ने म्यांमार को कई टन चिकित्सा आपूर्ति और राहत सामग्री भेजी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस आपदा पर गहरा दुख व्यक्त किया और इस संकट के दौरान म्यांमार को सहायता प्रदान करने की भारत की प्रतिबद्धता दोहराई। 4 अप्रैल को प्रधानमंत्री मोदी ने बैंकॉक में बिम्सटेक शिखर सम्मेलन के दौरान म्यांमार के राज्य प्रशासन परिषद के अध्यक्ष और प्रधानमंत्री, सीनियर जनरल मिन आंग ह्लाइंग, से मुलाकात की। दोनों ने म्यांमार में आए विनाशकारी भूकंप के बाद की स्थिति पर चर्चा की। सीनियर जनरल ने भारत के सहायता प्रयासों के लिए आभार व्यक्त किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि प्रथम प्रतिक्रियादाता के रूप में भारत इस संकट के समय में म्यांमार के साथ खड़ा है और जरुरत पड़ने पर अधिक भौतिक सहायता और संसाधन तैनात करने के लिए तैयार है।

ट्रंप ने न्यूक्लियर तनाव के बीच ईरान के साथ सीधी बातचीत की घोषणा की

एजेंसी

वाशिंगटन । अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि अमेरिका और ईरान के बीच सीधी बातचीत हो रही है और पहली बैठक शनिवार को होने वाली है, जो लगभग शीर्ष स्तर पर होगी। उन्होंने कहा कि समझौते पर पहुंचने में विफलता से तेहरान को बहुत बड़ा खतरा हो जाएगा, क्योंकि उसे परमाणु हथियार रखने की अनुमति नहीं दी जा सकती। अमेरिकी राष्ट्रपति ने वार्ता के स्थान या इसमें शामिल होने वाले अधिकारियों के बारे में कोई संकेत नहीं दिया। हालांकि उन्होंने इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के साथ एक समाचार सम्मेलन में कई बार कहा कि वार्ता बहुत शीर्ष स्तर पर और लगभग उच्चतम स्तर पर होगी। ट्रंप की घोषणा ऐसे समय में हुई है जब उन्होंने पहली बार वार्ता के लिए सार्वजनिक निमंत्रण के साथ प्रक्रिया शुरू की थी, जिसे ईरानी सर्वोच्च नेता अयातुल्ला खामेनेई ने अस्वीकार कर दिया था। ट्रंप ने ईरान पर अधिकतम दबाव की नीति अपनाई, जिसकी शुरुआत उन्होंने अपने पहले कार्यकाल में 2015 के जेसीपीओए

(संयुक्त व्यापक कार्य योजना - जिसे ईरान समझौता भी कहा जाता है) को रद्द करके की थी। यह समझौता राष्ट्रपति बराक ओबामा द्वारा संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के पी5 सदस्य देशों अमेरिका, यूके, फ्रांस, चीन और रूस और जर्मनी (+1) और ईरान के बीच कराया गया था। इसके तहत ईरान के परमाणु हथियार कार्यक्रम को रोकने के बदले में संयुक्त राष्ट्र के कठोर प्रतिबंध हटाए गए थे। ट्रंप ने कहा, हमारी ईरान से सीधी बातचीत चल रही है, जो शनिवार से शुरू होगी। हमारी एक बहुत बड़ी बैठक है, और हम देखेंगे कि क्या हो सकता है। और मुझे लगता है कि हर कोई सहमत है कि एक समझौता करना, स्पष्ट कार्रवाई करने से बेहतर होगा।

बडे पैमाने पर शरणार्थियों का निर्वासन जारी, अफगानियों की दुकानें, होटल बंद

एजेंसी

रावलपिंडी । पाकिस्तान सरकार बड़े पैमाने पर अफगान शरणार्थियों को उनके देश वापस भेज रही है। इसके नतीजे अब दिखने भी लगे हैं। रावलपिंडी शहर और छावनी क्षेत्रों के वाणिज्यिक केंद्रों में अफगानियों के व्यवसाय बंद होने शुरू हो गए हैं। स्थानीय मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, पाकिस्तान ने 31 मार्च की समय-सीमा की समय सीमा समाप्त होने के बाद निर्वासन प्रक्रिया तेज कर दी। हजारों अफगान शरणार्थियों को वापस अफगानिस्तान भेज दिया गया है। सरकार की यह कोशिश पाकिस्तान में दशकों से रह रहे अफगानियों के लिए बड़ी परेशानी लेकर आई है। इनमें से कई ऐसे लोग भी शामिल हैं जो पाकिस्तान में ही जन्मे हैं और कभी अफगानिस्तान में नहीं रहे। देश के प्रमुख दैनिक 'द एक्सप्रेस ट्रिब्यून' के अनुसार, रावलपिंडी में अफगान दुकानदारों ने अपना सामान बेचने में लगे और

अपनी दुकानें बंद कर रहे हैं। इनमें से कई गायब हो गए हैं। शहर के विभिन्न क्षेत्रों में कई अफगानियों की दुकानें या तो बंद हो गई हैं या बेच दी गई हैं। शहर और छावनी में कई प्रसिद्ध अफगान होटल अब चालू नहीं हैं। कुछ निर्वासित लोगों ने कहा कि उन्हें काम करते समय पाकिस्तानी पुलिस ने गिरफ्तार किया और अफगानिस्तान भेज दिया जबकि उनका परिवार पीछे छूट गया।

अफगान मीडिया आउटलेट टोलो न्यूज ने निर्वासित गुल मोहम्मद के हवाले से बताया, ÷मैं फल बाजार में एक छोटा सा होटल व्यवसाय चलाता था। पुलिस ने मुझ पर छापा मारा, मुझे खैबर पख्तूनख्वा के हाजी कैंप में चार रातों तक हिरासत में रखा और अब मुझे तोरखम के रास्ते निर्वासित कर दिया है।' पाकिस्तान के प्रमुख दैनिक डॉन ने एक आधिकारिक रिपोर्ट के हवाले से बताया कि रविवार रात को कुल 4,966 अफगान शरणार्थी अफगानिस्तान के लिए रवाना हुए। इस बीच, प्रत्यावर्तन प्रक्रिया से जुड़े अधिकारियों ने कहा कि चूंकि निर्वासन प्रक्रिया देर रात तक जारी रही, इसलिए रवाना हुए अफगान शरणार्थियों की संख्या का खुलासा बाद में किया जाएगा। पाकिस्तान की निर्वासन नीति की कई अंतरराष्ट्रीय संगठनों ने इस कृत्य की निंदा की है। उन्होंने अफगानिस्तान में अनिश्चितताओं के बीच शरणार्थियों के लौटने पर उनके सामने आने वाले गंभीर जोखिमों पर चिंता जताई।

पाकिस्तान सुप्रीम कोर्ट का ट्रायल कोर्ट को मई, 2022 के दंगों से जुड़े लंबित मामले चार महीने के भीतर निपटाने का निर्देश

एजेंसी

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के सुप्रीम कोर्ट ने ट्रायल कोर्ट को मई, 2022 के दंगों से जुड़े लंबित मामलों को चार महीने के भीतर निपटाकर फैसला सुनाने का निर्देश दिया है। पाकिस्तान के मुख्य न्यायाधीश (सीजेपी) याह्या अफरीदी की अध्यक्षता वाली तीन सदस्यीय पीठ ने मंगलवार को यह आदेश आज पंजाब सरकार की याचिका पर सुनवाई के दौरान दिया। याचिका में 9 मई की घटना के संदिग्धों की जमानत रद्द करने की मांग की गई थी। इस दौरान संदिग्धों के वकीलों में से एक ने सवाल उठाया कि चार महीने में मुकदमा कैसे पूरा किया जा सकता है। इस पर सीजेपी ने टिप्पणी की, मर्दन में मशाल खान की हत्या का मामला था, उस समय मैं पेशावर उच्च न्यायालय का मुख्य न्यायाधीश था। मशाल खान हत्या मामले की सुनवाई तीन महीने में पूरी हुई थी। आतंकवाद निरोधी अदालत ऐसा करने में सक्षम है।शीर्ष अदालत ने कल की सुनवाई के दौरान ट्रायल कोर्ट को 9 मई के संदिग्धों की जमानत रद्द करने से संबंधित कुछ मामलों में तीन महीने के भीतर निर्णय लेने का निर्देश दिया था। भ्रष्टाचार के एक मामले में इस्लामाबाद हाई कोर्ट (आईएचसी) के परिसर से पीटीआई के संस्थापक इमरान खान की गिरफ्तारी से दंगे भड़क उठे थे। दंगाइयों ने लाहौर में कोर कमांडर हाउस और रावलपिंडी में जनरल हेडक्वार्टर (जीएचक्यू) सहित नागरिक और सैन्य प्रतिष्ठानों को निशाना बनाया। इसके बाद गिरफ्तार किए गए पीटीआई नेताओं और कार्यकर्ताओं में से कई लोगों को जमानत पर रिहा किया जा चुका है।

ऑपरेशन ब्रह्माः भारत ने भूकंप प्रभावित म्यांमार को 442 टन खाद्य सहायता पहुंचाई

एजेंसी

यांगून। भूकंप से तबाह म्यांमार को मानवीय सहायता जारी रखते हुए भारत ने चल रहे 'ऑपरेशन ब्रह्मा' के तहत अतिरिक्त 442 टन खाद्य सहायता पहुंचाई। राहत सामग्री लेकर भारतीय नौसेना का जहाज घड़ियाल म्यांमार के थिलावा बंदरगाह पहुंचा। म्यांमार में भारतीय राजदूत अभय ठाकुर ने इसे औपचारिक रूप से यंगून के मुख्यमंत्री यू सोई थीन और उनकी टीम को सौंप दिया। यंगून में भारतीय दूतावास ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पोस्ट किया, 'प्रभावित लोगों की जरूरतों को पूरा कर रहे हैं। भारतीय नौसेना के लैंडिंग शिप टैंक आईएनएस घड़ियाल द्वारा लाई गई खाद्य सहायता (चावल, खाना पकाने का तेल, नूडल्स और बिस्कुट) की एक बड़ी खेप थिलावा बंदरगाह पर पहुंची। राजदूत अभय ठाकुर ने इसे यंगून के सीएम यू सोई थीन और उनकी टीम को सौंप दिया। भारत ने 28 मार्च को म्यांमार में आए

विनाशकारी 7.7 तीव्रता के भूकंप के बाद खोज और बचाव (एसएआर), मानवीय सहायता, आपदा राहत और चिकित्सा सहायता सहित आवश्यक सहायता प्रदान करने के लिए ऑपरेशन ब्रह्मा शुरू किया। अपने पड़ोस में संकट के समय फर्स्ट रिस्पांडर के रूप में कार्य करते हुए, भारत ने 1 अप्रैल तक 625 टन मानवीय सहायता और आपदा राहत (एचएडीआर) सामग्री पहुंचाने के लिए छह विमान और पांच नौसैनिक जहाज भेजे थे। पीएम मोदी ने बैंकॉक में बिम्सटेक शिखर सम्मेलन के दौरान म्यांमार के प्रधानमंत्री और राज्य प्रशासन परिषद के अध्यक्ष वरिष्ठ जनरल मिन आंग ह्लाइंग से मुलाकात की और देश में आए विनाशकारी भूकंप के बाद की स्थिति पर चर्चा की। वरिष्ठ जनरल ने मानवीय सहायता, आपदा राहत और चिकित्सा सहायता प्रदान करने के लिए ऑपरेशन ब्रह्मा के तहत भारत द्वारा किए जा रहे प्रयासों के लिए आभार व्यक्त किया। प्रधानमंत्री ने संदेश दिया कि संकट के इस समय में भारत म्यांमार के साथ खड़ा है और जरूरत पड़ने पर और अधिक भौतिक सहायता और संसाधन तैनात करने के लिए तैयार है। पीएम मोदी ने समावेशी और विश्वसनीय चुनावों के माध्यम से लोकतांत्रिक प्रक्रिया की जल्द बहाली के महत्व को भी रेखांकित किया था।

जल सुरक्षा के लिए मुस्तैद, असम के 'जलदूत'

एजेंसी

संयुक्त राष्ट्र। भारत के पूर्वोत्तर राज्य असम में संयुक्त राष्ट्र बाल कोष (यूनीसेफ़) ने, पेयजल की समस्या से निपटने के लिए, भारत सरकार के जल जीवन मिशन के तहत, जलदूत नामक एक कार्यक्रम आरम्भ किया गया है. इसका नेतृत्व युवा छात्र कर रहे हैं, जिन्हें अपने समुदाय में स्वच्छता, साफ़-सफ़ाई एवं सुरक्षित पेयजल सुनिश्चित करने का प्रशिक्षण दिया गया है. नौवीं कक्षा का छात्र, अभिजीत पातर अपने गाँव के एक बुज़ुर्ग को टोकते हुए कहता है, 'अंकल, यह पानी पीने और घरेलू उपयोग के लिए है! सरकार हर दिन प्रति व्यक्ति 55 लीटर पानी प्रदान करती है ताकि सभी को सुरक्षित पेयजल मिल सके. 'अभिजीत पातर की यह प्रतिक्रिया, उस कार्यक्रम के प्रभाव का आईना है , जो यूनीसेफ़ ने भारत सरकार के जल जीवन मिशन के सहयोग से असम में आरम्भ किया है. इस पहल के तहत, बच्चों को स्वच्छ पेयजल, और साफ़-सफ़ाई का दूत बनाया गया है.अभिजीत पातर भी असम के इन्हीं तीन लाख जलदूतों में से एक हैं, जिसे इस पहल के तहत, सुरक्षित पानी, स्वच्छता एवं स्वास्थ्य सेवाओं में प्रशिक्षित किया गया है. उ UNICEF India युवा नेतृत्व जलदूत कार्यक्रम में, पारम्परिक जागरूकता पहल से अलग हटकर, विद्यार्थियों को अपने समुदायों में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए सशक्त बनाया जाता है. इससे न केवल स्वच्छ पानी तक पहुँच सुनिश्चित होती है, बल्कि स्वच्छता व उचित स्वास्थ्य तौर-तरीक़ों को भी बढ़ावा दिया जाता है.इन युवा जलदूतों को असम राज्य की 7,000 जल शालाओं में प्रशिक्षण दिया गया है. यहाँ वे घरेलू नल कनेक्शन, जल, स्वच्छता व स्वास्थ्य की पैरोकारी के अलावा ज़मीनी स्तर पर व्यवहार परिवर्तन को बढ़ावा देना सीखते हैं.मई, 2023 में शुरू हुई यह पहल, भारत के जल संकट को दूर करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है.यूनीसेफ़ की एक रिपोर्ट के मुताबिक़, देश के 718 ज़िलों में से दो-तिहाई ज़िले, भूजल की कमी का सामना कर रहे हैं. इससे निपटने के लिए 2019 में जल जीवन मिशन शुरु किया गया, जिसका उद्देश्य, हर घर में पाइप के ज़रिए जल प्रदान करना है.इसी मिशन के अन्तर्गत आरम्भ किए असम के अनोखे जलदूत मॉडल में, छात्रों को शामिल करके और सार्वजनिक भागेदारी को बढ़ावा देकर, सतत जल प्रबन्धन सुनिश्चित करने के प्रयास किए जा रहे हैं.चुनौतियों से पार उ UNICEF India मोरीगाँव में जल जीवन मिशन के ज़िला समन्वयक, शिक्षा और विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के प्रशिक्षकों के सहयोग से, जलशालाओं और जलअड्डों के ज़रिए, जलदूतों के संगठन के प्रशिक्षण का संचालन करते हैं।

ट्रंप और नेतन्याहू ने व्हाइट हाउस में गाजा बंधकों और टैरिफ पर चर्चा की

वाशिंगटन । अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने व्हाइट हाउस में मुलाकात की। इस मुलाकात में गाजा बंधक संकट और इजरायली वस्तुओं पर अमेरिकी टैरिफ पर चर्चा हुई। पत्रकारों से बातचीत के दौरान, ट्रंप ने गाजा में बंधकों की रिहाई को सर्वोच्च प्राथमिकता बताया। उन्होंने चल रही वार्ताओं के बारे में आशा व्यक्त की, लेकिन कोई विशिष्ट विवरण नहीं दिया। ट्रंप ने कहा, हम प्रगति कर रहे हैं। मुझे विश्वास है कि हम जल्द ही सभी बंधकों को घर वापस ले आएंगे।

कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने बीएपीएस श्री स्वामीनारायण मंदिर, टोरंटो में की आध्यात्मिक यात्रा

एजेंसी

टोरंटो । कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने श्रीराम जन्मोत्सव एवं श्री स्वामीनारायण जयंती के पावन पर्व पर बीएपीएस श्री स्वामीनारायण मंदिर, टोरंटो का दिव्य और भक्ति-भावनाओं से परिपूर्ण दर्शन किया। यह शुभ अवसर भगवान श्रीराम और भगवान श्री स्वामीनारायण की पवित्र जयंती का संयुक्त उत्सव था। प्रधानमंत्री का स्वागत वैदिक परंपरा के अनुसार नाड़ा-छड़ी (पवित्र सूत्र) बांधकर तथा पुष्पमालाओं से किया गया। वरिष्ठ बीएपीएस संतों ने उन्हें मंदिर की आध्यात्मिक गरिमा से परिचित कराया। प्रधानमंत्री ने नीलकंठवर्णी महाराज का अभिषेक कर देश-विदेश में शांति, सद्भावना और समृद्धि की मंगलकामना की। मंदिर की भव्यता, कलात्मक पत्थर की नक्काशी और आध्यात्मिक वातावरण से प्रधानमंत्री अभिभूत हो गए। उन्होंने श्रद्धा से आरती में भाग लिया और श्रीहरि को फूल व फल अर्पित किए। इस दिव्य यात्रा की विशेष

झलक तब देखने को मिली जब उन्हें परम पूज्य महंत स्वामी महाराज द्वारा रचित 'सत्संग दीक्षा' ग्रंथ की बहुभाषी विशेष प्रति भेंट की गई। भारत से भेजे गए पूज्य महंत स्वामी महाराज के आशीर्वाद-पत्र को प्रधानमंत्री की उपस्थिति में पढ़ा गया। इस संदेश में स्वामी श्री ने प्रधानमंत्री के सत्प्रेरणादायक नेतृत्व, कनाडा की समृद्धि एवं संपूर्ण मानवता के कल्याण हेतु मंगलकामनाएं व्यक्त कीं।

इस अवसर पर भाव-विभोर होकर प्रधानमंत्री ने अतिथि-पुस्तिका में लिखाः

'आपकी प्रार्थनाओं और प्रेमपूर्ण सत्कार के प्रति मैं अपनी गहन कृतज्ञता व्यक्त करता हूं।

मैं पूरी निष्ठा और प्रतिबद्धता से यह संकल्प करता हूँ कि कनाडा, भारत और समस्त विश्व में शांति, एकता, सौहार्द और समृद्धि को प्रोत्साहित करता रहूंगा। प्रधानमंत्री कार्नी ने बीएपीएस मंदिर के सामाजिक योगदानों की भूरि-भूरि प्रशंसा की, जिसमें समाज सेवा, अंतरधार्मिक सद्भाव, सांस्कृतिक मूल्यों का संरक्षण तथा युवा पीढ़ी के निर्माण में मंदिर की प्रेरणादायी भूमिका शामिल है। उन्होंने मंदिर को कनाडा की राष्ट्रीय एकता, स्वयंसेवा और शांति का प्रकाशस्तंभ बताया। प्रस्थान से पूर्व प्रधानमंत्री ने समुदाय के सदस्यों एवं हिंदू नेताओं से आत्मीय संवाद किया और विविधता, समावेशिता एवं सांस्कृतिक एकता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दृढ़तापूर्वक दोहराया।

कौमी पत्रिका

संपादक-गुरचरन सिंह बब्बर

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक, गुरचरन सिंह बब्बर ने कौमी पत्रिका प्रिंटिंग प्रेस, सेक्टर ए-4/ए-144 इंडस्ट्रीयल एरिया ट्रोनिका सिटी लोनी (गाजियाबाद), उत्तर प्रदेश से छापकर प्रकाशित किया।

Corporate Office:
5, Bahadurshah Zafar Marg
ITO, New Delhi-110002

फोन : 011-41509689, 23315814
मोबाइल नंबर : 9312262300

E - mail address :
qpatrika@gmail.com
Website: www.qaumipatrika.in

R.N.I. No.
UP-HIN/2007/21472

Legal Advisors:
Advocate Mohd. Sajid
Advocate Dr. A.P.Singh
Advocate Manish Sharma
Advocate Pooja Bhaskar Sharma

कुपोषण का प्रबंधन और बच्चों में मोटापे पर केंद्रित रहेगा 7वां पोषण पखवाड़ा



एजेंसी

नई दिल्ली। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय 08 से 22 अप्रैल तक 7वें पोषण पखवाड़े का आयोजन करेगा। इस वर्ष के पोषण पखवाड़े में चार प्रमुख थीमों- जीवन के पहले 1000 दिनों पर ध्यान केंद्रित करना, पोषण ट्रैकर के लाभार्थी/नागरिक मॉड्यूल को लोकप्रिय बनाना, सीएमएएम के माध्यम से कुपोषण का प्रबंधन और बच्चों में मोटापे को दूर करने के लिए स्वस्थ जीवनशैली पर जोर दिया जाएगा। यह जानकारी केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने एक बयान में दी। बयान में कहा गया है कि इस वर्ष का पोषण पखवाड़ा सामग्री, वितरण, आउटरीच और परिणामों को मजबूत करने में सहायक होगा। व्यापक मिशन सक्षम आंगनवाड़ी और पोषण 2.0 के हिस्से के रूप में यह पहल बीमारियों और कुपोषण के खिलाफ स्वास्थ्य, कल्याण और प्रतिरक्षा को बढ़ावा देने पर केंद्रित है। पोषण पखवाड़े का उद्घाटन के अवसर पर महिला एवं बाल विकास राज्यमंत्री सावित्री ठाकुर वेबकास्ट के माध्यम से 18 साझेदार मंत्रालयों के राज्य महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों तथा सभी राज्यों एवं केंद्रशासित प्रदेशों की आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को संबोधित करेंगी।

दोस्ती तोड़ने पर गुस्साए युवक ने मारा था युवती को चाकू

एजेंसी

नई दिल्ली। दक्षिण पश्चिम जिले के दिल्ली कैंट के किर्बी पैलेस इलाके में रात दोस्ती तोड़ने पर गुस्साए सनकी युवक ने बीच सड़क पर युवती को चाकू मारा था। युवती से पूछताछ के बाद इस बात खुलासा हुआ है। वहीं आरोपित ने पीड़िता पर चाकू से हमला करने के बाद आत्महत्या के इरादे से खुद पर भी चाकू से कई वार किए थे। राहगीरों ने मामले की सूचना पुलिस को दी। दिल्ली कैंट थाना पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां दोनों का उपचार चल रहा है। पुलिस ने मामले में हत्या का प्रयास सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। दक्षिण पश्चिम जिले के डीसीपी सुरेंद्र चौधरी ने बताया कि युवक को उपचार के बाद गिरफ्तार किया जाएगा। डीसीपी ने बताया कि 19 वर्षीय पीड़िता परिवार के साथ ओल्ड नांगल राय, पंखा रोड, दिल्ली कैंट में रहती है। जबकि आरोपित 20 वर्षीय अमित अपने परिवार के साथ 1/64, सदर बाजार, दिल्ली कैंट में रहता हैं। युवती, उसका भाई और आरोपित तीनों सदर बाजार, दिल्ली कैंट स्थित साड़ी की दुकान वरुण साड़ी पर सेल्स का काम करते हैं। तीनों की अच्छी दोस्ती है और उनका एक दूसरे के घर आना जाना है। पुलिस सूत्रों के अनुसार युवती और आरोपित अमित के बीच पिछले एक साल से दोस्ती थी।

लूट-डकैती में शामिल दो कुख्यात बदमाश गिरफ्तार

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने लूट-डकैती, चोरी और हत्या की कोशिश आदि जघन्य अपराधों में शामिल दो कुख्यात बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पुलिस टीम ने इनके पास से दो पिस्तौल और 6 जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। स्पेशल सेल के डीसीपी अमित कौशिक ने बताया कि आरोपितों को एसीपी कैलाश सिंह बिष्ट की निगरानी में इंस्पेक्टर राहुल कुमार और विनीत कुमार तेवतिया के नेतृत्व में ट्रांस यमुना रेंज की टीम ने गिरफ्तार किया है। पकड़े गए बदमाशों की पहचान गौतमपुरी निवासी आसिफ उर्फ अमन (27) और मेरठ यूपी निवासी आश मोहम्मद उर्फ आशु (34) के तौर पर हुई है। डीसीपी ने बताया कि जघन्य वारदातों में संलिप्त उद्घोषित एवं फरार बदमाशों को पकड़ने के लिए स्पेशल सेल ट्रांस यमुना रेंज की टीमें लगातार काम कर रही हैं।

दिल्ली के लाल किले पर होगा तीन दिवसीय विक्रमादित्य महानाट्य का मंचन

नई दिल्ली। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि अतीत के गौरवशाली इतिहास को जन सामान्य के सामने लाने के लिये दो हजार वर्ष पहले सम्राट विक्रमादित्य के सुशासन के सिद्धांतों पर स्थापित शासन संचालन व्यवस्था और उनकी कीर्ति पर केन्द्रित महानाट्य की प्रस्तुति दिल्ली के लाल किले पर 12 से 14 अप्रैल को होने जा रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का ध्येय वाक्य 'विरासत से विकास की ओर' हमारे लिए एक पाथेय की तरह सिद्ध हो रहा है। हम विकास कार्यों में विरासत को महत्वपूर्ण स्थान दे रहे हैं। मध्य प्रदेश सरकार सुशासन को ध्यान में रखते हुए विकास और जनकल्याण की सभी गतिविधियां संचालित कर रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव नई दिल्ली में विक्रमोत्सव अंतर्गत सम्राट विक्रमादित्य महानाट्य के महामंचन के संबंध में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे।

भारत और उज्बेकिस्तान के बीच गहरे ऐतिहासिक संबंध - ओम बिरला

एजेंसी

नई दिल्ली। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने आज कहा कि भारत और उज्बेकिस्तान के बीच गहरे ऐतिहासिक संबंध हैं और दोनों देश एससीओ, संयुक्त राष्ट्र और ब्रिक्स जैसे विभिन्न बहुपक्षीय मंचों पर एक दूसरे के सहयोगी रहे हैं। उन्होंने पारंपरिक क्षेत्रों के साथ-साथ डिजिटल प्रौद्योगिकी, आर्टिफिशल इंटेलिजेंस, नवीकरणीय ऊर्जा और परमाणु ऊर्जा जैसे उभरते क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के महत्व पर जोर दिया। ताशकंद यात्रा के दौरान लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और भारतीय संसद के शिष्ट मंडल के सदस्यों ने पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि भी अर्पित की।ओम बिरला ने आज अंतर-संसदीय संघ की 150वीं सभा के अवसर पर ताशकंद में उज्बेकिस्तान के राष्ट्रपति शवकत मिर्जीयोयेव के साथ हुई बैठक में यह बात कही। इस दौरान उन्होंने दोनों देशों के संसदीय अधिकारियों को एक-दूसरे की प्रणालियों तथा सर्वोत्तम प्रथाओं को बेहतर ढंग से समझने के लिए संसदीय आदान-

गुरुग्राम।केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह ने दिल्ली में केंद्रीय सडक़ परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से उनके कार्यालय में मुलाकात कर क्षेत्र की विभिन्न योजनाओं पर विस्तृत चर्चा की। इस अवसर पर विभिन्न अधिकारी भी उपस्थित थे। राव ने गडकरी के समक्ष दिल्ली - गुरुग्राम के बीच रोजाना लगने वाले जाम का मुद्दा विशेष रूप से उठाया और धौलकुंआ से मानेसर तक एलिवेटेड रोड बनाने की मांग की। केन्द्रीय सडक़ एवं परिवहन मंत्री नितीन गडकरी ने भी माना कि दिल्ली व गुरुग्राम के बीज रोजाना सुबह व शाम यातायात जाम के बारे में उन्हें पूर्व में ही जानकारी है और वे इस विषय पर बहुत गंभीर है।

उन्होंने कहा कि मंत्रालय की ओर से दिल्ली सरकार के साथ मिलकर दिल्ली के आसपास के राज्यों को जाने वाले मार्गों के चौड़ीकरण व इनके विस्तारीकरण को लेकर एक योजना बना रही है जिसमें गुरुग्राम भी शामिल है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे 3 माह में दिल्ली से गुरुग्राम मानेसर

तक एलिवेटेड रोड , टनल मार्ग आरआरटीएस के साथ बनने वाले एलिवेटेड फ्लाईओवर आदि के संबंध में विस्तृत अध्ययन कर उन्हें रिपोर्ट प्रस्तुत करें। उन्होंने कहा कि अधिकारी मौजूदा रोड की स्थिति के बारे में भी विस्तृत अध्ययन कर तीन माह में रिपोर्ट प्रस्तुत करें कि मौजूदा बने हुए फ्लाईओवर को ही हम एलिवेटेड के रूप में जोडक़र किस प्रकार यातायात को सुचारू बना सकते हैं। उन्होंने वर्तमान स्थिति को देखते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे महिपालपुर फ्लाईओवर पर रोजाना रहने वाले जाम के बारे में एक सप्ताह के अंदर उन्हें रिपोर्ट प्रस्तुत करें। गडकरी ने कहा कि मई के अंत तक द्वारका एक्सप्रेसवे की बन रही टनल को भी यातायात के लिए खोल दिया जाएगा ।

नए कानून से किसानों व दुकानदारों को भी फायदा: लखविंद्र सिंह

सिरसा। भारतीय किसान एकता के प्रधान लखविंद्र सिंह ने कहा कि दुकानदार बीज विक्रेताओं के बहकावे में न आएं। नए कानून से किसानों के साथ-साथ सही काम करने वाले दुकानदारों को भी फायदा होगा। लखविंद्र सिंह ने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि हरियाणा में चुनाव से पहले बीजेपी ने किसानों से वायदा किया था की सीड, पेस्टीसाइड व फर्टिलाइजर का गलत काम करने वाले लोगों के खिलाफ सख्त कानून लेकर आएंगे। हमारी इस विषय में सरकार व उच्चाधिकारियों के साथ कई दौर की बैठकें हुई। पिछले 11 सालों से हरियाणा की सत्ता में स्थापित बीजेपी ने किसानों के हक में पहली बार अच्छा काम किया है। हालांकि हम इस कानून को और सख्त बनाने के हक में हैं, जिससे किसान व किसानी की हो रही बर्बादी को रोका जा सके। इस संशोधन से किसानों को राहत मिलेगी। उन्होंने कहा कि हैरानी की बात तो ये है कि पेस्टीसाइड सीड व फर्टिलाइजर माफिया इतना हावी हो चुका है।

जॉब फेयर-करियर महाविद्यालयों के प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट समन्वयकों की बैठक

एजेंसी

हिसार। गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, हिसार (गुजविप्रौवि) के संबद्ध महाविद्यालयों कॉलेजों के प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट समन्वयकों की बैठक डीन ऑफ कॉलेजिज प्रो. संजीव असीम की अध्यक्षता में तथा गुजविप्रौवि के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल के निदेशक डा. प्रताप सिंह के संयोजन में हुई। बैठक में 18 संबद्ध महाविद्यालयों के 22 प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट समन्वयकों ने सक्रिय भागीदारी की।विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने कैरियर वर्स 2025 की सफलता के लिए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने आशा व्यक्त की कि संबद्ध महाविद्यालय बड़ी संख्या में भाग लेंगे तथा यह सुनिश्चित करेंगे कि उनके विद्यार्थी इस विश्वविद्यालय स्तरीय पहल के माध्यम से उपलब्ध कराए जा रहे अवसरों का पूरा लाभ उठा सकें। बैठक का प्राथमिक एजेंडा 18-19 अप्रैल 2025 को गुजविप्रौवि परिसर में आयोजित होने वाले मेगा जॉब फेयर तथा समर इंटर्नशिप फेयर करियर वर्स 2025 में संबद्ध महाविद्यालयों की अधिकारिक भागीदारी सुनिश्चित करना था। प्लेसमेंट निदेशक डॉ. प्रताप सिंह ने इस आयोजन का विस्तृत अवलोकन प्रस्तुत किया, जिसमें प्रतिष्ठित कंपनियों की भागीदारी, पंजीकरण प्रक्रिया और अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए व्यापक लाभों पर प्रकाश डाला गया। उन्होंने सभी महाविद्यालयों को जॉब फेयर की जानकारी व्यापक रूप से साझा करने और समय पर विद्यार्थियों का पंजीकरण सुनिश्चित करने के लिए प्रोत्साहित किया। डीन ऑफ कॉलेजिज प्रो. संजीव असीम ने संबद्ध महाविद्यालयों के विद्यार्थियों के शैक्षणिक और व्यावसायिक विकास के लिए विश्वविद्यालय की मजबूत प्रतिबद्धता को दोहराया।

PUBLIC NOTICE

It is for general information that I SAHIL RATHEE S/O VIJAY KUMAR R/O 674, Kharhar(21), PO: Kharhar, DIST: Jhajjar Haryana -124501,declare that name of mine and my father has been wrongly written as SAHIL and VIJAY in my 10th class marksheet and pasport no- B9994091 The actual name of mine and my father are SAHIL RATHEE and VIJAY KUMAR which may be amended accordingly.

स्टॉक मार्केट में रेटाज्जियो इंडस्ट्रीज की फीकी शुरुआत, पहले दिन आईपीओ निवेशकों को मामूली मुनाफा

एजेंसी

नई दिल्ली। ज्वेलरी बनाने वाली कंपनी रेटाज्जिओ इंडस्ट्रीज की शेयर बाजार में फीकी लिस्टिंग हुई। आईपीओ के तहत कंपनी के शेयर 25 रुपये के भाव पर जारी किए गए थे। आज बीएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर इसकी लिस्टिंग 10 पैसे के मामूली प्रीमियम के साथ 25.10 रुपये के भाव पर हुई। लिस्टिंग के बाद बिकवाली का दबाव बन जाने के कारण कुछ ही देर में यह शेयर टूट कर 23.85 रुपये के लोअर सर्किट लेवल पर पहुंच गया। हालांकि, बाद में निचले स्तर पर हुई खरीदारी के कारण इस शेयर की ट्रेडिंग दोबारा शुरू हुई। पूरे दिन के कारोबार के बाद ये शेयर 25.50 रुपये के स्तर पर बंद हुआ। इस तरह पहले कारोबारी दिन कंपनी के आईपीओ निवेशकों को 2 प्रतिशत का फायदा हो पाया। रेटाज्जिओ इंडस्ट्रीज का 15.50 करोड़ रुपये का आईपीओ 27 मार्च से 2 अप्रैल के बीच सब्सक्रिप्शन के लिए खुला था। इस आईपीओ को निवेशकों की ओर से एवरेज रिस्पॉन्स मिला था, जिसके कारण ये ओवरऑल 1.86 गुना सब्सक्राइब हुआ था। इनमें रिटेल इन्वेस्टर्स के लिए रिजर्व पोर्शन 2.57 गुना सब्सक्राइब हुआ था। इस आईपीओ के तहत 10 रुपये फेस वैल्यू वाले 61.98 लाख नए शेयर जारी किए गए हैं।

घरेलू रसोई गैस 50 रुपये हुई महंगी, नई कीमतें आधी रात से लागू होंगी

नई दिल्ली। महंगाई के मोर्चे पर आम जनता को जोर का झटका लगा है। केंद्र सरकार ने घरेलू रसोई गैस और उज्जवला योजना के तहत मिलने वाले एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में 50 रुपये प्रति सिलेंडर की बढ़ोतरी की है। नई कीमतें आज आधी रात से लागू हो जाएंगी। केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने नई दिल्ली में आयोजित एक प्रेस कांफ्रेंस में यह ऐलान किया। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस वितरण कंपनियों की ओर से घरेलू रसोई गैस यानी एलपीजी की कीमत में 50 रुपये प्रति सिलेंडर की बढ़ोतरी की गई है। हरदीप सिंह पुरी ने कहा कि उज्ज्वला योजना और सामान्य श्रेणी के घरेलू रसोई गैस के ग्राहकों दोनों के लिए एलपीजी की कीमत में इजाफा किया गया है। केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा, उज्जवला योजना के तहत अब 500 रुपये वाला सिलेंडर 550 रुपये में मिलेगा, जबकि अन्य ग्राहकों के लिए यह 803 रुपये से बढ़कर 853 रुपये प्रति सिलेंडर हो जाएगा। उन?होंने कहा कि यह एक ऐसा कदम है, जिसकी हम आगे बढ़ने के साथ समीक्षा भी करेंगे। पुरी ने कहा कि हम प्रत्येक 2-3 सप्ताह में इसकी समीक्षा करते हैं। इसलिए पेट्रोल और डीजल पर उत्पाद शुल्क में वृद्धि का बोझ उपभोक्ताओं पर नहीं पड़ेगा।

वैश्विक मंदी की आशंका से 4 साल के निचले स्तर पर पहुंचा कच्चा तेल, डब्ल्यूटआई क्रूड 60 डॉलर से भी नीचे लुढ़का

नई दिल्ली,। अमेरिका की टैरिफ पॉलिसी ने दुनिया भर के स्टॉक मार्केट को तबाह करने के साथ ही ग्लोबल मार्केट में क्रूड ऑयल (कच्चा तेल) की कीमतों को भी 4 साल के सबसे निचले स्तर पर पहुंचा दिया है। आज ब्रेंट क्रूड गिर कर 62.53 डॉलर प्रति बैरल के स्तर तक पहुंच गया। इसी तरह वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड भी 60 डॉलर के लेवल से भी नीचे लुढ़क कर 59 डॉलर प्रति बैरल के स्तर तक पहुंच गया। जानकारों का कहना है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की नई टैरिफ पॉलिसी के कारण आर्थिक मंदी का डर बन गया है। ऐसा होने पर क्रूड ऑयल (कच्चा तेल) के ग्लोबल डिमांड में भी कमी आएगी। इसी आशंका की वजह से अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत में लगातार गिरावट का रुख बना हुआ है। माना जा रहा है कि अमेरिका की टैरिफ पॉलिसी की वजह से ट्रेड वॉर शुरू हो सकता है, जिसके कारण आने वाले दिनों में वैश्विक अर्थव्यवस्था बुरी तरह से प्रभावित हो सकती है। वैश्विक अर्थव्यवस्था को लेकर बनी अनिश्चितता के कारण पिछले सप्ताह भी कच्चे तेल की कीमत में करीब 11 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई थी। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत में आई कमी का असर घरेलू शेयर बाजार में ओएनजीसी और ऑयल इंडिया लिमिटेड के शेयरों पर भी पड़ा है।

पेट्रोल-डीजल दो रुपये प्रति लीटर महंगा होगा, सरकार ने बढ़ाई एक्साइज ड्यूटी

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने पेट्रोल और डीजल पर एक्साइज ड्यूटी (उत्पाद शुल्क) 2 रुपये प्रति लीटर बढ़ा दी है। इससे पेट्रोल-डीजल की कीमतें 2 रुपये बढ़ जाएंगी। नई दरें आज रात 12 बजे से ही लागू होंगे। राजस्व विभाग की ओर से जारी अधिसूचना के मुताबिक केंद्र सरकार ने पेट्रोल और डीजल पर उत्पाद शुल्क पर 2-2 रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी कर दी है। अधिसूचना के मुताबिक पेट्रोल और डीजल की नई कीमतें 8 अप्रैल से लागू होंगीं। फिलहाल सरकार पेट्रोल पर 19.90 रुपये और डीजल पर 15.80 रुपये प्रति लीटर उत्पाद शुल्क वसूल रही है। इस इजाफा के बाद पेट्रोल पर उत्पाद शुल्क 21.90 रुपये लीटर और डीजल पर 17.80 रुपये लीटर लगेगी। केंद्र सरकार ने यह फैसला वैश्विक कच्चे तेल क्रूड ऑयल की कीमतों में जारी उतार-चढ़ाव और ट्रंप प्रशासन की ओर से जवाबी टैरिफ के ऐलान के बीच लिया है।

इंफोनेटिव सॉल्यूशन ने आईपीओ निवेशकों को किया निराश, कमजोर लिस्टिंग के बाद लगा लोअर सर्किट

एजेंसी

नई दिल्ली। कॉरपोरेट और एजुकेशन सेक्टर के लिए ई-लर्निंग कंटेंट तैयार करने वाली कंपनी इंफोनेटिव सॉल्यूशंस ने मंगलवार को आईपीओ निवेशकों को काफी निराश किया। कंपनी के शेयर आज बड़ी गिरावट के साथ स्टॉक मार्केट में लिस्ट हुए। कमजोर लिस्टिंग के बाद बिकवाली के दबाव के कारण थोड़ी ही देर में कंपनी के शेयर लोअर सर्किट लेवल पर पहुंच गए। आईपीओ के तहत कंपनी के शेयर 79 रुपये के भाव पर जारी किए गए थे। आज बीएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर इसकी लिस्टिंग 20 प्रतिशत डिस्काउंट के साथ 63.20 रुपये के भाव पर हुई। लिस्टिंग के बाद बिकवाली के दबाव में ये शेयर कुछ ही देर में लुढ़क कर 60.04 रुपये के लोअर सर्किट लेवल पर पहुंच गया। इस तरह पहले कारोबारी दिन ही कंपनी के आईपीओ निवेशकों को 24 प्रतिशत का नुकसान हो गया। इंफोनेटिव सॉल्यूशंस का 24.71 करोड़ रुपये का आईपीओ 28 मार्च से 3 अप्रैल के बीच सब्सक्रिप्शन के

लिए खुला था। इस आईपीओ को निवेशकों की ओर से अच्छा रिस्पॉन्स मिला था, जिसके कारण ये ओवरऑल 4.53 गुना सब्सक्राइब हुआ था। इनमें क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स (क्यूआईबी) के लिए रिजर्व पोर्शन 18.57 गुना सब्सक्राइब हुआ था। इसी तरह नॉन इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर्स (एनआईआई) के लिए रिजर्व पोर्शन में 2.15 गुना सब्सक्रिप्शन आया था। इसके अलावा रिटेल इन्वेस्टर्स के लिए रिजर्व पोर्शन 4.25 गुना सब्सक्राइब हुआ था। इस आईपीओ के तहत 1 रुपये फेस वैल्यू वाले 31.28 लाख नए शेयर जारी किए गए हैं। आईपीओ के जरिए जुटाए गए पैसे का इस्तेमाल नए प्रोडक्ट्स और कोर्सेज तैयार करने, लैपटॉप की खरीदारी करने, वर्किंग कैपिटल की जरूरतों को पूरा करने और आम कॉर्पोरेट उद्देश्यों में किया जाएगा। कंपनी की वित्तीय स्थिति की बात करें तो प्रॉस्पेक्टस में किए गए दावे के मुताबिक 2021-22 में कंपनी को 2.23 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ था। हालांकि 2022-23 में कंपनी का शुद्ध लाभ गिरकर 1.07 करोड़ रुपये के स्तर पर आ गया। इसके बाद स्थिति में सुधार हुआ और 2023-24 में कंपनी का शुद्ध लाभ उछल कर 1.45 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया।

इस दौरान कंपनी के राजस्व में भी उतार चढ़ाव होता रहा। वित्त वर्ष 2021-22 में इसे 18.63 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ। इसी तरह 2022-23 में 20.95 करोड़ रुपये और 2023-24 में 18.08 करोड़ रुपये का राजस्व मिला।

ट्रंप की टैरिफ पॉलिसी से क्रिप्टो मार्केट भी गिरा, 77 हजार डॉलर से भी नीचे आया बिटकॉइन

एजेंसी

नई दिल्ली। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की टैरिफ पॉलिसी के कारण दुनिया भर के स्टॉक मार्केट में हलचल मचने के साथ ही क्रिप्टो करेंसी मार्केट में भी जबरदस्त गिरावट आ गई है। दुनिया की सबसे बड़ी क्रिप्टो करेंसी बिटकॉइन की कीमत लगातार गिरती जा रही है। जनवरी में 1,09,000 डॉलर के स्तर को पार करने वाला बिटकॉइन आज के कारोबार में 76,753 डॉलर के स्तर तक गिर चुका है। अमेरिका में राष्ट्रपति पद के लिए हुए चुनाव प्रचार के दौरान डोनाल्ड ट्रंप ने अमेरिका में स्ट्रैटेजिक क्रिप्टो रिजर्व बनाने और क्रिप्टो से जुड़े नियमों में ढील देने की बात कही थी। इसी वजह से चुनाव परिणाम आने के बाद बिटकॉइन की कीमत में जोरदार तेजी दर्ज की गई थी। चुनाव परिणाम आते ही 6 नवंबर, 2024 को इस क्रिप्टो करेंसी ने पहली बार 75 हजार डॉलर के आंकड़े को पार किया था। इसके बाद लगातार तेजी दिखाते हुए ये क्रिप्टो करेंसी 20 जनवरी, 2025 को अपने सर्वोच्च स्तर 1,09,114.88 डॉलर की ऊंचाई पर पहुंच गई। बिटकॉइन में आई इस तेजी के बाद डोनाल्ड ट्रंप ने रेसिप्रोकल टैरिफ का राग छेड़ना शुरू कर दिया, जिससे ग्लोबल ट्रेड वॉर शुरू होने की आशंका बन गई। इस वजह से स्टॉक मार्केट की तरह ही क्रिप्टो करेंसी मार्केट में भी दबाव बन गया, जिससे बिटकॉइन की चाल में भी गिरावट आने लगी।

फिलहाल डोनाल्ड ट्रंप की टैरिफ पॉलिसी लागू होने के बाद इस क्रिप्टो करेंसी की चाल में जोरदार गिरावट दर्ज की गई है। बिटकॉइन फिलहाल अपने ऑल टाइम हाई लेवल से 29 प्रतिशत से अधिक की गिरावट का शिकार हो चुका है। आज के कारोबार में ये क्रिप्टो करेंसी लुढ़क कर 76,753.35 डॉलर के स्तर तक गिर चुकी है।

स्टॉक मार्केट में स्पिनैरू कॉमर्शियल की मजबूत एंट्री, लिस्टिंग के बाद भाव में उतार चढ़ाव जारी

एजेंसी

नई दिल्ली। पेपर कप-प्लेट बनाने वाली कंपनी स्पिनैरू कॉमर्शियल लिमिटेड की आज शेयर बाजार में प्रीमियम भाव पर लिस्टिंग हुई। आईपीओ के तहत कंपनी के शेयर 51 रुपये के भाव पर जारी किए गए थे। आज बीएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर इसकी एंट्री 3.63 प्रतिशत लिस्टिंग गेन के साथ 52.85 रुपये के भाव पर हुई। लिस्टिंग के बाद खरीदारी के सपोर्ट से कंपनी के शेयर 55 रुपये के भाव तक चढ़ गए। हालांकि बाद में मुनाफा वसूली शुरू हो जाने के कारण इनके भाव में गिरावट आ गई। दोपहर 12 बजे तक के कारोबार के बाद कंपनी के शेयर 52.70 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहे थे। इस तरह कंपनी के आईपीओ निवेशक फिलहाल 3.33 प्रतिशत के फायदे में हैं। स्पिनैरू कॉमर्शियल लिमिटेड का 10.17 करोड़ रुपये का आईपीओ 28 मार्च से 3 अप्रैल के बीच सब्सक्रिप्शन के लिए खुला था। इस आईपीओ को निवेशकों की ओर से एवरेज रिस्पॉन्स मिला था, जिसके कारण ये ओवरऑल 1.52 गुना

सब्सक्राइब हुआ था। इनमें रिटेल इन्वेस्टर्स के लिए रिजर्व पोर्शन 1.20 गुना सब्सक्राइब हुआ था। इस आईपीओ के तहत 10 रुपये फेस वैल्यू वाले 19.94 लाख नए शेयर जारी किए गए हैं। आईपीओ के जरिए जुटाए गए पैसे का इस्तेमाल वर्किंग कैपिटल की जरूरतों को पूरा करने और आम कॉर्पोरेट उद्देश्यों में किया जाएगा। कंपनी की वित्तीय स्थिति की बात करें, तो प्रॉस्पेक्टस में किए गए दावे के मुताबिक 2021-22 में कंपनी को 5.2 लाख रुपये का शुद्ध लाभ हुआ था। 2022-23 में कंपनी का शुद्ध लाभ बढ़ कर 9.3 लाख रुपये हो गया, जबकि 2023-24 में कंपनी का शुद्ध लाभ बढ़ कर 1.4 करोड रुपये के स्तर पर पहुंच गया।

सर्राफा बाजार में सोने में गिरावट जारी, चांदी के भाव में कोई बदलाव नहीं

एजेंसी

नई दिल्ली। घरेलू सर्राफा बाजार में सोने की कीमत में आज भी गिरावट का रुख बना हुआ है। इस गिरावट के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना आज 90,370 रुपये से लेकर 90,520 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 82,840 रुपये से लेकर 82,990 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी के भाव में आज कोई बदलाव नहीं हुआ है।

इस वजह से ये चमकीली धातु दिल्ली सर्राफा बाजार में आज भी 93,900 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर कारोबार कर रही है। देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना 90,520 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 82,990 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 90,370 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 82,840 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 90,370 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 82,840 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर

रहा है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 90,520 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 82,990 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। वहीं पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 90,420 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 82,890 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 90,420 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 82,890 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 90,370 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 82,840 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह

सेबी ने रिलायंस सिक्योरिटीज पर लगाया सात लाख रुपये का जुर्माना

एजेंसी

नई दिल्ली/मुंबई। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने रिलायंस सिक्योरिटीज पर 7 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। ये जुर्माना शेयर ब्रोकर्स के नियमों का पालन न करने के कारण लगाया गया है। सेबी ने अपने आदेश में कहा है कि यह जुर्माना 45 दिनों के भीतर भरना होगा।पूंजी बाजार नियामक का यह निर्देश भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड के 22 दिसंबर, 2022 से 24 जनवरी, 2023 तक पंजीकृत स्टॉक ब्रोकर रिलायंस सिक्योरिटीज का निरीक्षण करने के बाद आया है। इसके तहत यह जांच की गई कि इकाई ने स?टॉक ब्रोकिंग गतिविधियों को संकलित किया है या नहीं। सेबी ने अपनी जांच में पाया कि रिलायंस सिक्योरिटीज ने तीन

मामलों में ग्राहकों को भेजे गए दैनिक मार्जिन ब्योरे में गलत विवरण दिया। इसके अलावा, एक मामले में लेजर बैलेंस को गलत तरीके से रिपोर्ट किया गया था। इसके अलावा पूंजी बाजार नियामक ने पाया कि रिलायंस सिक्योरिटीज ने जोखिम-आधारित पर्यवेक्षण (आरबीएस) के दिशा-निर्देशों का पालन नहीं किया, क्योंकि आरबीएस ब्योरे की रिपोर्टिंग करते समय नकद जमानत के लिए आंकड़ों को नहीं रखा गया था। पूंजी बाजार नियामक ने उल्लेख किया कि ब्रोकिंग कंपनी ने कई मामलों में कुछ ग्राहक को अग्रिम जुर्माना लगाया। नियमों के तहत सदस्य किसी भी परिस्थिति में ग्राहक पर अग्रिम मार्जिन के कम संग्रह के लिए जुर्माना नहीं लगाएंगे। इस तरह की गतिविधियों के जरिए रिलायंस सिक्योरिटीज ने स्टॉक ब्रोकिंग मानदंडों का उल्लंघन किया है। नियामक ने इसके अनुसार उस पर सात लाख रुपये का जुर्माना लगाया है।

जगुआर लैंडरोवर की चौथी तिमाही में बिक्री 1.1 प्रतिशत बढ़ी

एजेंसी

मुंबई। वाहन निर्माता कंपनी टाटा मोटर्स की पूर्ण स्वामित्व वाली कंपनी जगुआर लैंडरोवर (जेएलआर) ने 31 मार्च को समाप्त चौथी और अंतिम तिमाही के दौरान एक लाख 11 हज़ार 413 वाहनों की थोक बिक्री की, जो पिछली तिमाही की तुलना में 6.7 प्रतिशत और सालाना आधार पर 1.1 प्रतिशत अधिक है। कंपनी ने शेयर बजार को बताया कि जेएलआर ने वित्त वर्ष 2024-25 में मजबूत बिक्री के साथ शुद्ध नकदी सकारात्मक स्थिति हासिल की तथा 'रीइमेजिन' रणनीति का प्रमुख लक्ष्य पूरा कर लिया। क्षेत्रीय स्तर पर कंपनी की बिक्री उत्तरी अमेरिका में 14.4 प्रतिशत और यूरोप में 10.9 प्रतिशत बढ़ी, जबकि ब्रिटेन में यह स्थिर रही। हालांकि चीन में थोक बिक्री में 29.4 प्रतिशत की गिरावट और अन्य अंतरराष्ट्रीय बाजारों में 8.1 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। उसने बताया कि खुदरा बिक्री के मोर्चे पर चौथी तिमाही में एक लाख आठ हजार 232 इकाइयों की बिक्री हुई, जो वित्त वर्ष 2024-25 की तीसरी तिमाही की तुलना में 1.8 प्रतिशत अधिक, लेकिन इसके पिछले वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी तिमाही की तुलना में 5.1 प्रतिशत कम रही। कंपनी ने बताया कि सबसे अधिक बिकने वाले मॉडलों रेंज रोवर, रेंज रोवर स्पोर्ट और डिफेंडर का योगदान थोक बिक्री में चौथी तिमाही के दौरान 66.3 प्रतिशत और पूरे वर्ष में 67.8 प्रतिशत रहा, जो कंपनी के प्रीमियम सेगमेंट की स्थिर मांग को दर्शाता है।

तेल कंपनियों की क्षतिपूर्ति के लिए पेट्रोल-डीजल पर उत्पाद शुल्क में की गई वृद्धि : पुरी

एजेंसी

नई दिल्ली। केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा कि पेट्रोल और डीजल पर उत्पाद शुल्क में दो रुपये प्रति लीटर की यह वृद्धि सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों को होने वाले 43 हजार करोड़ रुपये की क्षतिपूर्ति पूरा करने के लिए की गई है, जो उन्हें गैस के हिस्से पर हुए नुकसान के रूप में हुआ है। इसका असर पेट्रोल-डीजल की खुदरा कीमतों पर नहीं होगा। हरदीप सिंह पुरी ने राजधानी नई दिल्ली में एक प्रेस कांफ्रेंस में कहा, आपने वित्त मंत्रालय की एक अधिसूचना देखी होगी, जिसमें कहा गया है कि पेट्रोल और डीजल पर उत्पाद शुल्क में 2 रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी की जा रही है। मैं यह स्पष्ट कर दूं कि इसका बोझ उपभोक्ताओं पर नहीं डाला जाएगा। उन?होंने कहा कि आपने जो उत्पाद शुल्क में वृद्धि देखी है, उसका

बोझ पेट्रोल और डीजल के उपभोक्ताओं पर नहीं पड़ेगा। पेट्रोलियम मंत्री ने कहा कि उत्पाद शुल्क में यह वृद्धि तेल विपणन कंपनियों को 43,000 करोड़ रुपये की क्षतिपूर्ति करने के लिए की गई है, जो उन्हें गैस के हिस्से पर हुए नुकसान के रूप में हुआ है...। हरदीप सिंह ने इस तर्क को स्पष्ट करते हुए कहा कि कच्चे तेल की अंतरराष्ट्रीय कीमत घटकर लगभग 60 डॉलर प्रति बैरल पर आ गई है, लेकिन सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियां 45 दिनों की अवधि के लिए स्टॉक रखती हैं। अगर आप जनवरी में वापस जाएं, तो उस समय कच्चे तेल की कीमत 83 डॉलर प्रति बैरल थी, जो बाद में घटकर 75 डॉलर प्रति बैरल हो गई है। इसलिए उनके पास औसतन 75 डॉलर प्रति बैरल कच्चे तेल का स्टॉक है। हरदीप सिंह पुरी ने कहा कि उत्पाद शुल्क में इस बढ़ोतरी का उद्देश्य पेट्रोल और डीजल के उपभोक्ताओं पर बोझ डालना नहीं है, बल्कि एलपीजी पर होने वाले नुकसान के लिए तेल विपणन कंपनियों की सहायता करना है। उन्होंने कहा, एलपीजी के प्रति सिलेंडर की कीमत 50 रुपये बढ़ जाएगी। पीएमयूवाई लाभार्थियों के लिए यह 500 से 550 रुपये प्रति सिलेंडर हो जाएगी, जबकि अन्य उपभोक?ताओं के लिए यह 803 रुपये प्रति सिलेंड से 853 रुपये हो जाएगी। यह एक ऐसा कदम है, जिसकी हम आगे चलकर समीक्षा करेंगे। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट के बावजूद सरकार ने पेट्रोल और डीजल पर उत्पाद शुल्क दो-दो रुपये प्रति लीटर बढ़ा दिया। हालांकि, पेट्रोलियम मंत्री ने साफ किया है कि पेट्रोल और डीजल की खुदरा कीमतों पर उत?पाद शुल?क के वृद्धि का कोई असर नहीं पड़ेगा। पेट्रोलियम कंपनियों ने उत्पाद शुल्क बढ़ने के बावजूद खुदरा कीमतें स्थिर रहने की बात कही है।

दस वर्षों में पीएम मुद्रा योजना के बांटे गए 32 लाख करोड़ के लोन, उद्यमिता क्रांति को बढ़ावा मिला

एजेंसी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री मुद्रा योजना (पीएमएमवाई) के तहत 10 वर्षों में 32.61 लाख करोड़ रुपये मूल्य के 52 करोड़ से अधिक लोन दिए गए हैं।इस योजना से देशभर में उद्यमिता क्रांति को बढ़ावा मिला है। इससे व्यापार वृद्धि अब सिर्फ बड़े शहरों तक सीमित नहीं रह गई है, बल्कि यह छोटे शहरों और गांवों तक फैल रही है, जहां पहली बार उद्यमी अपने भाग्य की बागडोर संभाल रहे हैं। प्रधानमंत्री मुद्रा योजना की शुरुआत 8 अप्रैल, 2015 को की गई थी। तब से दस वर्षों के दौरान 32.61 लाख करोड़ रुपये के 52 करोड़ से ज?यादा लोन स्वीकृत किए गए हैं। यही वजह है कि लोग अब नौकरी चाहने वाले नहीं रह गए हैं, बल्कि वे नौकरी देने वाले बन रहे हैं। इस योजना से छोटे शहरों और गांवों तक कारोबार बढ़ाने में मदद मिली है। इस योजना से पहली बार कारोबार करने वाले लोगों को प्रोत्साहन भी मिला है। एसकेओसीएच की आउटकम्स ऑफ मोदीनॉमिक्स 2014-24? की रिपोर्ट के मुताबिक 2014 से हर साल औसतन कम से कम 5.14 करोड़ व्यक्ति वर्ष रोजगार सृजित हुए हैं, जिसमें अकेले पीएमएमवाई ने 2014 से प्रति वर्ष औसतन 2.52 करोड़ स्थिर और टिकाऊ रोजगार जोड़े हैं। इस परिवर्तन का एक उदाहरण जम्मू-कश्मीर है, जिसे पीएम मुद्रा योजना के तहत अत्यधिक लाभ हुआ है और 20,72,922 मुद्रा लोन स्वीकृत किए गए हैं। वित्त मंत्रालय की ओर से जारी आंकड़ों के मुताबिक इस योजना से महिलाओं को सशक्त बनाने में मदद मिली और 70 फीसदी से अधिक लोन महिला उद्यमियों के द्वारा लिए गए हैं, जिससे उनकी वित्तीय स्वतंत्रता बढ़ी है। इसके साथ ही लैंगिक समानता में योगदान मिला है। पीएम मुद्रा योजना के तहत पिछले नौ वर्षों में प्रति महिलाओं को दिए जाने वाले लोन राशि 13 फीसदी की चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर (सीएजीआर) से बढ़कर 62,679 रुपए हो गई। वहीं, प्रति महिला वृद्धिशील जमा राशि 14 फीसदी की सीएजीआर से बढ़कर 95,269 रुपये हो गई। एसबीआई की एक रिपोर्ट के मुताबिक पिछले 10 वर्षों में पीएम मुद्रा योजना ने 52 करोड़ से अधिक लोन खाते खोलने में मदद की है, जो उद्यमशीलता गतिविधि में भारी उछाल को दर्शाता है।

सीतारमण एक हफ्ते के आधिकारिक दौरे पर ब्रिटेन और ऑस्ट्रिया जाएंगी

नई दिल्ली। केंद्रीय वित्त एवं कॉर्पोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण ब्रिटेन और ऑस्ट्रिया के आधिकारिक दौरे पर रवाना होंगी। वह 08-13 अप्रैल की यात्रा के दौरान दोनों देशों में मंत्रिस्तरीय द्विपक्षीय बैठकों में भाग लेंगी। इस यात्रा के दौरान सीतारमण भारत और ब्रिटेन आर्थिक एवं वित्तीय वार्ता के 13वें मंत्रिस्तरीय दौर में भाग लेंगी तथा ब्रिटेन और ऑस्ट्रिया में थिंक टैंक, निवेशकों, व्यापार जगत के नेताओं के साथ बैठक करेंगी। वित्त मंत्रालय के मुताबिक भारत-यूके आर्थिक और वित्तीय वार्ता (13वीं ईएफडी) का 13वां दौर 9 अप्रैल को लंदन (यूनाइटेड किंगडम) में आयोजित किया जाएगा। वार्ता की सह-अध्यक्षता केंद्रीय वित्त और कॉर्पोरेट मामलों के मंत्री निर्मला सीतारमण और यूके के राजकोष के चांसलर द्वारा की जाएगी। इसके अलावा भारत-ब्रिटेन 13वें ईएफडी के अवसर पर निर्मला सीतारमण प्रमुख गणमान्य व्यक्तियों के साथ द्विपक्षीय बैठकों में भाग लेंगी। भारतीय पक्ष के लिए 13वीं ईएफडी वार्ता की प्रमुख प्राथमिकताओं में आईएफएससी गिफ्ट सिटी, निवेश, बीमा और पेंशन क्षेत्र, फिनटेक और डिजिटल अर्थव्यवस्था में सहयोग तथा किफायती और टिकाऊ जलवायु वित्त जुटाना शामिल है।

शुरुआती कारोबार में शेयर बाजार में तेजी, बढ़त के साथ कारोबार कर रहे हैं सेंसेक्स और निफ्टी

एजेंसी

नई दिल्ली। चौबीस घंटे पहले जबरदस्त गिरावट के बाद घरेलू शेयर बाजार आज शुरुआती घंटे में बढ़त के साथ कारोबार करता हुआ नजर आ रहा है। आज के कारोबार की शुरुआत मजबूती के साथ हुई थी। हालांकि पहले आधे घंटे के कारोबार के बाद बिकवाली का दबाव बनने लगा, जिसकी वजह से सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांकों की चाल में गिरावट नजर आने लगी। इस गिरावट के बावजूद सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांक करीब 1 प्रतिशत की मजबूती दिखा रहे थे। पहले 1 घंटे का कारोबार होने के बाद सेंसेक्स 0.99 प्रतिशत और निफ्टी 1.03 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे शुरुआती 1 घंटे का कारोबार होने के बाद स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से श्रीराम फाइनेंस, टाइटन कंपनी, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, बजाज फिनसर्व और अडाणी पोर्ट्स के शेयर 4.79 प्रतिशत से लेकर 1.83 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। दूसरी ओर ट्रेंट लिमिटेड, पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन और नेस्ले के शेयर 0.96 प्रतिशत से लेकर 0.32 प्रतिशत की कमजोरी के साथ कारोबार करते नजर आ रहे थे। अभी तक के कारोबार में स्टॉक मार्केट में 2,384 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हो रही थी। इनमें से 2,038 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में कारोबार कर रहे थे, जबकि 346 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 28 शेयर लिवाली के सपोर्ट से हरे निशान में बने हुए थे। दूसरी ओर 2 शेयर बिकवाली के दबाव में लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। जबकि निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 47 शेयर हरे निशान में और 3 शेयर लाल निशान में कारोबार करते नजर आ रहे थे। बीएसई का सेंसेक्स आज 875.83 अंक उछल कर 74,013.73 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरुआत होते ही खरीदारी के सपोर्ट से यह सूचकांक ओपनिंग लेवल से 400 अंक से ज्यादा उछल कर 74,421.65 अंक तक पहुंच गया। हालांकि पहले आधे घंटे के कारोबार के बाद बाजार में मुनाफा वसूली शुरू हो गई, जिसकी वजह से इस सूचकांक की चाल में गिरावट आ गई। बाजार में लगातार जारी खरीद बिक्री के बीच पहले 1 घंटे का कारोबार होने के बाद सुबह 10ः15 बजे सेंसेक्स 727.50 अंक की बढ़त के साथ 73,865.40 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था। सेंसेक्स की तरह ही एनएसई के निफ्टी ने आज 285.15 अंक की तेजी के साथ 22,446.75 अंक के स्तर से कारोबार की शुरुआत की। बाजार खुलते ही खरीदारी के सपोर्ट से थोड़ी ही देर में यह सूचकांक ओपनिंग लेवल से 130 अंक से अधिक उछल कर 22,577.55 अंक के स्तर तक पहुंचने में सफल रहा। हालांकि पहले आधे घंटे के कारोबार के बाद बिकवाली शुरू हो गई, जिसकी वजह से इस सूचकांक की चाल में भी कमजोरी नजर आने लगी। बाजार में लगातार जारी लिवाली और बिकवाली के बीच शुरुआती 1 घंटे का कारोबार होने के बाद सुबह 10ः15 बजे निफ्टी 228.70 अंक की मजबूती के साथ 22,390.30 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था। इसके पहले पिछले कारोबारी दिन सेंसेक्स 2,226.79 अंक यानी 2.95 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 73,137.90 अंक के स्तर पर बंद हुआ था। वहीं निफ्टी ने 742.85 अंक यानी 3.24 प्रतिशत की गिरावट के साथ 22,161.60 अंक के स्तर पर सोमवार के कारोबार का अंत किया था।

संसद में वक्फ बिल के पारित होने से देश में राजनीतिक हलचल

सबसे पहले बिहार में जेडी(यू) को नुकसान उठाना पड़ा है, जो राज्य में भाजपा की एनडीए सहयोगी है, जहां इस साल के अंत में चुनाव होने हैं। जेडी(यू) के दो वरिष्ठ नेताओं ने अपने इस्तीफे की घोषणा की है, और मुस्लिम समुदायों में पार्टी के बड़ी संख्या में कार्यकर्ता पार्टी छोड़ सकते हैं, क्योंकि उनका पार्टी पर से भरोसा उठ गया है।

भारत की संसद के दोनों सदनों में वक्फ बिल के पारित होने से तुरंत ही राजनीतिक हलचल मच गयी, जिसका असर पूरे भारत में कश्मीर से कन्याकुमारी और गुजरात से असम तक महसूस किया गया। दोनों ही पक्षों के राजनीतिक दल-विपक्षी इंडिया ब्लॉक और भाजपा के नेतृत्व वाली केन्द्र की सत्तारूढ़ एनडीए-इससेअधिकतम राजनीतिक लाभ उठाने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन दोनों ही पक्षों को उभरने वाली नई चुनौतियों के लिए खुद को फिर से तैयार करना होगा।

सबसे पहले बिहार में जेडी(यू) को नुकसान उठाना पड़ा है, जो राज्य में भाजपा की एनडीए सहयोगी है, जहां इस साल के अंत में चुनाव होने हैं। जेडी(यू) के दो वरिष्ठ नेताओं ने अपने इस्तीफे की घोषणा की है, और मुस्लिम समुदायों में पार्टी के बड़ी संख्या में कार्यकर्ता पार्टी छोड़ सकते हैं, क्योंकि उनका पार्टी पर से भरोसा उठ गया है। जेडी(यू) ने संसद में वक्फ विधेयक का समर्थन किया था।

जेडी(यू) के वरिष्ठ नेता मोहम्मद कासिम अंसारी और पार्टी के अल्पसंख्यक विंग के राज्य सचिव मोहम्मद शाह नवाज मलिक ने जेडी(यू) सुप्रीमो नीतीश कुमार को अलग-अलग पत्र लिखकर कहा है कि मुसलमानों का पार्टी पर से भरोसा उठ गया है, जिसे वे पहले धर्मनिरपेक्ष पार्टी मानते थे।

शाह नवाज मलिक ने लिखा, %हमारे जैसे लाखों भारतीय मुसलमानों को अटूट विश्वास था कि आप पूरी तरह से धर्मनिरपेक्ष विचारधारा के ध्वजवाहक हैं। लेकिन अब यह विश्वास टूट गया है। वक्फ विधेयक संशोधन अधिनियम 2024 के बारे में जेडीयू के रुख से हमारे जैसे लाखों समर्पित भारतीय मुसलमान और कार्यकर्ता गहरे सदमे में हैं।%

मोहम्मद कासिम अंसारी ने लिखा कि वक्फ बिल %भारतीय मुसलमानों के खिलाफ% है और इसे %किसी भी हालत में% स्वीकार नहीं किया जा सकता। उन्होंने आगे कहा कि %यह बिल संविधान के कई मौलिक अधिकारों का उल्लंघन करता है। इस बिल के जरिये भारतीय मुसलमानों को अपमानित किया जा रहा है। न तो आपको और न ही आपकी पार्टी को इसका अहसास है। मुझे अफसोस है कि मैंने अपनी जिंदगी के कई साल पार्टी को दे दिये।%

हालांकि, जेडी(यू) के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव रंजन प्रसाद ने यह कहकर इस्तीफों को कमतर आंकने की कोशिश की कि वे पार्टी के आधिकारिक ढांचे में नहीं हैं, लेकिन कोई भी इस बात से इनकार नहीं कर सकता कि पार्टी के अल्पसंख्यक समर्थन आधार के जेडी(यू) को छोड़ने की सबसे अधिक संभावना है। मामला यहीं नहीं रुकता, क्योंकि एनडीए के एक अन्य सहयोगी चिराग पासवान के नेतृत्व वाली एलजेपी (रामविलास) भी अपना अल्पसंख्यक समर्थन खो सकती है। अगर ऐसा होता है, तो एनडीए को बिहार में काफी नुकसान होगा।बिहार में आरजेडी और कांग्रेस को फायदा हो सकता है, वे वर्तमान में बिहार में महागठबंधन का हिस्सा हैं, जो राष्ट्रीय स्तर पर इंडिया ब्लॉक है। एलजेपी (रामविलास) और जेडी(यू) के अल्पसंख्यक आधार का अलग होना राज्य में महागठबंधन सहयोगियों की ही राजनीतिक ताकत बढ़ायेगा। बिहार में जातिगत राजनीति और ओबीसी आरक्षण के लिए इंडिया ब्लॉक की मांग का भी अतिक्ति प्रभाव पड़ सकता है, क्योंकि उनका मानना है कि नीतीश कुमार ने खुद को भाजपा के हाथों बेच दिया है, जो राज्य में जाति जनगणना का लगातार विरोध करती रही है, हालांकि यह नीतीश कुमार के मुख्यमंत्रित्व काल में किया गया था, जिसके बाद वे राजद को छोड़कर भाजपा के साथ मिल गये।

आंध्र प्रदेश में एनडीए के अन्य महत्वपूर्ण सहयोगी टीडीपी और जेएसपी ने पहले ही अपने खिलाफ दबाव महसूस करना शुरू कर दिया है। दोनों ने वक्फ बिल का समर्थन किया है, जबकि मुख्य विपक्षी राजनीतिक दल वाईएसआरसीपी ने इस बिल की निंदा करते हुए कहा है कि- यह संवैधानिक गारंटी और अल्पसंख्यक अधिकारों का उल्लंघन करता है। टीडीपी और जेएसपी दोनों को इस कारण अपने अल्पसंख्यक समर्थन आधार को खोने का खतरा है।

तमिलनाडु में मुख्यमंत्री और डीएमके अध्यक्ष एम के स्टालिन वक्फ बिल के सबसे कड़े आलोचकों में से एक हैं। वे 3 अप्रैल को तमिलनाडु विधानसभा में बिल के पारित होने के खिलाफ काली पट्टी बांधकर आये थे। उन्होंने यह भी घोषणा की है कि उनकी सरकार इस बिल को भारत के सर्वोच्च न्यायालय में चुनौती देगी। उन्होंने यह भी कहा कि कैसे केंद्र और राज्यों में भाजपा सरकार अल्पसंख्यक मुस्लिम समुदाय को निशाना बना रही है। तमिलनाडु में भी अगले साल चुनाव होने हैं।जबकि पूरा इंडिया ब्लॉक वक्फ बिल के विरोध में था, भाजपा नेता और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि 2013 में यूपीए सरकार द्वारा लाया गया संशोधन %चरम% और एक और %तुष्टिकरण% अभ्यास था। भारत के प्रधान मंत्री ने वक्फ बिल के पारित होने को एक महत्वपूर्ण क्षण कहा, और दावा किया कि इससे हाशिए पर पड़े मुसलमानों को मदद मिलेगी।

घर पर बनाएं बाजार जैसी फ्रूट और चॉकलेट आइसक्रीम, झटपट बनकर हो जाएगी तैयार

बच्चों से लेकर बड़े गर्मी के मौसम में हर किसी को आइसक्रीम खाना पसंद होता है.इस मौसम में ठंडी-ठंडी आइसक्रीम खाने का अलग ही मजा है.बच्चे तो इसे खाना बहुत ही पसंद करते हैं.वह रोज ही इसे खाने की जिद करते हैं.लेकिन रोजाना इसे खाने से सेहत पर बुरा प्रभाव पड़ सकता है.आइसक्रीम को प्रिजर्व करने के लिए इसमें कई तरह के केमिकल का उपयोग किया जाता है,ऐसे में इसे ज्यादा खाना बच्चों और बड़ों सभी के लिए सही नहीं होता है.

लेकिन कुछ बच्चों को आइसक्रीम बहुत पसंद होती है और वह उसे खाने की जिद बार-बार करते हैं.ऐसे में आप उन्हें घर पर ही आइसक्रीम बनाकर खिला सकते हैं.ये एक हेल्दी ऑप्शन हो सकता है,क्योंकि इसमें आप अपने मुताबिक इंग्रीडिएंट्स सिलेक्ट कर सकते हैं.बच्चों के लिए आप घर पर ये आइसक्रीम बना सकते हैं.

फ्रूट आइसक्रीम

फ्रूट आइसक्रीम बनाने के लिए सबसे पहले ताजे फल लें और उन्हें अच्छे से धोकर छील लें और छोटे-छोटे टुकड़ों में काट लें.अब इन फलों को एक मिक्सी में डालकर प्यूरी बना लें.आप इसमें थोड़ी सी चीनी भी डाल सकते हैं,ताकि प्यूरी में मिठास हो,आप चीनी की जगह पर शहद भी डाल सकते हैं.इसके बाद एक कटोरी में क्रीम और दूध डालें और दोनों को अच्छे से मिला लें.इसमें चीनी और वनीला एसेंस डालकर अच्छे से फेंट लें,ताकि चीनी पूरी तरह से घुल जाए.

अब फलों की प्यूरी को क्रीम और दूध के मिश्रण में डालें और अच्छे से मिला लें,ताकि सब सही से मिक्स हो जाए.इस मिश्रण को एक एयर टाइट कंटेनर में डालकर फ्रिज में रखें.हर2घंटे बाद,एक बार आइसक्रीम को एक कांटे से मिक्स कर लें.यह प्रक्रिया4-5बार करें,जब तक आइसक्रीम पूरी तरह से सेट न हो जाए.लीजिए फ्रूट आइसक्रीम तैयार है। इसे निकालकर कटोरी में सर्व करें और ऊपर से कुछ ताजे फल डालकर सजाएं.आप अपनी पसंद के अनुसार और भी फल डाल सकते हैं.

चॉकलेट आइसक्रीम

एक बर्तन में दूध और क्रीम को अच्छे से मिला लें। इसे मीडियम आंच पर गरम करें,लेकिन उबालने न दें.जब दूध और क्रीम हल्का गरम हो जाएं,तो उसमें कोको पाउडर डालें और अच्छे से मिला लें ताकि कोई गांठ न बन पाए.एक दूसरे बर्तन में चॉकलेट को छोटे टुकड़ों में काटकर उसे पिघला लें.जब चॉकलेट पूरी तरह से पिघल जाए,तो उसे दूध और क्रीम के मिश्रण में डालकर अच्छे से मिला लें.

मिश्रण में शक्कर डालें और उसे अच्छे से घोल लें,ताकि शक्कर पूरी तरह से घुल जाए,आप ग्राइंडर का उपयोग भी कर सकते हैं.अब इसमें वेनीला एसेंस डालकर एक बार फिर अच्छे से मिला लें.अब इस मिश्रण को एक कंटेनर में डालें और उसे फ्रीजर में रख दें। हर30मिनट पर एक बार अच्छे से मिला लें,ताकि उसमें बर्फ की क्रिस्टल्स न बने और आइसक्रीम स्मूथ बने.लगभग4-6घंटे में आपकी चॉकलेट आइसक्रीम तैयार हो जाएगी.

संपादकीय

ट्रम्प-मस्क के खिलाफ़ अमेरिका

जिस डोनाल्ड ट्रम्प के दूसरी बार जीतकर आने के बाद उनके शपथ ग्रहण समारोह में न्यौता पाने के लिये भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी उत्सुक थे और तत्काल बाद बगैर कोई खास अवसर के अमेरिका पहुंचकर उनसे मिल आये थे, उन्हीं ट्रम्प महाशय के खिलाफ अमेरिका की जनता सड़कों पर है। ये वे ही लोग हैं जिन्होंने उन्हें दूसरी बार दुनिया के सबसे ताकतवर देश की गद्दी सौंपी थी तथा इन्हीं के भरोसे ट्रम्प तीसरी बार राष्ट्रपति बनने के लिये वहां के संविधान में संशोधन तक लाने की तैयारी कर रहे हैं। वहां के शनिवार (5 अप्रैल) को उनके खिलाफ देशव्यापी प्रदर्शन किया गया जो हाल के वर्षों का उस देश का सबसे बड़ा जन प्रदर्शन रहा। अमेरिकी नागरिक मानने लगे हैं कि उन्होंने ट्रम्प को चुनकर बड़ी गलती की है। मुख्य वजह है ट्रम्प की नीतियां जिनके बारे में वे कह रहे हैं कि इससे अमेरिका दुनिया भर में अपने सहयोगियों को खो रहा है। उनकी टैरिफ़ नीति के साथ सामाजिक सुरक्षा पर आसन्न खतरों को लेकर वे बेहद गुस्से में हैं।

दुनिया के सबसे अमीर एलन मस्क भी जनता के निशाने पर आ गये हैं जिन्होंने ट्रम्प के प्रचार अभियान को तो सम्हाला ही था, ट्रम्प के राष्ट्रपति बनने के बाद एक तरह से वे प्रशासन में खासमखास हैं। ट्रम्प ने उन्हें डीओजीई यानी सरकारी दक्षता विभाग का प्रमुख बना दिया है जो प्रशासन कर्मचारियों की बड़ी संख्या में कटौती करने का इरादा जाहिर कर चुके हैं। यह अलग बात है कि उन्होंने हाल ही में यह पद जल्दी छोड़ देने का ऐलान किया है। तो भी, ट्रम्प की नीतियों पर मस्क का कहा बहुत चलता है। वे पद छोड़ भी दें तो भी उनका प्रभाव बना रहेगा।इस विशाल देश के सभी 50 राज्यों में 1400 से ज्यादा स्थानों पर ट्रम्प और एलन मस्क की नीतियों के विरोध में प्रदर्शन हुए जिनमें हजारों की संख्या में अमेरिकी नागरिक %हैंड्स ऑफ% (हमारे अधिकारों से दूर रहो) की तख्तियां लिये हुए थे जिन पर ट्रम्प व मस्क की तस्वीरें थीं। विरोध प्रदर्शनों में 150 से अधिक संगठनों ने भाग लिया। बताया गया है कि 6 लाख से ज्यादा लोगों ने प्रदर्शनकारियों के रूप में अपने नाम पंजीकृत कराये थे। इनमें सामान्य नागरिकों के अलावा मानवाधिकार व श्रम संगठन के सदस्य, समलैंगिकों के अधिकारों के समर्थक, राजनीतिक कार्यकर्ता आदि शामिल थे। यह प्रदर्शन पूर्णतः शांतिपूर्ण रहा। किसी की गिरफ्तारी की सूचना नहीं है। अमेरिका में रिपब्लिकन पार्टी को मिली सफलता के बाद ट्रम्प को राष्ट्रपति का पद सम्हाले अभी तीन माह भी नहीं हुए हैं, पर उनके कामकाज के तरीकों ने पूरे अमेरिका को नाराज़ कर दिया है। उनके कामों का प्रतिकूल असर न सिर्फ देश के भीतर वरन विश्व भर में पड़ने की सम्भावना है। खासकर उनकी टैरिफ़ नीति से, जिसे ट्रम्प द्वारा दुनिया भर के खिलाफ छेड़ा गया टैरिफ़ वॉर कहा जा रहा है, अमेरिका को बड़ा नुकसान होने की आशंका व्यक्त की जा रही है।अमेरिका में आप्रवासियों को जिस तरह से बाहर निकाला गया उससे भी लोगों में नाराज़गी है क्योंकि ट्रम्प अपने दूसरे कार्यकाल में भेदभाव की नीति अपना रहे हैं। उन्होंने अपने देश में क्रूर पूंजीवादी व्यवस्था को बढ़ावा देने की जो नीति अपनाई है वह उनके अपने लोगों को इसलिये नहीं भा रही है क्योंकि उससे बड़े पैमाने पर लोगों की नौकरियां जा सकती हैं और कल्याणकारी कार्यक्रमों के बजट में कटौतियां सम्भव हैं। इससे उनके जीवन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। आधे दशक से भी ज्यादा की अवधि में दुनिया भर में कई अनावश्यक निर्मित सैन्य मोर्चों पर, विशेषकर शीत युद्ध के दौरान अपने हजारों नागरिकों के प्राण गंवाने वाले अमेरिकियों को ट्रम्प की भड़काऊ व उकसाने वाली नीतियां रास नहीं आ रही हैं।

कभी वे किसी देश पर जमकर बमबारी करने की धमकी देते हैं तो कभी अपने पड़ोसी देश मैक्सिको के साथ लगने वाली सीमा पर दीवार बनाने तथा उसी से खर्च वसूलने की बात करते हैं। कनाडा को अपने देश में मिलाने की उनकी इच्छा ने न केवल पड़ोसी देश को नाराज़ कर दिया है बल्कि उनके अपने नागरिक इसका विरोध कर रहे हैंकिसी और देश के राष्ट्राध्यक्ष द्वारा ऐसा करने की कोशिश या इच्छा जाहिर करने पर वहां के लोग उत्साहित हो सकते हैं .

अहमदाबाद अधिवेशन : कांग्रेस के लिए चुनौती भी अवसर भी!

अहमदाबाद में होना चाहिए और उसका हल निकलना चाहिए। वहां पहले दिन 8 अप्रैल को कांग्रेस वर्किंग कमेटी पार्टी की सर्वोच्च नीति निर्धारक ईकाई (सीडब्ल्यूसी) की ही मीटिंग है। याद रखना चाहिए कि इससे पहले की दो सीडब्ल्यूसी की मीटिंग दिल्ली और बेलगावी में अध्यक्ष खरगे ने पार्टी की अन्दरूनी समस्याओं की गहरी पड़ताल की और जितनी सुना सकते थे उतनी खरी-खरी सुनाईं। गुटबाजी अकर्मण्यता सब पर।

कांग्रेस का यह दुस्साहस ही है कि वह अपना सबसे बड़ा सम्मेलन पूर्ण अधिवेशन (प्लेनरी) 8 और 9 अप्रैल को भाजपा के सबसे मजबूत राज्य गुजरात में कर रही है। उसके शासन वाले तीन प्रदेश थे। गर्मी के हिसाब से शिमला सबसे पसंदीदा जगह थी। 8 साल बाद वहीं से कांग्रेस की राजनीतिक वापसी तय हुई थी। 2003 में तत्कालीन कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी ने वहां चिंतन शिविर आयोजित करके सत्ता में वापसी का नया रोड मेप बनाया था। पूरे विपक्ष को साथ लेकर चलने का। उससे पहले पचमढ़ी 1998 में एकला चलो तय किया था।

तो अपनी सरकार वाले शहर शिमला में न करके, कर्नाटक, तेलंगाना वाले कांग्रेस शासित राज्यों में भी न जा कर के और बिहार, जहां अभी इसी साल विधानसभा चुनाव हैं और सहयोगी दल आरजेडी के साथ वहां जीतने की भी अच्छी संभावनाएं हैं वह सब छोड़कर राहुल गांधी सीधे प्रधानमंत्री मोदी को उनके घर गुजरात जाकर चुनौती दे रहे हैं।

यही राहुल की ताकत है। अब निर्भर पार्टी पर है कि वह इस अवसर का कितना फायदा उठा पाती है। पूर्ण अधिवेशन का मुख्य काम होता है देशवासियों में उत्साह भरना। कांग्रेस जिसने आजादी के आन्दोलन का नेतृत्व किया है पूरे देश की इच्छाओं आकांक्षाओं को प्रतिबिम्बित करती रही है।1920 में कोलकाता से असहयोग आंदोलन का आह्वान किया था। 1929 में लाहौर में अपना लक्ष्य पूर्ण स्वराज घोषित कर दिया था। जी हां यह सब हम कांग्रेस के अधिवेशनों की ही बात बता रहे हैं। कांग्रेस मतलब देश में ही नहीं पूरी दुनिया में हिन्दुस्तान की आवाज। मौका आरएसएस के पास भी था।

आजादी से 22 साल पहले बन गई थी। मगर वह उस समय भी नफरत और विभाजन के अजेंडे पर ही काम कर रही थी। दलित, पिछड़े, आदिवासी, महिला के समान अधिकारों का विरोध कर रही थी। और गांधी इन सबकी आवाज उठा रहे थे इसलिए उनके खिलाफ सबसे ज्यादा नफरत फैला रही थी। सरदार पटेल ने आरएसएस पर प्रतिबंध लगाते हुए यह कहा था कि इनकी जहरीली विचारधारा के कारण ही महात्मा गांधी की जान गई।बहरहाल हम बता रहे थे कांग्रेस के अधिवेशनों का महत्व। तो फिर 1942 में मुम्बई में सीधा अंग्रेजों भारत छोड़ो प्रस्ताव पास कर दिया गया। पंडित जवाहरलाल नेहरू ने रखा था। जो गांधी जी के साथ संघ और भाजपा के सबसे ज्यादा निशाने पर रहते हैं।खैर तो कांग्रेस के अधिवेशन देश में हमेशा से क्रान्तिकारी पैगाम लाते रहे हैं। आजादी के बाद देश का सबसे बड़ा आर्थिक फैसला जो अभी भी भारत की अर्थव्यवस्था को संभाले हुए, बैंकों का राष्ट्रीयकरण, उसका फैसला इन्दिरा गांधी ने 1969 में बंगलूरू अधिवेशन में किया था। इतिहास भरा पड़ा है कांग्रेस के अधिवेशनों और देश की तरक्की का। नई सोच नई हिम्मत देने का और पार्टी के लिहाज से खुद को परिवर्तित करने का।आज कांग्रेस बहती नदी से, एक रूका हुआ तालाब बन गई है। राहुल जैसा बिल्कुल न डरने वाला नेता है। उनके जैसे ही साहसी अध्यक्ष। मल्लिकार्जुन खरगे जब अध्यक्ष बने थे तो किसी को उम्मीद नहीं थी कि वे एक अलग और बड़े व्यक्तित्व के साथ दिखेंगे। मगर खरगे ने एक तरफ साहस के साथ भाजपा और संघ का मुकाबला किया तो दूसरी तरफ पार्टी में समन्वय के साथ काम।इससे अच्छी जोड़ी राजनीति में मिलना मुश्किल है। मगर परिणाम नहीं आ रहे। यह काम इन दोनों का और इनके साथ जुड़ी टीम का होता है। टुकड़ों-टुकड़ों में कई अच्छे रंग उभरते हैं। मगर पूर्णता में कांग्रेस उठ रही है ऐसा विश्वास नहीं बन रहा है।

मोदीजी की कमजोरी कांग्रेस का लाभ! समय किसी का नहीं रहता जैसी बातें ठीक हैं। या एक वह वर्ग भी है जो चुनाव आयोग ऐसा है कहकर सारी बात ही खतम कर देता है। मगर चुनाव आयोग ऐसा है, बाकी संवैधानिक संस्थाएं ऐसी हैं कहने से तो चीजें नहीं बदलेंगी। सीधी बात है कि जब तक मोदी हैं तब तक चुनाव आयोग और बाकी संस्थाएं ऐसी ही रहेंगी। पहले मोदी को ही हटाना पड़ेगा। और इन संस्थाओं के रहते उनसे लड़ते उन पर दबाव बनाकर उन्हें गैरकानूनी कामों के रोज परिणाम बताते हुए। और सबसे बड़ी बात अपनी कमियों को दूर करते हुए।

यही वह बात है जो अहमदाबाद में होना चाहिए और उसका हल निकलना चाहिए। वहां पहले दिन 8 अप्रैल को कांग्रेस वर्किंग कमेटी पार्टी की सर्वोच्च नीति निर्धारक ईकाई (सीडब्ल्यूसी) की ही मीटिंग है। याद रखना चाहिए कि इससे पहले की दो सीडब्ल्यूसी की मीटिंग दिल्ली और बेलगावी में अध्यक्ष खरगे ने पार्टी की अन्दरूनी समस्याओं की गहरी पड़ताल की और जितनी सुना सकते थे उतनी खरी-खरी सुनाईं। गुटबाजी अकर्मण्यता सब पर। और रही सही कसर नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने अहमदाबाद के पिछले महीने ही हुए एक कार्यकर्ता सम्मेलन में यह कहकर पूरी कर दी कांग्रेस में आधे भाजपाई हैं।

अब क्या बचा। डायग्नोस (रोग की पहचान) हो गया। सारी जांच पड़ताल हो गई। मरीज ऑपरेशन टेबल पर आ गया। मगर लास्ट मिनट में ऑपरेशन करने वाली टीम में एक नया डाक्टर शामिल कर लिया। राजीव शुक्ला ! सीडब्ल्यूसी का परमानेंट इनवाइटी बनाकर। स्थायी आमंत्रित।क्यों? राजीव शुक्ला हिमाचल प्रदेश के प्रभारी थे। उन्हें पिछले दिनों हटा दिया। हटाने के बाद उनकी सीडब्ल्यूसी की सदस्यता खत्म हो गई। वहां वापस लाने के लिए मीटिंग से ठीक पहले उन्हें स्थायी आमंत्रित बना दिया।याद रखिए केवल एक अपाइंटमेंट हुआ है। और प्लेनरी की मीटिंग से ठीक पहले एक होने का मतलब अत्यन्त महत्वपूर्ण। कांग्रेस इसी तरह के मैसेज देती है। सब किए धरे पर पानी। कांग्रेस की भाषा में इसे कहते हैं एडजस्ट करना। हर हाल में यह एडजस्ट होते हैं।

तो लड़ाई चुनाव आयोग से ठीक है। मगर यहां का यह चुनाव कांग्रेस ने ही किया है। उनके साथ गोदी मीडिया है। मगर वह भी कल से बहुत लिखने बताने के बाद भी यह नहीं बता पा रही कि राजीव शुक्ला अपरिहार्य क्यों हैं। मोदी की भाजपा में कोई एक भी है?कांग्रेस ने बाकायदा घोषणा की है कि यह संगठन का साल है। और उस साल का यह पूर्ण अधिवेशन हो रहा है। नए लोगों के साथ कांग्रेस को जाना चाहिए था। मगर ज्यादातर पदाधिकारी पुराने। केवल बिहार पूरा बदला है। और यूपी के जिलाध्यक्ष। अच्छी बात है। मगर बाकी सब बदलने में क्या दिक्कत थी। ऐसा नहीं है कि बदलने का मतलब सब बदलना ही। उन्हें भी जारी रख सकते हैं।

मगर इसकी भी सूची निकलती है। प्रदेश अध्यक्ष नहीं बदले। वह नहीं बदले तो जिन जिला अध्यक्षों का अभी दिल्ली में सम्मेलन किया वे भी नहीं बदले।कांग्रेस यथास्थितिवाद का शिकार हो गई है। वह पार्टी जो देश में परिवर्तन की वाहक मानी जाती है। विचार आज भी उसके प्रगतिशील हैं। मगर उन विचारों को आगे बढ़ाने वाला संगठन नहीं है।

एक उदाहरण देखिए। राहुल गांधी का आज सबसे बड़ा मुद्दा क्या है? अभी सीपाआईएम की मदुरई कांग्रेस (महाअधिवेशन) ने भी उसका समर्थन कर दिया। जाति से हटकर वर्ग की बात करने वाली देश की सबसे बड़ी लेफ्ट पार्टी ने। मतलब मुद्दा बहुत बड़ा है। जाति गणना का। देश की राजनीति बदल देगा। मगर क्या कांग्रेस उसके लिए अपना संगठन तैयार कर पाएगी?

कैसे बनाएं अपने आपको क्रिएटिव...

हम सभी एक जुदा अंदाज में जीना चाहते हैं, लाइफ को क्रिएटिव बनाना चाहते हैं। मगर कैसे?

लाइफ को क्रिएटिव बनाने की इस इच्छा को पूरी करना चाहते हैं तो इसके लिए प्रयास भी आप ही को करना होगा। यह प्रयास कुछ अलग किस्म के होंगे, जैसे अपने कंफर्ट जोन से बाहर निकल कर कुछ नया करने की कोशिश करें।

आपकी तरह सोचने वाले लोगों से मिले-जुलें और अपने आइडियाज शेयर करें। इन चीजों से धीरे-धीरे लाइफ में बदलाव आने लगेंगे।

सीखें कुछ नया

लाइफ को क्रिएटिव बनाना चाहते हैं तो सबसे पहले यह बात समझ लें कि सीखने की कोई सीमा तय नहीं होती है। नई-नई चीजें सीखें। कुछ नया सोचें या फिर पुरानी चीजों को नए तरीकों से करने के बारे में सोचें। कुछ नया सोचने के लिए इमेजिनेशन होना जरूरी है। हर वक्त नया सोचने के प्रयास से इमेजिनेशन पावर बढ़ती है, जो क्रिएटिविटी के लिए बहुत जरूरी है।

नई चीजें सीखते हुए अकसर असफलता का डर होता है। इस डर को मन से निकाल दें। याद रखें, क्रिएटिव लोगों में यही खास बात होती है कि वो कभी भी असफलताओं से डरते नहीं हैं। कुछ नया सीखने का जज्बा इस डर से बड़ा होता है।

अब आपको कोई चीज क्यों रोके? तो फिर अब हर हफ्ते कम से कम एक नई चीज सीखने की कोशिश करें। छोटी-छोटी चीजों से शुरू करें जैसे कि कोई नई डिश बनाएं या फिर अपने कमरे को किसी नए तरीके से सजाएं।

क्रिएटिव लोगों से जुड़ें

क्रिएटिव लोगों से मिलते-जुलते रहें, मिलने का समय न हो तो किसी भी अन्य तरीके से जुड़ें। इससे आपको प्रेरणा मिलेगी। इस तरह लोगों से जुड़ने पर आप अपने आइडियाज बेझिझक शेयर कर सकते हैं और नई बातें भी जान सकेंगे।

क्रिएटिव लोगों से जुड़ने का सबसे अच्छा तरीका है कि अपने शौक के अनुरूप कोई क्लब या ग्रुप जॉइन कर लें। इसके अलावा सोशल नेटवर्किंग वेबसाइट्स पर आप अपना खुद का ग्रुप बनाकर लोगों को इनवाइट कर सकते हैं, डिसकशन्स कर सकते हैं।

इस तरह के ग्रुप्स एक बढ़िया सपोर्ट सिस्टम की तरह काम करते हैं। साथ ही आपकी लाइफ को क्रिएटिव बनाने में सहायक भी होते हैं।

अपने बच्चे को पढ़ने के लिए प्रोत्साहन दीजिए

भले ही आज स्मार्ट फोन और टैबलेट की जनरेशन (पीढ़ी) अपने ज्ञान की क्षमताओं में एक कदम आगे है फिर भी यह जरूरी है कि आप अपने बच्चे को शुरुआती सालों से ही पढ़ने के लिए प्रोत्साहित और तैयार करें। माता-पिता की बहुत-सी जिम्मेदारियां होती हैं जिसमें से एक है कि वे अपने बच्चे की पढ़ने के प्रति रुचि बढ़ाएं। कैसे आप पढ़ने में उनकी रुचि बढ़ा सकते हैं :

उनकी पसंदीदा किताब लें – अगर आपके बच्चे का कोई पसंदीदा कार्टून कैरेक्टर है तो उसे टीवी देखने देने की बजाय किताब गिफ्ट करें। किताबों की दुकानें बहुत से कार्टून किताबों से भरी हैं। ये समान रूप से आकर्षक हों, नए के साथ पिक्टोरियल हों तो ध्यान जोड़े रखती हैं।

उनके लिए पढ़ें – अगर आप अपने बच्चों के लिए फैरी टेल या कार्टून की किताबें लाई हैं तो आप उन्हें अपने बच्चों के लिए पढ़ें। हो सकता है शुरुआत में बच्चे रुचि न लें तो आप उसे खुद पढ़ना शुरू करें। इससे आपके बच्चों में जिज्ञासा बढ़ेगी कि किताब में ऐसा क्या है, जो आप इसे पढ़ रहे हैं और उसे प्रोत्साहित भी करेगा। इसके बाद आप बच्चों को इस प्रक्रिया में शामिल कर सकते हैं।

किताबों से सुनाएं – कहानियों को रोमांचक तरह से सुनाएं। जरूरी नहीं है कि कहानी जैसी लिखी है आपको वैसे ही सुनानी है। आप उसमें कुछ अपने बचपन की दिलचस्प बातें जोड़ सकती हैं या फिर कहानियों के किरदार की तुलना अपने बच्चों से कर सकती हैं। यह बच्चों को जोड़े रखता है।

पूरी प्रक्रिया का आनंद लें। यह न सोचें कि यह थकाऊ प्रक्रिया है। इससे आपका बच्चा रुचि खो सकता है। हमेशा चार्ज अप लगें।

तपती गर्मी में पाएं खिली-खिली ताजगी

गर्मी में अगर आप अगर बहुत थकान महसूस कर रहे हैं तो पानी के छींटों से आप फ्रेश महसूस करेंगे। सादा पानी भी आपकी त्वचा को तरोताजा रखता है। वह एक प्राकृतिक मॉइस्चराइजर की तरह काम करता है। खीरे के जूस को आप चेहरे पर लगाएं तो इससे चेहरे पर ठंडक महसूस होगी तथा सनबर्न (धूप की जलन) की समस्या से बचे रहेंगे।

* ऑफिस से जब आप लौट कर आते हैं तब आप अपने पैर, हाथ, हल्के गुनगुने पानी में डाल कर रखें जिससे आपकी सारी थकान कम हो जाएगी। अगर आप चाहें तो इस पानी में थोड़ा सा नमक भी डाल सकते हैं। इससे पैर कोमल हो जाते हैं। आप सोफ्टनर से पैरो के तलवे को साफ कर सकते हैं। 10 से 15 मिनट तक अपने पैर को पानी में डालकर रखें इससे शरीर का रक्तसंचार भी बढ़ेगा।

* एक बोतल में आप थोड़ा सा कोलोन या परफ्यूम की थोड़ी सी बूंदों को लेकर अधिक मात्रा पानी के साथ उसे मिला दें, स्प्रे बोतल की तरह इसे इस्तेमाल कर आप रिफ्रेश हो सकते हैं।

* त्वचा के मुंहासों के लिए चन्दन तथा गुलाब के जल से पेस्ट बनाकर अपने चेहरे पर लगाएं। इस समस्या से आपको राहत मिल सकती है। रात भर इसे रखें तथा दूसरे दिन इसे धो लें।

* चेहरा केवल ऊपर से साफ नहीं होता हैं बल्कि इसे भीतर से भी साफ करना चाहिए। इसके लिए आप नींबू का रस तथा चीनी को मिलाकर अपने चेहरे पर धीरे-धीरे रगड़ें। इससे आपकी त्वचा भीतर से साफ हो जाएगी तथा चेहरे के झुलसे हुए दाग में भी आराम पड़ेगा।

* केले को लेकर आप इसे दूध के साथ मिलाकर अपने चेहरे पर लगाएं तो आपका चेहरा कोमल होगा और इस पर निखार आ जाएगा।

* हल्दी के साथ दूध को मिलाकर लगाएं तो आपकी झुलसी हुई त्वचा की समस्या हल होगी तथा फेशियल बाल कम हो सकते हैं।

मां बनने के एक साल के अंदर घटाएं वजन

मां बनने के एक साल के अन्दर महिलाओं ने अगर अपने वजन पर नियंत्रण नहीं किया तो उन्हें हृदय रोग, मधुमेह, उच्च रक्तचाप जैसी कई बीमारियां घेर सकती हैं।

ब्रिटिश दैनिक में प्रकाशित रिपोर्ट में बताया गया है कि कनाडा में टोरंटो के माउंट सिनाई अस्पताल के मधुमेह केंद्र ने अपने नए शोध में यह बताया है कि महिला के लिए मां बनने के बाद के पहले तीन महीने सुरक्षित होते हैं क्योंकि इस दौरान उनके शरीर में उतने बदलाव नहीं होते इसलिए हृदयरोग, मधुमेह या उच्च रक्तचाप का खतरा इस दौरान उतना अधिक नहीं रहता है।

शोध पत्रिका डायबिटीज केयर में प्रकाशित इस शोध के मुताबिक तीन महीने के बाद पूरे साल तक मां के शरीर में तरह-तरह के बदलाव होते हैं। इस दौरान उनके शरीर में उच्च रक्तचाप, कोलेस्ट्राल और इंसुलिन की सक्रियता काफी बढ़ जाती है और उनके हृदय संबंधी रोग से ग्रसित होने का खतरा काफी बढ़ जाता है।

शोध के दौरान 300 गर्भवती महिलाओं पर पूरे नौ महीने और बच्चे के जन्म के एक साल बाद तक निगरानी की गई और उनकी नियमित जांच की गई। जांच के दौरान पाया गया कि अगर बच्चे को जन्म देने के एक साल के अंदर मां ने अपने वजन को कम नहीं किया तो उसके मधुमेह से पीड़ित होने का खतरा बढ़ जाता है।

उन्होंने पाया कि बच्चे के जन्म के एक साल के अंदर तीन चौथाई मांओं ने अपने वजन पर काबू पा लिया और उनका कोलेस्ट्राल तथा रक्तचाप का स्तर सामान्य रहा, लेकिन जिन एक तिहाई महिलाओं का वजन इन दौरान बढ़ गया उनके मधुमेह और हृदय रोग से पीड़ित होने की संभावना भी काफी बढ़ गई। शोधकर्ता डॉक्टर रवि रत्नाकरन ने कहा कि इस शोध के कारण अब महिलाओं को बच्चे के जन्म के एक साल के अंदर वजन घटाने की सलाह दी जाती है।

सिर्फ 15 दिनों में चेहरा खूबसूरत बनाएं जानिए कैसे

हम अपना चेहरा चमकाने के लिए ब्यूटी पार्लर के मोहताज होते हैं या फिर कुछ घरेलू उपचार का सहारा लेते हैं। यहां तक कि आधुनिक तकनीक से बोटोक्स की भी शरण में चले जाते हैं। यहां पेश है कुछ ऐसे उपाय जिसके लिए ना महंगी दवाई की जरूरत है ना ही फेसपैक और पार्लर के नखरों की।

प्रस्तुत है चेहरे के कुछ ऐसे व्यायाम जिन्हें आप आसानी से कहीं भी और कभी भी कर सकते हैं और बढ़ा सकते हैं अपने चेहरे की रौनक। इन्हें हम फेशियल योगा का नाम दे सकते हैं। प्रत्येक फेशियल योगा 8-10 से 20 बार प्रतिदिन 5 से 7 मिनट तक करें। इससे आपको 15 दिन में ही फर्क नजर आने लगेगा।

फेशियल योगा स्टेप्स

1 गर्दन सीधी रखकर आईब्रो ऊपर-नीचे करें।
2 भौहें सिकोड़ें, माथे पर आड़े व खड़े सल डालें।
3 गर्दन सीधी रखें व ऊपर-नीचे देखें।
4 आंखों को दोनों दिशा में गोल घुमाएं।
5 आंखों पर हथेली रगड़कर कुछ देर रखें।
6 सुबह व रात आंखों को ठंडे पानी से धोएं।
7 नथुने फुलाएं व ढीला छोड़ दें।
8 पूरा मुंह खोलें व बंद करें।
9 जबड़ा दाएं-बाएं हिलाएं।
10 होठों को सिकोडें व फैलाएं।
11 दांत दिखाएं व बंद करें।
12 मुंह से फुग्गा फुलाएं।
13 दांत पर दांत रखकर जमकर दबाएं।
14 गर्दन की चमड़ी को खींचें, जबड़ा टाइट करें।
15 दस तक गिनते हुए गर्दन को पीछे ले जाएं।
16 मुंह में पानी भरकर हिलाएं।
17 सोने के पहले प्रतिदिन चेहरे को साफ करें। यदि आप वर्किंग वूमन हैं तो डीप क्लीजिंग मिल्क से साफ करें।

व्यायाम के अतिरिक्त संतुलित खान-पान आपकी त्वचा में असली चमक लाता है। अत: भोजन में दूध, दही, सलाद, फल, हरी सब्जियां अवश्य लें। पर्याप्त पानी पिएं, सूर्य की तेज किरणों से बचें व धूप का चश्मा लगाएं।

छह चीजों से चमकाएं बाल और त्वचा

अगर आप चमकदार त्वचा और हैल्दी हेयर चाहते हैं तो अपनी फूड लिस्ट मे इन चीजों को शामिल कर सकते हैं। ये चीजें आपको खूबसूरती के साथ-साथ बढिया सेहत से भी नवाजेंगी।

विटामिन ए से भरपूर चीजें

क्या लें- गाजर, पालक, ब्रोकली, पपीता, आम, आलू व टमाटर

फायदा – इन चीजों में कैरोटीन होता है, जो सनस्क्रीन का काम करता है और त्वचा को धूप से बचाता है। टमाटर में लाइकोपीन भी सनस्क्रीन का काम करता है, लेकिन जरूरी है कि टमाटर अच्छे से पका हो।

सूखे मेवे

फायदा- इनमें ओमेगा थ्री फैटी एसिड होता है जो त्वचा में नमी बनाए रखता है। अखरोट में बायोटीन होता है जो बालों को बढ़ाता है, झड़ने और दो मुंहे होने से रोकता है।

विटामिन सी वाली चीजें

फायदा- नींबू, आंवले, संतरे का खट्टापन शरीर में जाकर कोलेजन बनाता है, जो त्वचा की कोशिकाओं को जवां रखता है, इससे झुर्रियां नहीं पड़तीं और त्वचा के घाव भी जल्दी भरते हैं। विटामिन-सी वाली चीजें आसानी से पच जाती हैं और अधिक मात्रा होने पर यूरिन के रास्ते निकल जाती हैं।

अलसी के बीज

फायदा- खाने को कुरकुरा बनाते हैं। इनमें मौजूद फाइबर, ओमेगा थ्री फैटी एसिड व विटामिन ई से त्वचा की नमी बनी रहती है, मुंहासे नहीं होते। रोजाना एक चम्मच प्रयोग करें।

विटामिन बी और कॉपर

पुरूषों के बालों में सफेदी की शुरूआत दाढ़ी से होती है, जबकि महिलाओं में कनपटी की तरफ से। इसके प्रमुख कारण हैं- चिंता करना, विटामिन बी, आयरन, कॉपर और आयोडीन की कमी। इसके लिए धूम्रपान न करें, मटर, ब्रोकली, ब्राउन राइस, गांठ गोभी खाएं व ग्रीन टी पीएं।

कार्डियोवस्कुलर हृदय रोग के लक्षण और उपचार



हृदय (दिल) हमारे शरीर का अहम अंग है। छाती के मध्य से थोड़ी बायीं ओर स्थित दिल पूरे शरीर में रक्त का प्रवाह करता है। दिल को ऑक्सीजन कोरोनरी धमनियों द्वारा प्रदान की जाती है, जो कि रक्त के माध्यम से मिलती है। अलग-अलग कारणों की वजह से दिल में कई प्रकार की बीमारी जैसे रुमेटिक हृदय रोग, जन्मजात खराबियां, हृदय की विफलता तथा पेरिकार्डियल बहाव, कोरोनरी धमनी रोग, हार्ट अटैक, हार्ट वाल्व रोग, हार्ट फेल्योर, स्ट्रोक आदि हो सकते हैं।

क्यों होता हैं कार्डियोवस्कुलर

हृदय रोग (कार्डियोवस्कुलर हार्ट डिजीज) होने का मुख्य कारण है कोलेस्ट्राल के स्तर में वृद्धि। यदि हाइ डेन्सिटी लिपोप्रोटीन (एचडीएल) की मात्रा है तो वे कम प्रभावशाली होते हैं। एचडीएल को अच्छा कोलेस्ट्राल माना जाता है। यदि लो डेन्सिटी लिपोप्रोटीन अणुओं का आकार छोटा है तो उनके रक्तवाहनियों में जमने की संभावना बढ़ जाती है। मोटापा दिल की बीमारियों का प्रमुख कारण है। वजन घटाने नियमित व्यायाम तथा साधारण भोजन करना चाहिए। वजन घटाने भूखे रहना और ज्यादा कसरत करना ठीक नहीं है, इससे दिल पर बुरा असर पड़ता है। दिल को स्वस्थ रखने के लिए सुबह या शाम चहलकदमी करनी चाहिए। व्यायाम से हाथ-पैरों की धमनियां स्वस्थ रहती हैं धूम्रपान भी दिल के रोग का प्रमुख कारण है। इसके लिए पौष्टिक भोजन किया जाए। भोजन में वसा की मात्रा को सीमित हो। फास्ट फूड, जंक फूड, तला-भुना और चिकनाई युक्त खाना नहीं खाना चाहिए। चिकनाई वाला खाना शरीर का वजन बढ़ने के साथ ही ऑयल रक्त धमनियों में जम जाता है। जिन व्यक्तियों में कोलेस्ट्राल का स्तर सामान्य से अधिक हो उन्हें प्रतिदिन 20 से 25 ग्राम सोया प्रोटीन लेना चाहिए। इससे कोलेस्ट्राल का स्तर कम होता है। ट्रीग्लिसीराइड कार्डियोवस्कुलर रोग का कारण हो सकता है। सोया प्रोटीन लेने से शरीर में एचडीएल कोलेस्ट्राल की मात्रा बढ़ती है, इसे गुड़ कोलेस्ट्राल माना जाता है। यह रक्त नलिकाओं से बुरे कोलेस्ट्राल को हटाने में सहायक होता है।

मांसपेशियों की थकान और कमजोरी का कारण हो सकता है म्यास्थीनिया

म्यास्थीनिया एक खतरनाक बीमारी है, जो धीरे-धीरे बढ़ती है। शुरुआत में इस रोग के लक्षण बेहद सामान्य हो सकते हैं, जैसे- सीढ़ी चढ़ते हुए थक जाना, चलने में सांस फूलना, आंखों में सूजन आदि। कई बार छोटी-मोटी शारीरिक मेहनत के बाद ही आप बहुत ज्यादा थका महसूस करने लगते हैं।

म्यास्थीनिया का पहला लक्षण है थकान और कमजोरी।

समस्या बढ़ने पर निगलने और सांस लेने में परेशानी होती है।

म्यास्थीनिया रोग जानलेवा भी हो सकता है।

म्यास्थीनिया रोग का प्रभाव चेहरे और गर्दन पर ज्यादा दिखाई देता है। ज्यादातर ये रोग अनुवांशिक होता है, मगर कई बार किसी इंफेक्शन के कारण या लंबे समय तक बहुत ज्यादा शारीरिक मेहनत के कारण भी ये रोग हो जाता है।

क्यों होता है म्यास्थीनिया : ब्लड में एसीटाइलकोलीन रेसेप्टर नामक केमिकल तत्व की कमी के कारण यह रोग होता है। यह केमिकल तत्व शरीर की मांसपेशियों को एक्टिव और एनर्जी से भरपूर बनाए रखता है। इस तत्व की कमी के कारण मांसपेशियां ढीली और सुस्त हो जाती है, जिसके चलते थोड़ा सा चलने या छोटा-मोटा काम करने पर बहुत ज्यादा थकान का अनुभव होता है।

कितना खतरनाक है म्यास्थीनिया : म्यास्थीनिया रोग कई बार जानलेवा हो सकता है। दरअसल अगर शुरुआत में ही लक्षणों को पहचान कर इसका इलाज सही समय पर न किया जाए, तो खाना खाने में और सांस लेने में कठिनाई और बढ़ जाती है और एक स्थिति ऐसी आ जाती है कि मरीज की जान खतरे में पड़ जाती है। इसलिए म्यास्थीनिया रोग के शुरुआती दिनों में ही इलाज की संभावनाएं तलाशनी शुरू कर देना चाहिए।

क्या है म्यास्थीनिया का कारण : म्यास्थीनिया रोग का मुख्य कारण सामने की चेस्ट के अंदर एक विशेष ग्रंथि यानी थाइमस ग्लैंड का आकार में बड़ा होना है। यह थाइमस ग्लैंड चेस्ट के अंदर दिल के बाहरी सतह पर होती है। अक्सर इस थाइमस ग्लैंड में ट्यूमर होता है, जिसके कारण ये आकार में बड़ी हो जाती हैं। म्यास्थीनिया रोग के 90 प्रतिशत मरीजों में यह थाइमस ग्लैंड ही जिम्मेदार होता है, बाकी 10 प्रतिशत मामलों में इसके लिए ऑटो इम्यून रोग जिम्मेदार होते हैं।

क्या हैं इस रोग के लक्षण

- प्रारंभिक अवस्था में म्यास्थीनिया में बालों में कंघा करने में दिक्कत महसूस होना।
- बहुत ही हल्के सामान को उठाने पर थककर चूर हो जाना।
- सीढ़ियों पर 2-3 कदम चढ़ने पर या साधारण चलने पर कठिनाई महसूस होना।
- रोग बढ़ जाने पर आंखे की पलकें ऊपर की तरफ उठना बंद कर देना।
- दोनों आंखों को काफी देर तक खुली रखना मुश्किल।
- आंखों का पूरी तरह से बंद करना कठिन।
- आंखों को केंद्रित करने की क्षमता खोना।
- चेहरे का बिलकुल भावरहित व शून्य हो जाना।
- होंठ बाहर की तरफ ज्यादा निकल आना।

रेसिपी

पम्पकीन ओमभाल

- 4 कप कद्दू, पम्पकीन के टुकड़े
- 1/4 कप गुड़ ■1/4 कप इमली का पानी
- 2 सुखी लाल मिर्च ■नमक स्वाद के अनुसार
- 1 तेज पता ■1 छोटा चमच्च राइ
- 1 बड़ा चमच्च किशमिश ■1/2 छोटा चमच्च नि का रस ■1 बड़ा चमच्च तेल ■1/2 छो चम्मच सौंफ

विधि

पम्पकीन ओमभाल बनाने के लिए सबसे पहले नॉन स्टीक पेन में इमली का पानी लें और पम्पकीन के टुकड़े डालकर मध्यम आंच पर पम्पकीन गलने तक पकाए। पके हुए पम्पकीन को थोड़ा कद्दूकस कर लें। कढ़ाई में तेल डालें। राई, तेज पत्ता, सौंफ, लालमिर्च और किशमिश डाले। राई तड़कने पर पम्पकीन डालें। नमक और गुड़ डालकर गाढ़ा होने तक पकाएं। गेस बंद कर नींबू का रस मिलाएं और परोसें। नागालैंड स्टाइल पम्पकीन को नागा स्टाइल चिकन करी और चावल के साथ परोसें।

बंगाली स्टाइल छोलार दाल

- 1 कप चना दाल ■1/2 कप नारियल बु
- 1 बड़ा चम्मच घी ■1 छोटा चम्मच ह पाउडर ■1 छोटा चम्मच शक्कर
- नमक स्वाद के अनुसार ■1 बड़ा चम्मच
- 3 सुखी लाल मिर्च ■2 लौंग
- 1 इंच दालचीनी ■1 तेज पता
- 1/2 छोटा चम्मच जीरा
- 2 हरी मिर्च, लंबाई में दो भागो में कटी हुई
- 1 इंच अदरक छीलकर किसा हुआ

विधि

सबसे पहले चना दाल को धोकर घंटे भर के लिए भिगो दीजिए। अब चना दाल को 1-1/2 कप पानी के साथ पका लीजिए। एक पैन में घी डालकर मध्यम आंच पर गरम कर लें। अब नारियल के टुकड़ो को हल्का भूरा होने तक पकाएं। गैस को बंद कर लें और नारियल के टुकड़ों को एक कटोरी में एक तरफ रख लें। दाल पक जाने पर, एक सॉस पैन में निकाल लें। हल्दी पाउडर, नमक और शक्कर दाल में मिलाएं। दाल को धीमी आंच पर पकने दें, जब तक दाल गाढ़ी न हो जाए और पानी न सोक लें। जब तक दाल के तड़के की तैयारी कर लें। तड़के के लिए, छोटे पैन में घी गरम कर लें। अब उसमें जीरा डाले और तड़कने दें। अब सुखी लाल मिर्च, लौंग, दालचीनी, हरी मिर्च और किसा हुआ अदरक डालें और मेहक आने तक पकने दें। अब गैस बंद कर लें। अब तड़के को उबलते हुई दाल में तले हुए नारियल बुरे के साथ डाले। अच्छे से मिलाकर 1 से 2 मिनट तक उबालें और गैस बंद कर लें। बंगाली स्टाइल छोलार दाल को बैगन और चावल के साथ दिन के खाने के लिए परोसें।

टाईम पास

आज का राशिफल

मेष (चू चे चो ला ली लू ले लो आ): खान-पान में सावधानी रखें। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सबेरे ही निपटा लें। आगे से रुपए पैसों की सुविधा नहीं मिल पाएगी। कामकाज सीमित तौर पर ही बनें। शुभांक-3-6-9

वृष (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। कई प्रकार के हर्ष उल्लास के बीच मांगलिक कार्य सम्पन्न होंगे। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ रहेगा। शुभांक-3-5-7

मिथुन (का की कू घ ङ छ के को हा): कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचे तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। दिमाग में निर्मूल तर्क-कुतर्क पैदा होंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। संतान की उन्नति के योग हैं। शुभांक-4-6-7

कर्क (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे है। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। शुभांक-2-5-6

सिंह (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधानी रखें तो ज्यादा उत्तम है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। दैनिक सुख-सुविधा में वृद्धि होगी। शुभांक-2-5-7

कन्या (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): सुख-आनंद कारक समय है। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्वपूर्ण कार्य के लिए भाग-दौड़ रहेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होगी। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। शुभांक-3-6-7

तुला (रा री रु रे रो ता ती तू ते): शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों से समागम होगा। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। शुभांक-5-7-9

वृश्चिक (तो ना नी नू ने नो य यी यू): समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश सफल होगी। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। शुभांक-3-6-7

धनु (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। सुविधाओं में शनैः-शनैः बाधा आएगी। अपने काम को प्राथमिकता से करें। कारोबारी काम में बाधा उभरने से मानसिक अशांति बनी रहेगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। शुभांक-3-5-6

मकर (भो जा जी खी खू खे खो गा गी): सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम पर पैनी नजर रखिए। विरोधी नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेगा। स्वास्थ्य लाभ में समय और धन व्यय होगा। परिवार में अशांति रहेगी। शुभांक-1-4-5

कुंभ (गू गे गो सा सी सू से सो दा): समय पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने के प्रयास सफल होंगे। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। शुभांक-2-5-7

मीन (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची): यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। यश-प्रतिष्ठा में वृद्धि व शिक्षा में परेशानी आ सकती है। स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें। व्यापार में वृद्धि होगी। शुभांक-2-4-6

लॉफिंग ज़ोन

एक औरत का पति मर गया। वह बीमा कंपनी के ऑफिस जाकर मैनेजर से बोली- मैनेजर साहब, मेरे पति गुजर गए हैं। उनके बीमे का रुपया दिलवाइए।

मैनेजर बोला- इस घटना को सुनकर बहुत दुःख हुआ।

औरत बोली- जरूर हो रहा होगा। मर्दों का हर जगह यही हाल है। जब भी औरत को चार पैसे मिलने का मौका आता है, उन्हें बड़ा दुःख होता है।

□ □ □

नरेश की शादी एक अनपढ़ महिला से हो गई। शादी की पहली रात वह पति से बोली- आप तो बड़े ही अच्छे और दयालु इंसान हो जी। आपने तो मेरा उद्धार ही कर दिया।

इस पर नरेश ने कहा- ऐसी कोई बात नहीं है।

पत्नी बोली- मेरी भाभी और मेरी चाची हमेशा मुझे प्रताड़ित करती रहती थी और कहती थी कि तेरे जैसी मूर्ख से तो कोई गधा ही होगा जो शादी करके तेरा उद्धार करेगा।

□ □ □

एक बार मिस्टर चमन चित्र प्रदर्शनी देख रहा था।

एक जगह रुक कर उसने कहा- छिः!!! क्या इसे आप मॉडर्न आर्ट कहते हैं?

संचालक- जी नहीं श्रीमान, आप गलत समझ रहे है। इसे तो हम आईना कहते हैं।

काकुरो पहेली - 2040



खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणत:



काकुरो - 2039 का हल



फिल्म वर्ग पहेली-2040



बायें से दायें:-

१. 'तुम्हें और क्या' गीत वाली राजेंद्र कुमार, सायरा की फिल्म-२,३,१,२
६. अमिताभ, जया भादुड़ी की 'मैं ने कहा फूलों से' गीत वाली फिल्म-२
७. 'दिल्ली की सर्दी' गीत वाली अजय देवगन, अभिषेक बच्चन, बिपाशा बसु की फिल्म-३
९. संजयदत्त, विवेक मुशरान, मनीषा कोइराला की 'आँखों में नींदें ना' गीत वाली फिल्म-३
१२. 'मार ओडारी नी कुकिए' गीत वाली मनोज वाजपेयी, उर्मिला की फिल्म-३
१५. अजय देवगन, अमीषा की 'जो पाछू गिरा दिया' गीत वाली फिल्म-४
१७. 'मैं निकला गड्डी लेके' गीत वाली सनी देओल, अमीषा पटेल की फिल्म-३
१८. मनोजकुमार, आशा की 'लो आ गई उनकी' गीत वाली फिल्म-१,३
२१. 'कमसिन कली हूँ' गीत वाली नाना पाटेकर, पुरू राजकुमार, अनुपमा वर्मा की फिल्म-२
२५. 'पाप दी ग्रेट' में किशनकुमार के साथ नायिका कौन थी?-३
२६. 'छोड़ दे जवानी में' गीत वाली राजेश खन्ना, राखी की फिल्म-४
२७. कमल सदाना, दिव्या की 'दिल चीर के देख' गीत वाली फिल्म-२
२८. 'एक लड़की दिल से गई' गीत वाली शरदकुमार, नंदा की फिल्म-२,२

ऊपर से नीचे:-

१. सुनील, सुष्मिता, नम्रता की 'दोस्ती हो गई रे' गीत वाली फिल्म-३
२. 'बोल गोरी बोल' गीत वाली सुनीलदत्त, नूतन की फिल्म-३
३. फिल्म 'बाबुल' में दिलीपकुमार के साथ नायिका कौन थी-३
४. 'यारा ओ यारा इश्क ने मारा' गीत वाली अमिताभ, मौसमी की फिल्म-३
५. धर्मेन्द्र, जीनत अमान की 'हम बेवफा हरगिज न थे' गीत वाली फिल्म-४
८. फिल्म 'शारदा' में राज कपूर के साथ नायिका कौन थी?-२
१०. ऋषिकपूर, श्रीदेवी की फिल्म-३
११. 'खोया है तूने जो' गीत वाली लकी अली, गौरी कार्णिक की फिल्म-२
१३. 'चिनाई चुन चुन' गीत वाली फिल्म-३
१४. फरदीन खान, उर्मिला की फिल्म-३
१५. वसंत चौधरी, मोतीलाल, साधना की 'ओ सजना बरखा बहार' गीत वाली फिल्म-३
१६. संजयदत्त, नम्रता शिरोडकर की 'मेरी दुनिया है' गीत वाली फिल्म-३
१९. 'जीने की तमन्ना हो' गीत वाली फिल्म-३
२०. वी. शांताराम की 'आधा है चंद्रमा रात आधी' गीत वाली फिल्म-४
२२. 'नाजुक सी कली थी' गीत वाली अजय, मनीषा, करिश्मा की फिल्म-४
२३. 'दिल जंगली कबूतर' गीतवाली फिल्म-३
२४. नवीन निश्चल, आशा की फिल्म-३
२७. फिल्म 'क्रोध' में सुनील शेट्टी के साथ नायिका कौन थी-२

फिल्म वर्ग पहेली- 2039

सूडोकु -2040

	8			6				
					5			
		9				7		3
	1			8				2
			7		4			
6				3			8	
5		7				4		
			8					
				1			6	

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु 2039 का हल

9	4	5	3	1	8	7	6	2
1	8	6	7	2	5	4	9	3
2	7	3	9	4	6	8	1	5
6	3	9	1	7	4	2	5	8
5	2	4	8	9	3	6	7	1
7	1	8	6	5	2	9	3	4
4	6	7	5	8	1	3	2	9
8	9	1	2	3	7	5	4	6
3	5	2	4	6	9	1	8	7

शब्द पहेली - 2040



बाएँ से दाएँ

1.मूर्ख,बुद्धिहीन-4
3.रुई की फसल-3
5.वंश,खानदान-2
6.आह,पीड़ा भरी ध्वनि-3
7.जी,इच्छा,चित्त-2
9.पहनना-3
11.दास,नौकर,सेवक-5
14.अग्नि,आग-3
16.चयनित,स्वीकृत-4
17.जाति,संप्रदाय-2
18.उस समय-2
19.आदत,व्यवहार-4
23.माला का मोती-3
24.लालन-पालन-5
27.पूर्णिमा-3
28.वश,अधीन-2
30.खबर देने वाला-3
31.खदान,माइन-2
32.आश्रय,पनाह-3
33.संपत्ति-4

ऊपर से नीचे

1.घोड़े के पांव में लगने वाला लोहे का टुकड़ा-2
2.धारा के बीच में,अधर में-2,2
3.आफत,आपदा-3
4.एक समान-2
5.गृहपति,चांसलर-4
6.दाना-2
8.प्रतिकृति,प्रतिरूप-3
10.रोकर धनराशि-3
12.प्रेम ,आसक्ति-3
13.नीर,जल-2
15.भाग्य,तकदीर-3
17.जंबुल,जांब-3
18.टेंशन,परेशानी-3
20.काया,बदन-2
21.उष्णता-3
22.नाश होने योग्य-4
23.साम्राज्ञी,रानी-3
25.रमण करने योग्य-4
26.अदा,चोंचला-3
27.पूड़ी,गोलगप्पा-2
29.पिता की बहन-2
31.उर्वरक,गाय के गोबर से बना पदार्थ जो खेत में डाला जाता है-2

शब्द पहेली -2039का हल



नेताजी इंडोर स्टेडियम से ममता बनर्जी का आश्वासन- किसी की नौकरी नहीं जाएगी

एजेंसी

कोलकाता। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद नौकरी गंवाने वाले पश्चिम बंगाल के हजारों शिक्षा कर्मियों को मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने नौकरी नहीं खोने का आश्वासन दिया। नेताजी इंडोर स्टेडियम में शिक्षा कर्मियों को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ममता ने कहा कि राज्य सरकार सुप्रीम कोर्ट से पहले इस मुद्दे पर स्पष्टता मांगेगी। यदि वहां से भी नकारात्मक निर्णय आता है तो योग्य कर्मियों के लिए वैकल्पिक व्यवस्था की जाएगी मुख्यमंत्री ने सवाल उठाया कि यदि सभी शिक्षकों और कर्मियों को हटा दिया गया तो स्कूलों का संचालन कैसे होगा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार कानून का पालन करते हुए योग्य कर्मियों की नौकरी सुरक्षित रखने के लिए हर संभव प्रयास करेगी। ममता बनर्जी ने कर्मियों से अनुरोध किया कि जब तक उन्हें बर्खास्तगी का आधिकारिक नोटिस नहीं मिलता, वे स्कूलों में जाकर स्वैच्छिक सेवा देते रहें। क्या आप लोगों को बर्खास्तगी का नोटिस मिला है? यदि नहीं, तो पढ़ाना जारी रखिए। स्वेच्छा से शिक्षा सेवा दीजिए। मुख्यमंत्री ने यह भी स्पष्ट किया कि पहले योग्य कर्मियों का मामला सुलझाया जाएगा। अयोग्य घोषित हुए लोगों के विषय में जांच के बाद उचित निर्णय लिया जाएगा।जब तक सब कुछ स्पष्ट नहीं होता, तब तक घबराने की जरूरत नहीं है। यदि आवश्यकता पड़ी तो दो महीने के भीतर योग्य कर्मियों के लिए वैकल्पिक योजना तैयार कर दी जाएगी। उन्होंने भरोसा दिलाया कि राज्य सरकार मानवता के आधार पर योग्य कर्मियों के हित में हर जरूरी कदम उठाएगी। योग्य किसी भी हालत में बेरोजगार नहीं होंगे। किसी को भी शिक्षा व्यवस्था बिगाड़ने का अधिकार नहीं है।

आसाराम को राजस्थान हाईकोर्ट से भी राहत, 30 जून तक अंतरिम जमानत बढ़ाई

जोधपुर। अपने ही गुरूकुल की छात्रा से यौन शोषण के आरोप में आजीवन कारावास की सजा भुगत रहे आसाराम को हाईकोर्ट से अंतरिम राहत मिली है। गुजरात हाईकोर्ट के बाद अब राजस्थान हाईकोर्ट से भी अंतरिम जमानत राहत की अवधि 30 जून तक बढ़ाई गई है। यह राहत उसके स्वास्थ्य को देखते हुए दी गई है। आसाराम के गिरते स्वास्थ्य को देखते हुए अंतरिम जमानत अवधि को बढ़ाया है। लम्बी बहस के बाद यह फैसला दिया गया। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2013 से आसाराम अपने ही गुरूकुल की छात्रा से यौन शोषण के आरोप में जेल में है। उसके बाद कोर्ट ने उसे आजीवन कारावास की सजा सुना रखी है। वह कई बार गिरते स्वास्थ्य को लेकर में जमानत याचिका लगा चुका है। अभी कुछ दिन पहले ही स्वास्थ्य को लेकर जमानत पर था। अंतरिम जमानत की अवधि खत्म होने के बाद जेल भेजा गया था। गौरतलब है कि पिछले दिनों गुजरात हाईकोर्ट ने अंतरिम जमानत की अवधि 30 जून तक बढ़ाई थी।

दलित, आदिवासी, पिछड़ा और महिलाओं की लड़ाई हम लड़ेंगे : राहुल गांधी

पटना। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने कहा कि देश में अगर आप दलित, आदिवासी, पिछड़े वर्ग, अति पिछड़ा और महिला हो तो आप दोयाम दर्जे के हो। हम आपकी लड़ाई लड़ेंगे। वह बिहार की राजधानी पटना में संविधान सुरक्षा सम्मेलन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे राहुल गांधी ने कहा कि मैंने बिहार प्रदेश कांग्रेस की टीम को साफ निर्देश दिया है कि आपको बिहार के गरीबों का नेतृत्व करना है। आपको गरीबों व दलितों को आगे बढ़ाना है। हम आपको राजनीति में लाकर बिहार का चेहरा बदलना चाहते हैं। बिहार की भारतीय जनता पार्टी-जनता दल (यूनाइटेड) सरकार अरबपतियों के जरिए राजनीति चल रही है। अंबानी-अडाणी की राजनीति चल रही, उसको हम हराने जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि हम जानते हैं कि इस देश को राजनीतिक रूप से बिहार ने हमेशा रास्ता दिखाया है। अंग्रेजों के खिलाफ राजनीतिक बदलाव आया तो बिहार की जनता ने आवाज बुलंद की। हम सबसे जरूरी लक्ष्य संविधान की रक्षा करना चाहते हैं। पहले प्रधानमंत्री मोदी 400 पार का नारा देते थे तो इंडिया गठबंधन सामने आया। रिजल्ट सबके सामने है। आपने लोकसभा चुनाव में संविधान को बचाने का काम किया। जहां भी मेरी जरूरत होगी, आप मुझे बुलाओ मैं हाजिर हो जाऊंगा। आपकी लड़ाई मेरी लड़ाई है।

उत्तर प्रदेश के मुरादनगर आर्डिनेंस फैक्ट्री को बम से उड़ाने की धमकी, मची खलबली

गाजियाबाद। उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद जिले के मुरादनगर स्थित आर्डिनेंस फैक्ट्री को बम से उड़ाने का ई-मेल मिला है। इसके बाद फैक्ट्री के साथ ही पुलिस प्रशासन में खलबली मच गई। आनन-फानन में पूरे फैक्ट्री परिसर को खंगाला गया। पुलिस के मुताबिक फैक्ट्री के आधिकारिक मेल पर दोपहर एक बजे यह धमकी भरा ई-मेल प्राप्त हुआ। मेल में लिखा कि दोपहर दो बजे तक फैक्ट्री को बम से उड़ा दिया जाएगा। फैक्ट्री प्रशासन ने पुलिस कमिश्नर को इसकी सूचना दी। तुरंत ही सहायक पुलिस आयुक्त (एसीपी) मसूरी व थाना प्रभारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने डॉग स्क्वॉड और बम निरोधक दस्ते की मदद से फैक्ट्री परिसर की गहन तलाशी शुरू कर दी। फैक्ट्री परिसर में कोने-कोने की जांच की गई। एसीपी लिपि नगाइच ने बताया कि आज, सोमवार को आर्डिनेन्स फैक्ट्री की मेल आईडी पर एक किसी अन्य मेल आईडी से धमकी भरा मेल प्राप्त हुआ है। इस संबंध में थाने की पुलिस टीम, साइबर सेल, बीडीएस टीम एवं अन्य टीमें साक्ष्य संकलन की कार्यवाही कर रही है।

मध्य प्रदेश वर्ष 2024-25 में फोर लेन राष्ट्रीय राजमार्ग मंजूर कराने में देश में पहले स्थान पर

एजेंसी

भोपाल। वित्त वर्ष 2024-25 में मध्य प्रदेश फोर लेन राष्ट्रीय राजमार्ग मंजूर कराने के मामले में पूरे देश में पहले स्थान पर रहा है। यह मध्य प्रदेश को केंद्र सरकार द्वारा दी गई बड़ी सौगातों में से एक है। यह जानकारी शाम मुख्यमंत्री निवास कार्यालय समत्व भवन में हुई प्रदेश में प्रगतिरत राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं की समीक्षा बैठक में दी गई। बैठक में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सभी निर्माणाधीन राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं को पूरी गुणवत्ता (परफार्मेंस गारंटी) के साथ तय समय-सीमा में ही पूरा करने के निर्देश दिए।मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि सड़क विकास के काम में हम किसी से भी पीछे न रहें। प्रदेश में सड़कों विशेषकर अधिक यातायात वाले राजमार्गों को राष्ट्रीय राजमार्गों के रूप में विकसित करने के लिए केंद्र सरकार से उच्च कोटि का समन्वय करें। आपसी संवाद में

कोई कमी न रखें, ताकि राजमार्गों की मंजूरी और निर्माण के कामों को जल्द से जल्द पूरा किया जा सके। उन्होंने कहा कि राजमार्ग परियोजनाओं से जुड़े भू-अधिग्रहण के लंबित मामलों को आपसी वार्ता के जरिए शीघ्र सुलझाया जाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेश में राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं की वर्तमान स्थिति एवं प्रगतिरत कार्यों की समीक्षा कर जानकारी ली। उन्होंने कहा कि उज्जैन शहर में बाबा महाकाल मंदिर के पास से एक एलिवेटेड रोड बनाया जा सकता है, जो रेलवे स्टेशन को सीधा कनेक्ट करे। इससे महाकाल दर्शन के लिए देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं का बेहतर तरीके से यातायात प्रबंधन किया जा सकेगा। बैठक में मुख्यमंत्री डॉ. यादव को एनएचएआई के अधिकारियों ने बताया कि आगामी 10 अप्रैल को केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी धार जिले के बदनावर आएंगे। यहां वे एक गांव में एनएचएआई द्वारा निर्मित की गई 218 किलोमीटर लंबी राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का लोकर्पण करेंगे। इनकी कुल लागत 3502 करोड़ रुपये है। इसी प्रकार एनएचएआई द्वारा निर्मित की जाने वाली 110 किलोमीटर लंबी राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का भूमिपूजन भी इसी अवसर पर केंद्रीय मंत्री द्वारा किया जाएगा।

जम्मू-कश्मीर- अमित शाह ने शहीद हुए 10 पुलिसकर्मियों और इंजीनियर के परिजनों को नियुक्ति पत्र सौंपे

एजेंसी

जम्मू। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने जम्मू-कश्मीर में पिछले साल विभिन्न आतंकी हमलों में जान गंवाने वाले 10 पुलिसकर्मियों और एक इंजीनियर के परिवारों से मुलाकात की और परिजनों को नौकरी के नियुक्ति पत्र सौंपे। केंद्र शासित प्रदेश के तीन दिवसीय दौरे पर आए गृह मंत्री ने यहां राजभवन में शहीद जवानों के परिवारों से मुलाकात की। केंद्रीय मंत्री से मिलने वाले परिवारों में हाल ही में कठुआ जिले में पाकिस्तानी आतंकवादियों के साथ ही भीषण मुठभेड़ में अपने प्राणों की आहुति देने वाले चार पुलिसकर्मियों के परिजन भी शामिल थे।23 मार्च से जिले के वन क्षेत्र में बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान चल रहा है, जब पुलिस और अन्य सुरक्षाबलों ने हीरानगर सेक्टर में अंतरराष्ट्रीय सीमा पार से घुसपैठ करने वाले पांच आतंकवादियों के एक समूह को रोका था। 27 मार्च को जिले में भीषण मुठभेड़ में चार पुलिसकर्मी, हेड कांस्टेबल जगबीर सिंह और ग्रेड कांस्टेबल जसवंत सिंह, बलविंदर सिंह और तारिक हुसैन बलिदान हो गए थे एवं दो आतंकवादी मारे गए थे। अधिकारियों ने बताया कि कठुआ, जम्मू और रियासी जिलों से आए शहीद पुलिसकर्मियों की पत्नियां तथा छह अन्य पुलिस शहीदों के रिश्तेदार इस कार्यक्रम में मौजूद थे।

छत्तीसगढ़ की नई धमनी बनेगी खरसिया-परमलकसा 5वीं-6वीं रेल लाइन, मिलेगा बंपर रोजगार : अश्विनी वैष्णव

एजेंसी

रायपुर। केंद्रीय कैबिनेट की ओर से मंजूर खरसिया-नया रायपुर-परमलकसा रेल प्रोजेक्ट के बारे में रेल, सूचना एवं प्रसारण, इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने दिल्ली में रेल भवन में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि यह प्रोजेक्ट छत्तीसगढ़ की रेल कनेक्टिविटी को बदलने वाला है। इस प्रोजेक्ट पर 8741 करोड़ रुपये की लागत आएगी। इससे पूरे छत्तीसगढ़ को एक छोर से दूसरे छोर तक कवरेज मिलेगा। रेल मंत्री ने कहा कि खरसिया-परमलकसा 5वीं-6वीं रेल लाइन छत्तीसगढ़ में रेल नेटवर्क की नई धमनी की तरह है। यह ओडिशा की सीमा से महाराष्ट्र की सीमा तक रेल नेटवर्क की सुविधा प्रदान करेगी। केन्द्रीय आवासन एवं शहरी राज्यमंत्री तोखन साहू ने छत्तीसगढ़ राज्य के लिए मंजूर किए गए इस परियोजना के लिए खुशी जाहिर करते हुए समस्त छत्तीसगढ़ के निवासियों की तरफ से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं केंद्र सरकार का धन्यवाद किया । प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार व्यक्त करते हुए रेल मंत्री ने कहा कि यह भारत के सबसे बड़े प्रोजेक्ट में से एक है । इससे



छत्तीसगढ़ के रायगढ़, जांजगीर चाँपा, बिलासपुर, बलौदा बाजार, दुर्ग और राजनांदगांव जैसे जिले जुड़ेंगे । इसके तहत 21 स्टेशन बनेंगे, 48 बड़े ब्रिज और साथ ही 349 माइनर ब्रिज, 14 फ्लाईओवर और 184 अंडर पास का निर्माण होगा । स्थानीय स्तर पर निवासियों को दिक्कत ना हो इसके लिए 5 रेल फ्लाईओवर भी निर्मित किए जाएंगे । रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि इस प्रोजेक्ट में 278 किलोमीटर रूट में 615 किलोमीटर लंबी पटरियां बिछाई जाएंगी। इस रूट के निर्माण के बाद 8 से ज्यादा मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों का संचालन किया जाएगा । इस रेल नेटवर्क के निर्माण से करीब 22 करोड़ लीटर डीजल बचेगा और रेलवे को लगभग 2500 करोड़ रुपये के डीजल की बचत होगी ।

वाराणसी एयरपोर्ट के 10 किमी के दायरे में उड़ानों की संरक्षा के लिए जागरूकता अभियान

एजेंसी

वाराणसी। बाबतपुर स्थित लाल बहादुर शास्त्री अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे के विमानतल के 10 किलोमीटर की परिधि में आने वाले गांवों को चिन्हित कर वहां के गांव प्रधानों को एयरक्राफ्ट अधिनियम की जानकारी दी जाएगी। इसको लेकर मंडलायुक्त कौशलराज शर्मा की अध्यक्षता में कमिश्नरी सभागार में विमानक्षेत्र पर्यावरण प्रबंधन समिति की बैठक हुई।

बैठक में कमिश्नर ने वाराणसी विमानतल से संचालित होने वाले उड़ानों की संरक्षा और विमानतल के आसपास के क्षेत्रों में बेहतर पर्यावरण प्रबंधन को लेकर अफसरों से चर्चा की। इसके बाद उन्होंने आवश्यक कदम उठाने के लिए सतत प्रयास का निर्देश दिया। कमिश्नर ने वाराणसी विमानतल के 10 किलोमीटर की परिधि में आने वाले सभी गांव को चिन्हित करने का कार्य मुख्य विकास अधिकारी को दिया। इन चिंहित गांवों में भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण, वाराणसी विमानतल वहां के गांव प्रधानों को एयरक्राफ्ट अधिनियम-1937 के नियम 90, 91 एवं एयरक्राफ्ट अधिनियम-1934 के

अन्य आवश्यक प्रावधानों की जानकारी देने के साथ प्रशिक्षण कार्यक्रम भी आयोजित होगा। चिंहित गांव में विमानक्षेत्र पर्यावरण प्रबंधन से संबन्धित जागरूकता फैलाने के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन पंचायत स्तर पर भी किया जायेगा। इसके अलावा विमानतल आसपास के क्षेत्रों में साफ-सफाई बनाये रखने के लिए पंचायती राज अधिनियम के प्रावधानों के तहत आवश्यक नियम जारी करने को कहा गया। इसके अनुपालन का कार्य बीडीओ, पिंडरा एवं बीडीओ, बड़ागांव कराएंगे। विमानतल की परिसीमा के समीप एनएच-56 पर वाहनों के लिए नो स्टॉपिंग जोन सुनिश्चित करने का कार्य एसीपी, पिंडरा को लगातार अभियान चलाने के लिए कहा गया।

संभल हिंसा में सांसद बर्क एसआईटी के समक्ष दर्ज कराएंगे बयान

एजेंसी

संभल। पांच माह पूर्व हुई संभल हिंसा के मामले में समाजवादी पार्टी (सपा) सांसद जियाउर्रहमान बर्क (एसआईटी के समक्ष अपना बयान दर्ज कराएंगे। सांसद पर आरोप है कि उन्होंन भड़काऊ बयान देकर लोगों को हिंसा के लिए उकसाया। उधर सांसद द्वारा बयान दर्ज कराने के दौरान पुलिस प्रशासन अलर्ट रहेगा।

संभल पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार बिश्नोई ने बताया कि सांसद जियाउर्रहमान बर्क ने आठ अप्रैल को एसआईटी के समक्ष अपना बयान दर्ज कराने की बात कही थी। यह भी कहा था कि वह विवेचना में पुलिस का पूरा सहयोग करेंगे। पूर्व में एसआईटी ने सांसद के दिल्ली स्थित आवास पर नोटिस तामील कराया था।उल्लेखनीय है कि पिछले साल 24 नवम्बर 2024 को संभल की विवादित जामा मस्जिद सर्वे के दौरान जमकर बवाल हुआ था। इस मामले में दर्ज मुकदमे में सांसद जियाउर्रहमान बर्क और सदर विधायक नवाब इकबाल महमूद के

बेटे सुहेल इकबाल नामजद आरोपी हैं। साथ ही अन्य अज्ञात आरोपी भी बनाए गए थे। इस मुकदमे में जामा मस्जिद कमेटी के सदर जफर अली आदि की भूमिका प्रकाश में आई तो उनकी गिरफ्तारी की गई थी। सदर जफर अली के खिलाफ बवाल की साजिश ने गंभीर अपराध में झूठे बयान देने के मामले में सबूत मिले थे।

गुजरात में पिछले 30 वर्ष से लोकतंत्र का गला दबाया जा रहा : पवन खेरा

एजेंसी

अहमदाबाद। कांग्रेस के राष्ट्रीय अधिवेशन के तहत कांग्रेस मुख्यालय राजीव गांधी भवन एआईसीसी मीडिया एंड पब्लिसिटी डिपार्टमेंट के अध्यक्ष पवन खेरा ने मीडिया को संबोधित किया। खेरा ने कहा कि गुजरात में पिछले 30 वर्ष से लोकतंत्र का गला दबाया जा रहा है। कांग्रेस राजनीतिक पार्टी से अधिक समाज की आवाज है। समाज की आवाज को नहीं दबाया जा सकता है।

इस अवसर पर कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष शक्तिसिंह गोहिल ने कहा कि कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अधिवेशन से कांग्रेस की विचारधारा की पुनर्स्थापना अधिक मजबूत होगा। सरदार पटेल की लाइन छोटी करने वालों को संदेश देंगे। सरदार स्मारक में सरदार पटेल की घड़ी, कुर्सी, धोती, बंडी, कुर्ता है। महानुभावओं

का ओरा का प्रताप है, इस वजह से वहां सीडब्ल्यूसी है। करमसद मिटाने का प्रयत्न किया जा रहा है। स्टेडियम सरदार पटेल के नाम का था, उसे मिटा दिया गया है। इससे पूर्व खेरा ने कहा कि गुजरात के सभी नेता लगातार अधिवेशन की तैयारी में हैं। गुजरात के नेतृत्व का वे अभिनंदन करते हैं। कांग्रेस का अधिवेशन पार्टी की मीटिंग नहीं है, परिवार की मीटिंग है। कोई एक नेता निर्णय ले और सभी उसका पालन करें, यह संभव नहीं है। कांग्रेस में कभी ऐसा नहीं होता है। अंग्रेजों के शासन के समय कांग्रेस ने जनता को साथ रखकर अंधेरा दूर किया। अंधेरा दूर करना यह लगातार संघर्ष है। खेरा ने कहा कि अधिवेशन का थीम सरदार पटेल और महात्मा गांधी के विचारों पर आयोजित होगा। 08 अप्रेल को सुबह 11.30 बजे सीडब्ल्यूसी सरदार पटेल स्मारक में आयोजित होगा। इसमें समग्र देश के प्रदेश प्रमुख, सीडब्ल्यूसी के सदस्य, विधायक दल के नेता, सीएलपी नेता आएंगे। शाम 5 बजे प्रार्थना सभा होगी। शाम 7 बजे अधिवेशन के वेन्यू पर सांस्कृतिक कार्यक्रम होगा। सांस्कृतिक कार्यक्रम में गुजरात की परंपरा को उजागर किया जाएगा।

एक राष्ट्र, एक चुनाव से ही देश में आएगी राजनीतिक स्थिरता: मुख्यमंत्री योगी

एजेंसी

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि लोकतंत्र में अपनी पंसद का जनप्रतिनिधि चुनना जनता का अधिकार है, लेकिन बार-बार चुनाव जनता पर अनावश्यक बोझ डालता है। उन्होंने कहा कि यह राजनीतिक अस्थिरता को न सिर्फ जन्म देता है बल्कि देश के अंदर विकास की संभावनाओं को बाधित करता है और सार्वजनिक जीवन में भ्रष्टाचार को बढ़ावा देता है। उन्होंने कहा कि राजनीतिक अस्थिरता कभी भी देश को संप्रभुता संपन्न और विकसित देश की परिकल्पना को साकार करने में सहभागी नहीं बन सकती है। बार-बार का इलेक्शन देश और प्रदेश की जीडीपी को प्रभावित करता है। विकास के लिए चालू योजनाओं में बैरियर का काम करता है और लोकतंत्र के प्रति लोगों के आकर्षण को भी कम करता है।

सीएम योगी लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित एक राष्ट्र-एक चुनाव अभियान के अंतर्गत विभिन्न सामाजिक संगठनों एवं स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधियों द्वारा आयोजित राज्यस्तरीय सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'वन नेशन वन इलेक्शन' विजन को साकार करने की आवश्यकता है, जो 2019 में लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की प्रतिमा अनावरण के दौरान घोषित हुआ था। सीएम योगी ने कहा कि यह विचार पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई का भी था, जिन्होंने राजनीतिक स्थिरता को सुशासन, सुरक्षा और विकास की पहली शर्त माना था। सीएम योगी ने कहा कि 1952 से 1967 तक लोकसभा और विधानसभा के चुनाव एक साथ हुए, लेकिन कांग्रेस की अंदरूनी टूट के बाद यह प्रथा समाप्त हो गई। उन्होंने कहा कि 1967 के बाद सरकारें भंग की गईं, राष्ट्रपति शासन लगा और राजनीतिक अस्थिरता ने देश को भटकाया। 1980 के दशक में भी यह मुद्दा उठा, लेकिन आगे नहीं बढ़ सका।

छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा में साढ़े चार लाख के इनामी सहित 26 नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

एजेंसी

दंतेवाड़ा। छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा जिले में चलाए जा रहे नक्सल उन्मूलन अभियान 'लोन वर्राटू' (घर वापस आइए) के तहत अलग-अलग इलाकों में सक्रिय 26 नक्सलियों ने दंतेवाड़ा डीआरजी कार्यालय में आज आत्मसमर्पण कर दिया है। आत्मसमर्पण करने वाले सभी नक्सली कई बड़ी घटनाओं में शामिल रह चुके हैं। दंतेवाड़ा पुलिस अधीक्षक गौरव रॉय ने बताया कि आत्मसमर्पण करने वाले 26 नक्सलियों को शासन की पुनर्वास नीति के तहत आवश्यक सहायता और सुविधा प्रदान की जाएगी। पुलिस और प्रशासन ने सभी का स्वागत करते हुए उन्हें बेहतर भविष्य का आश्वासन दिया है। आत्मसमर्पण करने वालों में तीन नक्सलियों पर कुल 4 लाख 50 हजार रुपये का

इनाम घोषित था। आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों को छत्तीसगढ़ सरकार की नवनिर्मित पुनर्वास नीति के तहत 50-50 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। इसके अलावा, उन्हें स्किल डेवलपमेंट के लिए प्रशिक्षण, कृषि भूमि और अन्य सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जाएंगी। पुलिस के मुताबिक आत्मसमर्पण करने वाले इनामी नक्सलियों में 36 वर्षीय राजेश कश्यप उर्फ गमसन कश्यप ,निवासी बोदली नयापारा थाना मालेवाही जिला बस्तर, आमदई एरिया कमेटी जनमिलिशिया कमाण्डर (इनामी तीन लाख), 30 वर्षीय कोसा माड़वी ,निवासी बोडेपल्ली पटेलपारा थाना किरन्दुल जिला दंतेवाड़ा, गमपुर आरपीसी जनताना सरकार अध्यक्ष (इनामी एक लाख), 22 वर्षीय छोटू कुंजाम ,निवासी बेचापाल गाण्डुकलपारा थाना मिरतुर जिला बीजापुर, बेचापालआरपीसी सीएनएम सदस्य (इनामी 50 हजार) भी शामिल हैं। इनके अतिरिक्त 22 वर्षीय रीना ओयाम , निवासी बेचापाल पदमपारा थाना मिरतुर जिला दन्तेवाड़ा, बेचापाल आरपीसी मिलिशिया सदस्य (निरंक), 30 वर्षीय महेश उर्फ बंडरा कड़ती उम्र लगभग 30 वर्ष निवासी बेचापाल कड़तीपारा थाना मिरतुर जिला बीजापुर- बेचापाल आरपीसी जंगल शाखा अध्यक्ष, 16 वर्षीय जो कि बेचापाल आरपीसी मिलिशिया सदस्य था, ने भी साथ में आत्मसमर्पण किया है।

करोड़ों की धोखाधड़ी के मामले में ईडी ने विनय शंकर तिवारी को किया गिरफ्तार

एजेंसी

लखनऊ। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने समाजवादी पार्टी (सपा) के पूर्व विधायक विनय शंकर तिवारी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। उनके सहयोगी को भी गिरफ्तार कर कार्रवाई की है। भाई कुशल शंकर तिवारी ने बताया कि ये सब सरकार के इशारे पर हो रहा है। इससे पहले ईडी ने उनकी कंपनी मेसर्स गंगोत्री इंटरप्राइजेज के लखनऊ, गोरखपुर, मुम्बई समेत कई जगहों पर छापा मारा था। कार्रवाई के दौरान दावा है कि करोड़ों रुपये की संपत्ति और धांधली से जुड़े इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य हाथ लगे हैं। ईडी ने उनके खिलाफ चार्जशीट तैयार कर कोर्ट में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है। ये कार्रवाई बैंक आफ इंडिया के कलस्टर से 754 करोड़ रुपये हड़पने के मामले की गई है। ईडी के अधिकारियों के अनुसार, उनकी कंपनी मेसर्स गंगोत्री एंटरप्राइजेज लिमिटेड ने अपने, निदेशकों, गारंटरों, प्रमोटरों संग मिलकर बैंक ऑफ इंडिया से जुड़े सात बैंकों के कंसोर्टियम से 1129.44 करोड़ रुपये की क्रेडिट सुविधा ली थी। बैंकों को पैसे वापस न करने की बजाए कंपनी ने अन्य सहयोगी कंपनियों में डायवर्ट कर दिया था। इससे बैंकों करीब 754.24 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ था। बैंकों की शिकायत पर सीबीआई मुख्यालय में कंपनी के मुखिया पूर्व विधायक विनय शंकर और कंपनी के समस्त निदेशक, प्रमोटर और गारंटर के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू की थी।

गुजरात में देश भर की 550 महिला तीरंदाज लगाएंगी निशाना

एजेंसी

गांधीनगर। गुजरात के बनासकांठा जिले में स्थित शक्ति, भक्ति और आस्था के संगम यानी शक्तिपीठ अंबाजी की पावन भूमि में पहली बार नेशनल थर्मल पावर कारपोरेशन (एनटीपीसी) खेलो इंडिया राष्ट्रीय रैंकिंग महिला तीरंदाजी टूर्नामेंट का आयोजन होने जा रहा है। चैत्र नवरात्रि के समापन के बाद 10 अप्रैल के दौरान आदिशक्ति मां अंबा के शहर अंबाजी में आयोजित 'आदिशक्ति-राष्ट्रीय महिला तीरंदाजी प्रतियोगिता' में 28 राज्यों और आठ केंद्र शासित प्रदेशों की लगभग 550 महिलाएं हिस्सा लेंगी। भारत में खेलों को बढ़ावा देने में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार द्वारा शुरू की गई 'खेलो इंडिया गेम्स' पहल ने काफी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इस पहल के तहत मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल की अगुवाई वाली गुजरात सरकार के नेतृत्व में बनासकांठा जिले की दांता तहसील में स्थित शक्तिपीठअंबाजी में गुजरात खेल प्राधिकरण (एसएजी), गुजरात पर्यटन निगम लिमिटेड (टीसीजीएल) और भारतीय तीरंदाजी संघ (एएआई) की ओर से राष्ट्रीय महिला तीरंदाजी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। 'संकल्प की शक्ति से सफलता के शिखर पर' ध्येय वाक्य के साथ देश भर की महिला खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगी। उल्लेखनीय है कि राज्य सरकार ने इस तीरंदाजी प्रतियोगिता के उद्घाटन के साथ ही भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती मनाने का भी निर्णय किया है।गुजरात सरकार के प्रवक्ता के मुताबिक चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की एकादशी से त्रयोदशी तक आयोजित 'आदिशक्ति-राष्ट्रीय महिला तीरंदाजी प्रतियोगिता' में लगभग 550 महिला खिलाड़ी हिस्सा लेंगी। अंबाजी के जीएमडीसी मैदान में आठ अप्रैल (मंगलवार) को उद्घाटन समारोह और क्वालिफिकेशन राउंड, नौ अप्रैल को शीर्ष 16 के लिए नॉकआउट राउंड, आरती और लाइट एंड साउंड शो तथा 10 अप्रैल को मैडल मैच और पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित होगा। रिकर्व (पारंपरिक धनुष) और कंपाउंड (अत्याधुनिक धनुष), दोनों इवेंट में विजेता खिलाड़ियों को 41 लाख 52 हजार रुपये के नकद पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में 100 से अधिक स्थानीय कलाकारों द्वारा माताजी की स्तुति एवं अर्चना की प्रस्तुति भी आकर्षण का केंद्र बनेगी। उल्लेखनीय है कि गुजरात खेल प्राधिकरण हर साल भारतीय तीरंदाजी संघ के सहयोग से इस इवेंट का आयोजन करेगा।

अगर बच्चा होमवर्क न करे तो करें बातचीत

अभिभावकों को अक्सर लगता है कि बच्चे स्कूल में अच्छा करें यह उनकी भी जिम्मेदारी बनती है। यह जिम्मेदारी चिंता में तब्दील हो जाती है। आपके विचार बच्चे के बिगड़ते भविष्य तक भी पहुंच जाते हैं। और ऐसा न हो इसके लिए सही तरीके से किया गया होमवर्क पहला कदम नजर आने लगता है।

इस कारण आप बच्चे को बार बार होमवर्क करने के लिए कहते हैं। उसकी नोटबुक देखकर जानने की कोशिश करते हैं आखिर आज का काम क्या है। कुछ समझ आता है कुछ नहीं समझ पाते। जानिए आखिर कैसे आप बच्चे को करा सकते हैं होमवर्क आसानी से और डाल सकते हैं उनके कुछ बहुत अच्छी आदतें डालें।

बच्चे के साथ बैठिए

अपने बच्चे के साथ बैठिए और उसके साथ अपनी आगे आने वाले साल के विषय में बातचीत कीजिए। बेहतर होगा एकेडिमिक ईयर की शुरूआत में ही प्लान बन जाए ताकि आपके और बच्चे के पास भरपूर वक्त और मौका रहे। ऐसी इच्छाएं ही रखिए जो हो सकती हैं। जरूरत से अधिक अपेक्षाएं बच्चे पर अतिरिक्त मानसिक बोझ डाल सकती हैं। अपने बच्चे के कमजोर क्षेत्रों को पहचानें। उसका पिछले साल का रिपोर्ट कार्ड और उसका अनुभव इसमें आपकी मदद करेगा। इस हिस्से पर आपको और बच्चे को अधिक काम करना है।

दिन के घंटे बांटिए आपके बच्चे की पिछले साल भी कुछ दिनचर्या रही होगी। इस बार टाइमटेबल में उन गल्तियों को जगह न दें जो पिछले साल परेशानी का कारण बन गईं थीं। हो सकता है पिछले साल बच्चे का सोने और होमवर्क का समय एक ही हो ऐसे में टीवी के टाइम में कटौती कर थोड़ा पहले होमवर्क करना समझदारीभर होगा।

होमवर्क को रोचक बनाने की कोशिश करें क्या आपका बच्चा पढ़ने से जी चुराता है? ऐसे में आप दूसरे बच्चों के उदाहरण दे देकर उसे इंस्पायर करने की कोशिश करने में उसके मन में जलन और असुरक्षा की भावना पैदा करते हैं। बच्चा न पढ़ने के बहाने ढूंढ़ने लगता है। बच्चे को दूसरे बच्चे के उदाहरण देने के बदले, पढ़ाई को खेल खेल में सिखाने की कोशिश करें। ऐसे नए तरीके खोजने की कोशिश करें जिसमें बच्चे का मन लगे। आप अपने बच्चे को सबसे बेहतर जानते हैं और आप ही उसकी पसंद की एक्टिविटी आसानी से खोज सकते हैं।

होमवर्क प्लान का आंकलन करें एकेडमिक ईयर की शुरूआत में बनाया गया प्लान हो सकता है सही न हो। इस समस्या के उपाय के तौर पर बीच बीच में इस प्लान का मूल्यांकन करें। अपने बच्चे से सलाह मशवरा करें और अगर जरूरी लगता है तो इसमें बदलाव अवश्य करें।

बच्चों को भी काम की अधिकता इतनी होती है कि अगर सही टाइमटेबल मैंटेन नहीं किया जाए तो काम इकट्ठा हो जाता है और समस्या बहुत बढ़ जाती है। होमवर्क सही तरीके से होता रहे इसके लिए जरूरी है कि आप टाइमटेबल फॉलो होने पर ध्यान दें।6. स्कूल के बाद दें आधे घंटे का ब्रेक स्कूल से लौटने के बाद बच्चे को आधे घंटे का ब्रेक दें। इस दौरान बच्चा न तो टीवी देखें, न इमेल चेक करें और न हीं वीडियों गेम्स खेलना शुरू करे। अगर बच्चा इन सब में लग जाता है तो वह आधे घंटे के बाद उठने से रहा। बजाय रात में होमवर्क के बच्चे को दिन में अधिकतर काम निपटा लेने के लिए प्रेरित करें। रात में घर के सभी सदस्य घर पर होने से बच्चे का मन टीवी और सभी के साथ बैठने का रहता है। ऐसे में अकेले बैठकर पढ़ना मुश्किल काम है।



बच्चों को ज़िम्मेदार भी बनाते हैं पेट्स

आजकल एकल परिवार हैं। ऐसे में बढ़ती महंगाई और खर्चों के कारण अब माता-पिता दोनों काम करते हैं और इस कारण उन्हें ज्यादातर समय घर से बाहर ही रहना पड़ता है। ऐसे में देखा गया है कि बच्चे, विशेषकर अकेला बच्चा, खुद को अकेला और उपेक्षित महसूस करता है। ज्यादातर मामलों में अभिभावक अपने बच्चों के साथी के तौर पर पालतू जानवरों पसंदीदा (पेट्स) को रखते हैं।

एक पालतू जानवर बच्चे के भाई-दोस्त या परिवार के सदस्य की जगह नहीं ले सकता, पर यह बच्चे के खालीपन को जरूर भर सकता है। बच्चा इनके साथ खेलते हुए कई चीजें सीखता है।

ज्यादातर अभिभावक अपने बच्चों को मजबूत बनना सिखाते हैं। लेकिन जब एक बच्चा घर में किसी पेट्स के साथ बड़ा होता है तो वह ज्यादा संवेदनशील होना सीखता है। वह इनके बीमार होने पर दर्द समझता है।

पेट्स के साथ वक्त बिताने का एक अन्य फायदा यह होता है कि बच्चे ज्यादा सतर्क रहना सीख जाते हैं। वह जान जाते हैं कि कब उसे भूख लगी है।

पालतू जानवरों की देखभाल करते वक्त केयरिंग, संवेदनशील और चौकन्ना रहने की जरूरत होती है और पेट्स के साथ वक्त बिताते हुए बच्चे कम उम्र में ही इन खूबियों को अपने अंदर ढाल लेते हैं।

पेट्स के साथ बड़े होने का एक अन्य फायदा है कि इससे बच्चे जिम्मेदार बनना सीखते हैं।

पेट्स का साथ बच्चों को जिम्मेदार बनना सिखाता है क्योंकि वह अपने प्यारे पेट्स की सभी जरूरतों का ख्याल रखते हैं। यदि बच्चे को उसके पेट्स के खाने, घुमाने और डॉक्टर का अपॉइंटमेंट लेने जैसी जिम्मेदारी दे दी जाएं, तो वह अपने काम को सही तरीके से अंजाम देते हैं।

बच्चों को जिंदगी और मौत की अवधारणा के बारे में समझाना बहुत मुश्किल होता है। पेट्स के साथ रखकर उन्हें जिंदगी और मौत के चक्र के बारे में बताया जा सकता है।

एक अभिभावक होने के नाते आप अपने पालतू जानवर के जीवन का हर पड़ाव देखते हैं। आप उसके बचपन से लेकर उसे बड़ा होते हुए और फिर वृद्धावस्था में जाने के बाद उसकी मृत्यु को भी देखते हैं। उनकी यह जिंदगी और मौत हमें इंसान के जीवन के पूरे चक्र के बारे में बताते हैं।

अपने साथ पेट्स को रखना अपने अच्छे दोस्त को घर पर रखने जैसा होता है। घर में रहने वाला पेट्स न सिर्फ घर में सभी के लिए तनाव दूर करने वाला बनता है बल्कि आपके बच्चों को रचनात्मक रूप से व्यस्त भी रखता है। पेट्स की देखभाल करते हुए बच्चे दयालु, निस्वार्थ, केयरिंग और जिम्मेदार बनना सीखते है। घर में रहने वाले पेट्स आपके बच्चे को सही और आसान तरीके से बेहतर इंसान बनने में मदद करते हैं।

बच्चों को लिखना ऐसे सिखायें

लिखना भी एक कला है, लेकिन बच्चों को लिखना सिखाना तो यह और भी बड़ी कला है। बच्चों को लिखना सिखाने के लिए माता-पिता, अध्यापक तथा घर के अन्य बड़े सदस्यों का सहयोग बहुत ही आवश्यक है। बहुत से माता-पिता को यह समस्या होती है कि बच्चों को लिखना कैसे सिखाया जाए? जिस प्रकार बच्चों को पढ़ाने के लिए लगातार अभ्यास कराना पड़ता है, उसी प्रकार लिखने का भी निरन्तर प्रयास कराना आवश्यक है। पढ़ने की तुलना में लिखना ज्यादा कठिन है। ऐसा देखा गया है कि जो जल्दी पढ़ना सीख जाते हैं वे लिखना देर से सीखते हैं। कुछ बच्चों को पढ़ना-लिखना साथ-साथ सिखाया जाता है। बच्चों को लिखना सिखाने के लिए माता-पिता, अध्यापक तथा घर के अन्य बड़े सदस्यों का सहयोग बहुत ही आवश्यक है।

यदि बच्चे ने मेहनत करके लिखा है तो बड़ों को चाहिए कि वह उसे देखें तथा उन्हें पढ़ कर सुनाने के लिए कहें। समान्यत- बच्चे वही लिखते हैं, जो सरल पाते हैं। बच्चे लिखने-पढ़ने में जल्दबाज़ी नहीं करते। कुछ बच्चे लिखना पढ़ना एक साथ सीख जाते हैं। प्रारम्भ में बच्चों को लिखने की शिक्षा माता-पिता तथा घर के अन्य बड़े सदस्यों द्वारा घर पर ही दी जाती है। बाद में जब बच्चा स्कूल जाने लगता है तो यह ज़िम्मेदारी शिक्षकों पर आ जाती है, लेकिन स्कूल जाना प्रारम्भ करने के बाद भी माता-पिता की ज़िम्मेदारी बनी ही रहती है कि बच्चा स्पष्ट व सुंदर लिखे।

शिक्षकों का कहना है कि बच्चों को सर्वप्रथम छपे हुए अलग-अलग वर्णमाला पढ़ना सिखाना चाहिए, जिससे अक्षरों को पढ़ने व पहचानने की क्षमता जागृत हो। आमतौर पर वे बेहद एकाग्र होकर कसकर पैंसिल पकड़ कर लिखते हैं, जिससे उनकी आंखों पर जोर पड़ने की सम्भावना होती है। परिणामस्वरूप शीघ्र ही उसे चश्मा पहनना पड़ता है। माता-पिता को बच्चों की इस आदत पर नियंत्रण प्रारम्भ से ही रखना चाहिए।

आज की पीढ़ी में देखा गया है कि बच्चे काफी कम उम्र में लिखने-पढ़ने के प्रति रुचि दिखाने लगते हैं। विशेषकर दूरदर्शन, रेडियो आदि के प्रभाव से जल्द समझदार हो जाते हैं। उनमें बड़ों को देख कर लिखने की इच्छा जागती है। वे अपना, अपने मित्रों तथा माता-पिता का नाम लिखने का प्रयास करते हैं। माता-पिता या बड़ों को चाहिए कि वे ऐसे मौके का पूरा फायदा उठाएं, बच्चों में सही व सुन्दर लिखने को प्रोत्साहित करें। सीखने की रुचि बच्चों में स्वयं ही होती है। अत- वह बड़ों के कहने को बहुत ही गम्भीरता से लेते हैं, जिससे उनके लिखने की योग्यता विकसित होती है।

बच्चों के टिफिन को ऐसे करें तैयार

बच्चे बहुत मूडी होते हैं। इसलिए इस बात का खास ख़्याल रखें कि बच्चों का खाना इस तरह का हो, जिससे उन्हें अधिक से अधिक पौष्टिक तत्व मिल सकें और यह उनकी पसंद का भी होना चाहिये। अक्सर बच्चे फल और सलाद खाने में आनाकानी करते हैं, पर उन्हें विभिन्न शेप, साइज़ और डिज़ाइन में काटकर और कलरफुल लुक देकर खाने के लिए प्रेरित किया जा सकता है।

इस प्रकार का खाना रखें

कुछ बच्चे खाने में अधिक समय लगाते हैं। इसलिए खाना स्वादिष्ट, साद व आसानी से खानेवाला होना चाहिए।

कई बार खाना टिफिन में इस तरह से पैक किया हुआ होता है कि बच्चे हाथ गंदे कर लेते हैं या पैकिंग खोल नहीं पाते हैं। इसलिए टिफिन में लंच इस तरह से पैक करें कि बच्चे आसानी से खोल व खा सकें.

सैंडविचेज़, रोल्स और परांठा को काटकर दें, ताकि बच्चे आसानी से खा सकें।

यदि लंच ब्रेक के लिए सेब, तरबूज़, केला आदि दे रही हैं, तो उन्हें छीलकर, बीज निकालकर और स्लाइस में काटकर दें।

टिफिन खरीदते समय ध्यान दें

टिफिन ख़रीदते समय इस बात का ध्यान रखें कि टिफिन ऐसा हो, जिसे बच्चे आसानी से खोल व बंद कर सकें।

बच्चों को टिफिन में फ्राइड फूड न दें। यदि कटलेट, कबाब व पेटिस आदि दे रही हैं, तो वे भी डीप फ्राई किए हुए न हों।

लंच में खाने की अलग-अलग वेराइटी बनाकर दें। उदाहरण के लिए- कभी फ्रूट्स दें, तो कभी सैंडविच, कभी वेज रोल, तो कभी स्टफ्ड परांठा।

बच्चों को टिफिन में फ्रूट्स व वेजीटेबल (ककड़ी, गाजर आदि) सलाद भी दे सकती हैं, लेकिन सलाद में केवल एक ही फल, ककड़ी या गाजर काटकर न दें, बल्कि कलरफुल सलाद बनाकर दें। बच्चों को कलरफुल चीज़ें आकर्षित करती हैं।

ककड़ी, गाजर और फल आदि को शेप कटर से काटकर दें। ये शेप्स देखने में अच्छे लगते हैं और विभिन्न शेप्स में कटी हुई चीज़ों को देखकर बच्चे खुश होकर खा भी लेते हैं।

सलाद को कलरफुल और न्यूट्रिशियस बनाने के लिए उसमें इच्छानुसार काला चना, काबुली चना, कॉर्न, बादाम, किशमिश आदि भी डाल सकती हैं।

ओमेगा3 को 'ब्रेन फूड' कहते हैं, जो मस्तिष्क के विकास में बहुत फ़ायदेमंद होता है। इसलिए उन्हें लंच में वॉलनट, स्ट्रॉबेरी, कीवी फ्रूट, सोयाबीन्स, फूलगोभी, पालक, ब्रोकोली, फ्लैक्ससीड से बनी डिश दें।

मल्टीग्रेन ब्रेड रहेगी अच्छी

व्हाइट ब्रेड (मैदेवाली ब्रेड) स्वास्थ्य को नुक़सान पहुंचाती है, इसलिए उन्हें व्हाइट ब्रेड की जगह मल्टीग्रेन ब्रेड से बने सैंडविचेज़ और रोल्स आदि दें। इन सैंडविचेज़ और रोल्स में सब्ज़ियां, सलाद और चीज़ आदि भरकर उन्हें अधिक हेल्दी और टेस्टी बना सकती हैं।

लंच में यदि डेयरी प्रोडक्ट देना चाहती हैं, तो चीज़ स्टिक्स/क्यूब्स और दही दे सकती हैं। यदि दही दे रही हैं, तो वह ताज़ा हो।

खाने के समय बच्चों को अधिक प्रोटीन की आवश्यकता होती है। इसलिए उन्हें लंच में उबला हुआ अंडा, पीनट बटर, दाल परांठा, काबुली चना, सोया, पनीर, बीन्स आदि से बना खाना दें हेल्दी लंच के साथ-साथ बच्चों को पानी की बॉटल भी दें।



सेल्फी की आदत से बच्चों को दूर रखें

आजकल मोबाइल की पहुंच बच्चों ओर किशोरों तक भी है और वह भी सेल्फी लेने लगे हैं। वहीं इससे लगातार हादसे के मामले सामने आ रहे हैं। ऐसे में बच्चों को इस आदत से दूर रखना अभिभावकों का काम है। वहीं विशेषज्ञों के अनुसार हम एक ऐसे युग में रहते हैं जहां मोबाइल फोन हमारे जीवन में प्रवेश कर चुका है और वास्तविक मानवीय संपर्क लगभग न के बराबर है हालांकि प्रौद्योगिकी ने सभी के लिए जीवन को आसान बना दिया है, लेकिन इसके साथ एक गंभीर समस्या भी है। पिछले दो वर्षों में दुनिया भर में सेल्फी का बुखार बढ़ा है। सेल्फी को दुनिया भर में बड़ी संख्या में मृत्यु दर और महत्वपूर्ण बीमारी से जोड़ा गया है।

इस डिजिटल युग में, अच्छे स्वास्थ्य के लिए तकनीक का इस्तेमाल जरुरत से ज्यादा न हो। हम में से बहुत से लोग ऐसे उपकरणों के गुलाम बन गए हैं जो वास्तव में हमें फ्री टाइम देने और जीवन को बेहतर तरीके से अनुभव करने तथा लोगों के साथ अधिक समय बिताने के लिए बनाये गये थे। जब तक जल्द से जल्द एहतियाती उपाय नहीं किए जाते, यह लत लंबी अवधि में किसी के स्वास्थ्य के लिए हानिकारक साबित हो सकती है।

मोबाइल फोन के अधिक उपयोग के कारण होने वाली समस्याओं को अभिभावक इस प्रकार रोकें।

बच्चों को सोने से 30 मिनट पहले किसी भी इलेक्ट्रॉनिक गैजेट का उपयोग न करने दें

हर तीन महीने में सात दिन के लिए फेसबुक से दूर रखें।सप्ताह में एक बार, पूरे दिन के लिए सोशल मीडिया का उपयोग न करने दे।अपने मोबाइल फोन का उपयोग केवल तभी करें जब घर से बाहर हों।

अपने मोबाइल टॉक टाइम को दिन में दो घंटे तक सीमित करें। अपने मोबाइल की बैटरी को दिन में एक से अधिक बार रिचार्ज न करें। मोबाइल भी अस्पताल में संक्रमण का एक स्रोत हो सकता है, इसलिए, इसे हर दिन कीटाणुरहित किया जाना चाहिए।

बिली जीन किंग कप 2025: पुणे में होगा एशिया-ओशिनिया ग्रुप-1 का भव्य आगाज

हैदराबाद।

पुणे। पुणे के म्हालुंगे बालेवाड़ी टेनिस कॉम्प्लेक्स में 08 अप्रैल से बिली जीन किंग कप 2025 एशिया-ओशिनिया ग्रुप-1 का रोमांचक आगाज होने जा रहा है। एमएसएलटीए द्वारा एआईटीए और पीएमडीटीए के सहयोग से आयोजित इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में भारत सहित छह देशों की टीमें भाग लेंगी। 'सुहाना' प्रायोजित भारतीय टीम इस बार न्यूजीलैंड, चीनी ताइपे, कोरिया गणराज्य, थाईलैंड और हांगकांग चीन के खिलाफ राउंड-रॉबिन प्रारूप में भिड़ेगी। शीर्ष दो टीमें प्ले-ऑफ चरण में जगह बनाएंगी। भारत की शीर्ष एकल खिलाड़ी अंकिता रैना के नेतृत्व में टीम में साहजा यमलापल्ली, श्रीवल्लि भामिडिपाटी, वैदेही चौधरी और अनुभवी युगल विशेषज्ञ प्रार्थना थोंबरे शामिल हैं। 15 वर्षीय उभरती प्रतिभा माया राजेश्वरन रिवर प्लेयर के रूप में टीम का हिस्सा होंगी। टीम के कप्तान विशाल उप्पल और कोच राधिका कानिटकर तुपुले हैं। अंकिता रैना ने कहा, हर खिलाड़ी को यह याद रखना चाहिए कि वह देश के लिए खेल रहा है। परिणाम की चिंता किए बिना अपना सर्वश्रेष्ठ दें और हर पल का आनंद लें। वहीं श्रीवल्लि ने टीम की एकजुटता को सफलता की कुंजी बताया।

पैरा टेबल टेनिस खिलाड़ी कुणाल अरोड़ा ने राष्ट्रीय स्पर्धा में दो स्वर्ण, दो रजत व एक कांस्य पदक जीता

मुरादाबाद। मुरादाबाद महानगर निवासी पैरा टेबल टेनिस खिलाड़ी व थैलेसीमिया से पीड़ित कुणाल अरोड़ा ने राष्ट्रीय स्पर्धा में दो स्वर्ण, दो रजत व एक कांस्य पदक जीतकर पीतलनगरी का नाम रोशन किया है। यह प्रतियोगिता गुजरात में 28 मार्च से 6 अप्रैल तक सम्पन्न हुई। कुणाल अरोड़ा के मुरादाबाद लौटने पर उनके पिता यशपाल अरोड़ा और कोच अनिल सेन ने बताया कि थैलेसीमिया से पीड़ित होने के कारण कुणाल को हर 15 दिन में रक्त चढ़ाना पड़ता है। इस बार वह रक्त चढ़ाने के तुरंत बाद गुजरात में आयोजित राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगितामें खेलने चले गए थे। जबकि कुणाल का इलाज कर रहे चिकित्सकों का कहना था कि इससे उनके दिल पर असर पड़ सकता है। वहीं कुणाल ने बताया राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में प्रतिभा करना उनके लिए एक अचीवमेंट था, इसीलिए उन्होंने पूरी हिम्मत के साथ इसमें प्रतिभाग किया।

नई गेंद से विकेट लेना केकेआर के जीत की चाबी: ओटिस गिब्सन

कोलकाता। कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के असिस्टेंट कोच ओटिस गिब्सन ने आगामी मुकाबले से पहले टीम की गेंदबाजी रणनीति को लेकर आत्मविश्वास जताया है। ईडन गार्डन्स में 08 अप्रैल को लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के खिलाफ होने वाले मैच से पहले प्रेस कॉन्फ्रेंस में गिब्सन ने कहा, हमारा लक्ष्य है कि नई गेंद से विकेट लेना है, जो हमने पिछली जीत में किया था। हम आगे भी यही रणनीति अपनाएंगे। गिब्सन ने बताया कि टीम के भारतीय तेज गेंदबाज विशेष रूप से प्रभावित कर रहे हैं। उन्होंने वैभव अरोड़ा और हर्षित राणा की तारीफ करते हुए कहा, इन दोनों ने इस सीजन में शानदार प्रदर्शन किया है। पिछले मैच में हमने अंतरराष्ट्रीय गेंदबाज स्पेंसर जॉनसन को बाहर बैठाया और इन दो युवाओं पर भरोसा जताया, जो हमारी ताकत को दर्शाता है। वैभव अरोड़ा की प्रगति में टीम मेंटर ड्वेन ब्रावो की बड़ी भूमिका रही है। गिब्सन ने बताया, वैभव, ब्रावो के साथ मिलकर अपनी रणनीति पर मेहनत कर रहे हैं - ओवर कैसे सेट करने हैं, विकेट कैसे निकालने हैं। इसका उन्हें फायदा मिल रहा है। गिब्सन ने टीम की गेंदबाजी इकाई को 'ताकत' बताया और कहा कि स्पिन विभाग में वरुण चक्रवर्ती और सुनील नरेन जैसे दो बेहतरीन स्पिनर हैं। उन्होंने कहा, अगर नई गेंद से विकेट नहीं भी मिलते, तो हमारे पास वरुण और नरेन जैसे गेंदबाज हैं, जो मिडिल ओवर्स में मैच का रुख बदल सकते हैं।

आशीष कुमार व सागरिका ने जीती विवेक मैराथन

बिजनौर। विवेक विश्वविद्यालय द्वारा विश्व स्वास्थ्य दिवस पर मैराथन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें पुरुष वर्ग में आशीष कुमार तथा महिला वर्ग में सागरिका ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। द्वितीय स्थान पर पुरुष वर्ग में विरेन्द्र सिंह तथा महिला वर्ग में काजल कुमारी रही तथा तृतीय स्थान पर पुरुष वर्ग में मोनू एवं महिला वर्ग में सना रही। इसके अलावा प्रथम 25 प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार से नवाजा गया। मैराथन में प्रथम पुरस्कार ग्यारह हजार रुपये द्वितीय पुरस्कार 5100 रुपये तथा तृतीय पुरस्कार 2100 रुपये महिला व पुरुष दोनों वर्गो को अलग-अलग दिये गये। इलाके में आज ठप रहेगी बिजली आपूर्ति, पहले ही निबटा लें काम मैराथन का शुभारम्भ प्रातः 7 बजे नेहरू स्टेडियम से विश्वविद्यालय के चांसलर अमित गोयल प्रो चांसलर दीपक मित्तल वाइस चांसलर एन.के.गुप्ता, वित्तीय सलाहकार अनिल शर्मा एवं जिला क्रीडाधिकारी राजकुमार द्वारा हरी झंडी दिखाकर शुभारम्भ किया । विवेक मैराथन नेहरू स्टैडियम से प्रारम्भ होकर शक्ति चौक थाना कोतवाली बुखारा रोड होते हुए जानी का चौराहा से नूरपुर रोड पर स्थित विवके कॉलेज पर समाप्त हुई।इस मैराथन में पांच चेक पोस्ट बनाये गये थे जिसमें सभी प्रतिभागियों के चस्ट नम्बर को सत्यापित किया गया। इस प्रतियोगिता में समाज के विभिन्न क्षेत्रों से, 1300 युवाओं महिलाओं तथा बुजुर्गों ने प्रतिभाग किया।

विल पुकोव्स्की ने 27 की उम्र में क्रिकेट को कहा अलविदा

एजेंसी

नई दिल्ली। ऑस्ट्रेलिया के युवा बल्लेबाज विल पुकोव्स्की ने महज 27 साल की उम्र में क्रिकेट से संन्यास लेने का फैसला किया है। बार-बार सिर में चोट (कंकशन) लगने के कारण उन्हें यह कठिन निर्णय लेना पड़ा। पुकोव्स्की ने मेलबर्न के एक रेडियो शो में अपने रिटायरमेंट की घोषणा की और इसे अपने जीवन की सबसे बड़ी निराशा बताया।

एक टेस्ट का सपना और असमय अंत

विल पुकोव्स्की ने साल 2021 में भारत के खिलाफ टेस्ट डेब्यू किया था और उन्हें ऑस्ट्रेलिया की टेस्ट टीम में लंबे समय तक ओपनिंग करने वाले बल्लेबाज के रूप में देखा जा रहा था। लेकिन कंकशन की लगातार समस्याओं ने उनके करियर को समय से पहले ही खत्म कर दिया। उनका आखिरी मैच मार्च 2024 में तस्मानिया के खिलाफ शैफील्ड शील्ड में था, जहां राइली मेरेडिथ की बाउंसर से उन्हें गंभीर चोट लगी थी।

पिछले साल एक स्वतंत्र मेडिकल पैनल ने पुकोव्स्की के करियर और भविष्य को देखते हुए उन्हें संन्यास की सिफारिश की थी। बताया गया कि पुकोव्स्की अब तक मिड-टीन्स (करीब 15 बार) कंकशन का शिकार हो चुके हैं। यह सिलसिला उनके किशोरावस्था में ऑस्ट्रेलियन रूल्स फुटबॉल खेलते वक्त शुरू हुआ था। हालांकि उन्होंने तुरंत संन्यास का फैसला नहीं लिया, और एक साल तक इलाज, बीमा और करियर विकल्पों पर विचार करते रहे। पुकोव्स्की ने कहा, 2023-24 सीजन में मुझे लगा कि मैं फिर से ट्रैक पर लौट रहा हूँ। न्यू साउथ वेल्स के खिलाफ शतक लगाने के बाद भरोसा था कि सब कुछ पटरी पर है। मेरा सपना था ऑस्ट्रेलिया के लिए लंबे समय तक खेलना और 100 टेस्ट खेलना, लेकिन दुर्भाग्य से मेरा सफर एक टेस्ट तक ही सिमट गया। उन्होंने बताया कि आखिरी कंकशन के बाद वे सामान्य जीवन जीने में भी संघर्ष कर रहे थे। उन्होंने कहा, घर में चलना भी मुश्किल हो गया था, मैं बहुत सोता था और कामों में मदद नहीं कर पाता था। यह मेरी जिंदगी का सबसे कठिन साल रहा।

पुकोव्स्की ने कहा, जब आप एक साल से ज़्यादा समय तक लक्षणों से जूझ रहे हों, तो फिर खेल में लौटने की उम्मीद खत्म हो जाती है। मैं अपने सपने को जितना संभव हो, थामे रखना चाहता था, लेकिन अब मुझे अपनी सेहत को प्राथमिकता देनी है। उन्होंने यह भी खुलासा किया कि उन्हें अभी भी सिरदर्द, थकान, मोशन सिकनेस और शरीर के बाएं हिस्से में संवेदनशीलता जैसे लक्षण परेशान कर रहे हैं। उन्होंने कहा, मुझे याद है मैं कैसा था और अब क्या हो गया हूँ, ये बदलाव मेरे और मेरे करीबियों के लिए डरावने हैं। हालांकि पुकोव्स्की ने क्रिकेट को अलविदा कहा है, लेकिन खेल से उनका नाता बना रहेगा। वे अगले सीजन (2025-26) में मेलबर्न क्लब की कोचिंग संभालेंगे और भविष्य में टेलीविजन कमेंट्री में भी वापसी कर सकते हैं।

सीनियर महिला क्रिकेट प्रतियोगिता आठ से

एजेंसी

पश्चिमी सिंहभूम। झारखंड राज्य क्रिकेट संघ के तत्वावधान में आयोजित होने वाली अंतर जिला सीनियर महिला क्रिकेट प्रतियोगिता आठ अप्रैल से पश्चिमी सिंह भूम (चाईबासा) के बिरसा मुंडा क्रिकेट स्टेडियम में शुरू होगी। प्रतियोगिता में राज्य के विभिन्न जिलों की महिला क्रिकेट टीमें हिस्सा लेंगी और खेल जगत में अपनी पहचान बनाने की कोशिश करेंगी।प्रतियोगिता में ग्रुप-बी के सारे लीग मैच चाईबासा में ही खेले जाएंगे, जिससे चाईबासा में क्रिकेट प्रेमियों को बेहतरीन क्रिकेट का मौका मिलेगा। इसके अलावा सुपर डिवीजन के तीन मैच और फाइनल मैच भी चाईबासा के बिरसा मुंडा क्रिकेट स्टेडियम पर आयोजित किए जाएंगे, जो प्रतियोगिता के रोमांच को और बढ़ा देंगे। प्रतियोगिता की शुरुआत चाईबासा में उद्घाटन मैच के साथ होगी, जिसमें बोकारो की टीम का सामना लोहरदगा से होगा। इसके बाद नौ अप्रैल को रांची का मुकाबला लोहरदगा से और 10 अप्रैल को बोकारो का मुकाबला रांची से होगा। इसी क्रम में 11 अप्रैल को लोहरदगा और रामगढ़ के बीच मुकाबला होगा। वहीं 12 अप्रैल को रांची और रामगढ़ की टीमें आमने-सामने होंगी और अंत में 13 अप्रैल को बोकारो और रामगढ़ की टीमें मैच खेलेंगी। इन लीग मैचों में प्रत्येक टीम अपनी श्रेष्ठता साबित करने के लिए कड़ी मेहनत करेगी।

इसके बाद सुपर डिवीजन के मैच 15 से 17 अप्रैल तक खेले जाएंगे, और 19 अप्रैल को फाइनल मैच चाईबासा के बिरसा मुंडा क्रिकेट स्टेडियम में होगा, इसमें प्रतियोगिता की विजेता टीम का नाम तय होगा। इस दौरान राज्य भर के क्रिकेट प्रेमी और दर्शक स्टेडियम में मौजूद रहकर इन शानदार मुकाबलों का आनंद लेंगे।

विराट कोहली टी20 में 13,000 रन पूरे करने वाले पहले भारतीय बल्लेबाज़ बने

एजेंसी

नई दिल्ली। इंडियन प्रीमियर लीग 2025 (आईपीएल 2025) में मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में खेले गए एक अहम मुकाबले में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के बल्लेबाज़ विराट कोहली ने एक और ऐतिहासिक मुकाम हासिल कर लिया। ुंबई इंडियंस के खिलाफ खेलते हुए कोहली टी20 क्रिकेट में 13,000 रन पूरे करने वाले पहले भारतीय बल्लेबाज़ बन गए हैं।

दुनिया के पांचवें बल्लेबाज़ बने विराट कोहली

इस उपलब्धि के साथ कोहली टी20 क्रिकेट में 13,000 रन बनाने वाले दुनिया के केवल पांचवें बल्लेबाज़ बन गए हैं। उनसे पहले यह कारनामा वेस्टइंडीज के क्रिस गेल (14562 रन), इंग्लैंड के एलेक्स हेल्स (13610 रन), पाकिस्तान के शोएब मलिक (13557 रन) और वेस्टइंडीज के ही कीरोन पोलार्ड (13537 रन) कर चुके हैं।

औसत और स्ट्राइक रेट में भी कोहली का जलवा

36 वर्षीय विराट कोहली का टी20 क्रिकेट में औसत करीब 42 का है और उनका स्ट्राइक रेट 134 का है। उन्होंने अब तक 9 शतक और 98 अर्धशतक जड़े हैं, जो इस फॉर्मेट में किसी भी बल्लेबाज़ की निरंतरता का प्रमाण है।

आईपीएल में भी हैं रन मशीन

मुंबई इंडियंस के खिलाफ इस मुकाबले से पहले विराट कोहली आईपीएल में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज़ थे। उन्होंने अब तक 256 मैचों में 8111 रन बनाए हैं, उनका औसत 38.81 और स्ट्राइक रेट 132.01 का है।

टी20 में सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज़:

क्रिस गेल (वेस्टइंडीज) - 14562 रन

एलेक्स हेल्स (इंग्लैंड) - 13610 रन
शोएब मलिक (पाकिस्तान) - 13557 रन
कीरोन पोलार्ड (वेस्टइंडीज) - 13537 रन
विराट कोहली (भारत) - 13000* रन

राष्ट्रीय हॉकी चैंपियनशिप: अपने पुल में शीर्ष रहने पर अरुणाचल और छत्तीसगढ़ को मिला प्रमोशन

एजेंसी

झांसी। झांसी में चल रही 15वीं हॉकी इंडिया सीनियर पुरुष राष्ट्रीय चैंपियनशिप 2025 के चौथे दिन का खेल बेहद रोमांचक रहा। डिवीजन सी के मुकाबले समाप्त हो गए हैं, जिसमें हॉकी अरुणाचल और छत्तीसगढ़ हॉकी ने अपने-अपने पूल में शीर्ष स्थान हासिल कर अगले संस्करण के लिए डिवीजन-बी में प्रमोशन प्राप्त किया। दिन की शुरुआत डिवीजन सी के पूल ए में हॉकी राज और हॉकी अरुणाचल प्रदेश के बीच 2-2 के रोमांचक ड्रा से हुई। हॉकी अरुणाचल के लिए अभिनव सिंह और जय प्रकाश पटेल ने गोल किए, जबकि हॉकी राज की ओर से विशाल कुमार और पुलकित केसरी ने स्कोर किया। पूल ए के एक अन्य मुकाबले में हॉकी जम्मू-कश्मीर ने त्रिपुरा हॉकी को 15-1 से करारी शिकस्त दी। जगमीत सिंह और जोतवीर सिंह ने चार-चार गोल दागे, जबकि सोढ़ी पवनीत सिंह ने हैट्रिक लगाई। डिवीजन सी के पूल बी में, छत्तीसगढ़ हॉकी ने हॉकी हिमाचल को

3-2 से हराकर प्रमोशन पक्का किया। कार्तिक यादव ने हैट्रिक लगाकर टीम को जीत दिलाई। वहीं अंतिम मुकाबले में हॉकी एसोसिएशन ऑफ बिहार ने हॉकी गुजरात को 14-0 से हराया। जोनी कुमार ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सात गोल किए।डिवीजन बी में हॉकी चंडीगढ़ ने गोअन हॉकी को 4-0 से हराया। इसके बाद हॉकी उत्तराखंड ने हॉकी आंध्र प्रदेश को 5-3 से हराया, जिसमें कप्तान दीपक सिंह फर्त्याल और विशाल कुमार ने दो-दो गोल किए।

बांग्लादेश टेस्ट सीरीज़ के लिए ज़िम्बाब्वे टीम में सीन विलियम्स और क्रेग एर्विन की वापसी

एजेंसी

नई दिल्ली। ज़िम्बाब्वे ने बांग्लादेश के खिलाफ आगामी दो टेस्ट मैचों की सीरीज़ के लिए अपनी टीम की घोषणा कर दी है, जिसमें अनुभवी खिलाड़ी सीन विलियम्स और कप्तान क्रेग एर्विन की वापसी हुई है। दोनों खिलाड़ी फरवरी में आयरलैंड के खिलाफ खेले गए पिछले टेस्ट मुकाबले से बाहर रहे थे। विलियम्स पीठ की चोट के कारण नहीं खेल पाए थे, जबकि एर्विन व्यक्तिगत कारणों से अंतिम समय पर हट गए थे।

तीन बदलावों के साथ घोषित हुई टीम

ज़िम्बाब्वे ने टीम में तीन बदलाव किए हैं। विकेटकीपर-बल्लेबाज़ तफाद्ज़्वा त्सिगा की दो साल बाद टीम में वापसी हुई है। उन्होंने अपना डेब्यू वेस्टइंडीज़ के

खिलाफ किया था। उन्हें जॉयलॉर्ड गुम्बी की जगह शामिल किया गया है। वेलिंगटन मसाकाड्ज़ा की भी टेस्ट टीम में वापसी हुई है। उन्होंने अब तक तीन टेस्ट खेले हैं और आखिरी बार वेस्टइंडीज़ दौरे पर नजर आए थे। उन्हें न्यूमैन न्यामहुरी की जगह टीम में लिया गया है।

काइटानो बाहर, मदेवेरे को बरकरार रखा गया

शीर्ष क्रम के बल्लेबाज़ तकुजवानाशे काइटानो को इस सीरीज़ के लिए टीम में जगह नहीं मिली है। उनकी जगह वेस्ली मदेवेरे को स्क्वॉड में बरकरार रखा गया है। गौरतलब है कि एर्विन की अनुपस्थिति में मदेवेरे को आयरलैंड टेस्ट में आखिरी वक्त पर टीम में शामिल किया गया था।

कहां और कब होंगे मैच?

ज़िम्बाब्वे और बांग्लादेश के बीच दो टेस्ट मैचों की सीरीज़ क्रमशः सिलहट (20-24 अप्रैल) और चटगांव (28 अप्रैल-2 मई) में खेली जाएगी। यह ज़िम्बाब्वे का बांग्लादेश दौरे पर पहला टेस्ट सीरीज़ होगा, पिछली बार दोनों टीमों के बीच फरवरी 2020 में ढाका में एकमात्र टेस्ट खेला गया था, जिसे बांग्लादेश ने पारी और 106 रन से जीता था।

ज़िम्बाब्वे टेस्ट स्क्वॉडः

क्रेग एर्विन (कप्तान), ब्रायन बेनेट, जोनाथन कैंपबेल, बेन कर्रन, ट्रेवर ग्वांडू, वेस्ली मदेवेरे, वेलिंगटन मसाकाड्ज़ा, विंसेंट मसेकेसा, न्याशा मायावो, ब्लेसिंग मुजाराबानी, रिचर्ड एंगरावा, विक्टर न्याउची, तफाद्ज़्वा त्सिगा, निकोलस वेल्च, सीन विलियम्स।

पहले ओवर में अब तक 31 विकेट चटका कर बोल्ट आईपीएल के शीर्ष पर

एजेंसी

मुंबई। न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज ट्रेंट बोल्ट इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में 2020 सीज़न से अब तक पारी के पहले ओवर में 31 विकेट चटका कर शीर्ष पर बने हुये हैं। बोल्ट की नई गेंद की धारदार गेंदबाजी ने कई मैचों के लिए माहौल तैयार किया है, जिसमें से 19 विकेट उन्होंने राजस्थान रॉयल्स (आरआर) की तरफ से खेलते हुए लिए हैं। इस अवधि में 28 बार पहले ओवर के विकेट लेकर आरआर खुद फ्रैंचाइजी में शीर्ष पर है। हालांकि इनमें से दो-तिहाई विकेट बोल्ट ने लिए हैं। बोल्ट की वर्तमान फ्रेंचाइजी मुंबई इंडियंस (एमआई) 23 पहले ओवर के विकेट के साथ दूसरे स्थान पर है, जिनमें से 12 विकेट बाएं हाथ के तेज गेंदबाज ने पांच बार की चैंपियन के साथ अपने कार्यकाल के दौरान लिए हैं। अन्य टीमों में, चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) ने 2020 से पहले ओवर में 19 विकेट हासिल किए हैं, इसके बाद रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने 17 विकेट हासिल किए हैं। सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) ने 14, कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने 13 और लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) ने 12 विकेट हासिल किए हैं। पंजाब किंग्स (पीबीकेएस), दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) और गत चैंपियन गुजरात टाइटन्स (जीटी) 11-11 विकेट के साथ बराबरी पर हैं। शुरुआती दौर में स्ट्राइक करने की बोल्ट की आदत ने उन्हें आईपीएल क्रिकेट में सबसे मूल्यवान खिलाड़ियों में से एक बना दिया है।

जमशेदपुर एफसी की डिफेंस को भेदकर फाइनल में पहुंचा मोहन बागान

एजेंसी

कोलकाता। लीग शील्ड विजेता मोहन बागान सुपर जायंट की टीम इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) 2024-25 के फाइनल में पहुंच गई है, जहां उनका मुकाबला 12 अप्रैल को अपने घरेलू मैदान पर बेंगलुरू एफसी से होगा। मोहन बागान सुपर जायंट ने सोमवार रात विवेकानंद युवा भारती क्रीड़ांगन में खेले गए आईएसएल 2024-25 के दूसरे सेमीफाइनल के दूसरे चरण के मुकाबले में जमशेदपुर एफसी को 2-0 से हराया और 3-2 के कुल गोल अंतर के जरिये लगातार तीसरे खिताबी मुकाबले में प्रवेश किया। मेजबान टीम की जीत में ऑस्ट्रेलियाई फॉरवर्ड जैसन कमिंग्स ने 51वें मिनट में पेनल्टी किक के जरिये और मिडफील्डर अपुया ने 90+4वें मिनट में इस सीजन का अपना पहला गोल किया। अपुया को

निर्णायक गोल करने और मिडफील्डर में भरपूर मेहनत करने के लिए प्लेयर ऑफ द मैच घोषित किया गया। घरेलू मैदान पर मोहन बागान सुपर जायंट की शानदार जीत से स्पेनिश हेड कोच जोस मोलिना निश्चित रूप से प्रसन्न होंगे, क्योंकि उनकी टीम लगातार तीसरी बार फाइनल में जगह बनाने में कामयाब हुई है। वहीं, रेड माइनर्स की संघर्षपूर्ण हार से मुख्य कोच खालिद जमील जरूर निराश होंगे, क्योंकि इस सीजन में उनकी टीम का सफर समाप्त हो गया। हालांकि खालिद जमील के रेड माइनर्स ने अपने घर पर डबल-लेग सेमीफाइनल का पहला मुकाबला 2-1 से जीता था। मैच का पहला गोल 51वें मिनट में पेनल्टी किक के जरिये आया, जब ऑस्ट्रेलियाई फॉरवर्ड जैसन कमिंग्स ने मोहन बागान सुपर जायंट को बढ़त दिलाते हुए स्कोर 1-0 (कुल गोल अंतर 2-2) कर दिया। एमबीएसजी को पेनल्टी किक के रूप में यह सुनहरा मौका 50वें मिनट में मिला, जब बायीं तरफ से मिली कॉर्नर किक पर जैसन कमिंग्स ने क्रॉस डालकर गेंद को बॉक्स के अंदर पहुंचा, लेकिन गेंद स्कॉटिश सेंटर-बैक टॉम एल्ड्रेड के हैडर के बाद जमशेदपुर एफसी के सेंटर-बैक प्रणय हल्दर के हाथ में जा लगी और रैफरी तेजस नागवेंकर ने लंबी सीटी बजाकर पेनल्टी किक का इशारा कर दिया। इसके बाद कमिंग्स ने करारा लेफ्ट फुटर शॉट लगाकर गेंद को बॉटम राइट कॉर्नर के अंदर पहुंचा दिया जबकि जमशेदपुर एफसी के गोलकीपर एल्बिनो गोमेज गलत अनुमान के साथ विपरीत दिशा की तरफ डाइव लगा बैठे।

कलिंगा सुपर कप 2025 के कार्यक्रम घोषित

एजेंसी

नई दिल्ली। कलिंगा सुपर कप 2025 ओडिशा के भुवनेश्वर में 20 अप्रैल से 3 मई तक खेला जायेगा जिसमें 16 क्लब (इंडियन सुपर लीग से 13 और आई-लीग से तीन) भाग लेंगे। नॉक आउट प्रारूप में खेले जाने टूर्नामेंट के सभी मैच कलिंगा स्टेडियम में होंगे। आईएसएल टीमों को 2024-25 सत्र में उनकी अंतिम लीग स्थिति के अनुसार राउंड ऑफ 16 के लिए वरीयता दी गई थी। तीन आई-लीग टीमों चर्चिल ब्रदर्स एफसी गोवा, इंटर काशी और गोकुलम केरल एफसी ने अपनी भागीदारी की पुष्टि कर दी है।उनका सामना शीर्ष तीन आईएसएल टीमों (मोहन बागान सुपर जायंट, एफसी गोवा और बेंगलुरु एफसी) से होगा।

क्रुणाल पांड्या के आखिरी ओवर ने बदला खेल, आरसीबी ने मुंबई को 12 रन से हराया

एजेंसी

मुंबई। आईपीएल 2025 के 20वें मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने रोमांचक मुकाबले में मुंबई इंडियंस (एमआई) को उसके घरेलू मैदान वानखेड़े स्टेडियम पर 12 रन से मात दी। इस जीत के साथ ही आरसीबी ने 10 साल बाद मुंबई को उसके घर में हराने का कारनामा कर दिखाया। पहले बल्लेबाजी करते हुए आरसीबी ने विराट कोहली (67) और रजत पाटीदार (64) के शानदार अर्धशतकों की बदौलत 20 ओवर में 5 विकेट पर 221 रन बनाए। जवाब में मुंबई की टीम 20 ओवर में 9 विकेट खोकर 209 रन ही बना सकी। मुंबई के लिए हार्दिक और बोल्ट ने दो-दो विकेट झटके, जबकि विग्नेश पुथुर को एक सफलता मिली। 222 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए मुंबई ने तेज शुरुआत की लेकिन यश दयाल और जोश हेजलवुड ने शुरुआती झटके देकर आरसीबी को अपरहैंज दे दिया।

हार्दिक पांड्या (42) और तिलक वर्मा (56) ने विस्फोटक अंदाज में 89 रन की साझेदारी कर मुंबई की वापसी कराई, लेकिन भुवनेश्वर कुमार और हेजलवुड ने दोनों को आउट कर खेल पलट दिया। मैच का असली रोमांच आखिरी ओवर में देखने को मिला जब मुंबई को 19 रन की जरूरत थी। क्रुणाल पांड्या ने लगातार विकेट लेकर मुंबई की उम्मीदों पर पानी फेर दिया। उन्होंने तीन विकेट लेकर आरसीबी की जीत पक्की की और मैच में कुल चार विकेट चटकाए।

बिली जीन किंग कप 2025 के लिए टीईएफएफ को सस्टेनेबिलिटी पार्टनर के रूप में चुना गया

पुणे। महाराष्ट्र राज्य लॉन टेनिस संघ (एमएसएलटीए) ने अखिल भारतीय टेनिस संघ (एआईटीए) और पुणे महानगर जिला टेनिस संघ (पीएमडीटीए) के साथ मिलकर प्रतिष्ठित बिली जीन किंग कप 2025 एशिया-ओशिनिया ग्रुप 1 के लिए इको फैक्ट्री फाउंडेशन (टीईएफएफ) को आधिकारिक सस्टेनेबिलिटी पार्टनर के रूप में चुना है। पुणे के प्रसिद्ध म्हालुंगे बालेवाड़ी टेनिस कॉम्प्लेक्स में 8 से 12 अप्रैल तक आयोजित होने वाला यह टूर्नामेंट टीईएफएफ की अभिनव पहलों के माध्यम से सस्टेनेबिलिटी और पर्यावरणीय जिम्मेदारी को अपनाएगा। एमएसएलटीए के मानद सचिव सुंदर अय्यर और सुहाना मसाला में प्रौद्योगिकी एवं इनोवेशन डायरेक्टर तथा टीईएफएफ के संस्थापक आनंद चोराडिया के नेतृत्व में दोनों संगठन पूरे टूर्नामेंट में 'जीरो वेस्ट' थीम पर जोर देकर बिली जीन किंग कप को सस्टेनबिलिटी के मामले में एक ऐतिहासिक आयोजन बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इस साझेदारी का एक महत्वपूर्ण आकर्षण टीईएफएफ का महत्वाकांक्षी 'वृक्षदान अभियान' है। इस पहल के माध्यम से 37 स्वदेशी भारतीय वृक्ष प्रजातियों के 20,000 से अधिक पौधे प्रतिभागियों, उपस्थित लोगों और समुदाय के सदस्यों को वितरित किए जाएंगे, जो पारिस्थितिक संरक्षण और प्राकृतिक आवासों की बहाली के महत्व को दर्शाते हैं। वृक्षदान अभियान के अलावा टूर्नामेंट स्थल पर टीईएफएफ की अभूतपूर्व पहल, शाश्वत भारत सेतु - विनिंग नेट जीरो की सुविधा होगी, जो एक मोबाइल शिक्षण और जागरूकता केंद्र है।

इस साझेदारी के बारे में जानकारी साझा करते हुए एमएसएलटीए के मानद सचिव सुंदर अय्यर ने बताया, बिली जीन किंग कप 2025 के गौरवशाली मेजबान के रूप में हमने यह सुनिश्चित करने का बीड़ा उठाया है कि यह अंतरराष्ट्रीय आयोजन एक सकारात्मक पर्यावरणीय विरासत छोड़ जाए। टीईएफएफ के साथ हमारी साझेदारी सस्टेनेबिलिटी के लिए एमएसएलटीए की दृढ़ प्रतिबद्धता को दर्शाती है और साथ मिलकर हमारा लक्ष्य इस टूर्नामेंट को एक शानदार उदाहरण बनाना है कि कैसे खेल भविष्य की पीढ़ियों के लिए हमारे ग्रह की रक्षा और संरक्षण का मार्ग प्रशस्त कर सकते हैं। इस साझेदारी पर आनंद चोराडिया ने कहा, बिली जीन किंग कप 2025 के साथ टीईएफएफ की रणनीतिक साझेदारी इस बात का प्रतीक है कि कैसे खेल और सस्टेनबिलिटी मिलकर एक हरियाली भरे, स्वस्थ ग्रह का निर्माण कर सकते हैं। जैसे-जैसे खिलाड़ी कोर्ट पर प्रतिस्पर्धा करते हैं, टीईएफएफ सुनिश्चित करता है कि असली विजेता पर्यावरण है जो टूर्नामेंट से कहीं आगे तक फैली पारिस्थितिक चेतना की विरासत को पोषित करता है। अपने संधारणीयता मिशन को आगे बढ़ाते हुए टीईएफएफ ने भाग लेने वाले खिलाड़ियों के लिए सोच-समझकर पर्यावरण के अनुकूल उपहार तैयार किए हैं, जिसमें एक विशेष स्मारिका के रूप में एक विशिष्ट रूप से डिजाइन किया गया इको-कैलेंडर भी शामिल है, जो टूर्नामेंट के हर स्तर पर पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। इसके अलावा टीईएफएफ का उद्देश्य सभी खिलाड़ियों और आगंतुकों के बीच जागरुकता फैलाना है।

मुझे फर्क नहीं पड़ता...नोरा फतेही से तुलना किए जाने पर

उर्वशी रौतेला

का ट्रोल्स को जवाब, कहा-हर कलाकार का अपना स्पेस होता

बॉलीवुड एक्ट्रेस उर्वशी रौतेला यूं तो अपने काम से ज्यादा खूबसूरती को लेकर चर्चा में रहती हैं, लेकिन पिछले कुछ महीनों से वह कुछ न कुछ ऐसा कर और कह जाती हैं, जिसके लिए वो तुरंत सुर्खियों में आ जाती हैं। अब हाल ही में उर्वशी रौतेला ने डांसिंग क्वीन नोरा फतेही से खुद की तुलना किए जाने पर ट्रोलर्स को कड़ा जवाब दिया है, जिसके बाद वह एक बार फिर खबरों में हैं।

उर्वशी रौतेला ने एक इंटरव्यू में कहा कि वह ऑनलाइन निगेटिविटी से परेशान नहीं होंगी। यह पूछे जाने पर कि क्या ट्रोलिंग से उन पर असर पड़ता है, तो एक्ट्रेस ने कहा, मैं हर किसी की राय को पर्सनली नहीं लेती। मैं निगेटिव कमेंट से आसानी से प्रभावित नहीं होती। अगर कोई कुछ रूड बात कहता है, तो भी मैं खुद को परेशान नहीं होने देती। मेरा मानना है कि हर एक्टर इंडस्ट्री में अपनी यूनिकनेस लेकर आता है।उर्वशी ने आगे कहा, उदाहरण के लिए, अगर लोग मेरी तुलना नोरा फतेही या किसी और से करते हैं, तो मुझे कोई ऑब्जेक्शन नहीं है क्योंकि हर कलाकार का अपना स्पेस होता है। हमारी जनरेशन के लिए अच्छा परफॉर्म करना जरूरी है। ठीक वैसे ही जैसे पास्ट के एक्टर्स ने बॉलीवुड की ग्रोथ का रास्ता बनाया। यह हमारी जिम्मेदारी है कि हम हर भूमिका में अपना बेस्ट दें और इंडस्ट्री को आगे बढ़ाते रहें।

इतना ही नहीं उर्वशी रौतेला ने अपनी अपकमिंग फिल्म जाट में सनी देओल, रणदीप हुड्डा और विनीत कुमार सिंह के साथ काम करने को लेकर कहा, यह वाकई अमेजिंग है! मेरे तीनों हीरो, सनी देओल, रणदीप हुड्डा और विनीत कुमार सिंह इस फिल्म का हिस्सा हैं। सनी देओल ने मुझे सिंह साहब द ग्रेट में मेरी पहली मुख्य भूमिका दी, जहां मैंने मिन्नी का किरदार निभाया था। मैंने इंस्पेक्टर अविनाशमें रणदीप हुड्डा की पत्नी और एक अन्य प्रोजेक्ट में विनीत कुमार सिंह की पत्नी का किरदार भी निभाया है। इसलिए, एक ही फिल्म में तीनों के साथ काम करना एक सपने के सच होने जैसा है। यह एक रीयूनियन की तरह है और मैं बेहद खुश हूं।बता दें कि फिल्म जाट10 अप्रैल, 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है।

होमटाउन पहुंचते ही खिला

शहनाज गिल

का चेहरा, पानीपूरी के चटकारे लेती एक्ट्रेस की सादगी ने जीता फैंस का दिल

बिग बॉस 13 से फेम पाने वाली एक्ट्रेस शहनाज गिल सोशल मीडिया पर खासी एक्टिव रहती हैं और अपने खूबसूरत पोस्ट्स से फैंस का दिल जीतती रहती हैं। हाल ही में शहनाज मुंबई से अपने होमटाउन पहुंची और वहां पहुंचकर अपनी

कुछ तस्वीरें शेयर की। जैसे ही ये तस्वीरें इंटरनेट पर आईं, तो झट से वायरल हो गईं। फैंस अब शहनाज की इन तस्वीरों पर खूब प्यार लुटा रहे हैं।

शहनाज गिल ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर चार तस्वीरें शेयर की हैं, जिसमें उनकी सादगी साफ झलक रही है। इन तस्वीरों में शहनाज ने सिंपल कुर्ता पहना है और साथ में व्हाइट कलर की स्टॉल कैरी की है। बालों की एक्ट्रेस ने मैसी सी पोनी बना रखी है और हलके मेकअप में काफी ग्लोइंग दिख रही हैं।

एक तस्वीर में जहां शहनाज फोन लिए पोज दे रही हैं तो दूसरी में पानी की बोतल लिए नजर आ रही हैं। तीसरी फोटो में वह खुलकर हंस रही हैं और प्यारी मुस्कान से फैंस का दिल जीत रही हैं।

जबकि आखिरी तस्वीर में शहनाज पानीपूरी के चटकारे लेती दिख रही है। फैंस एक्ट्रेस की इन तस्वीरों को जमकर लाइक कर रहे हैं और कमेंट कर अपनी प्रतिक्रिया भी दे रहे हैं।

काम की बात करें तो इन दिनों शहनाज गिल अपनी नई पंजाबी फिल्म इक कुड़ी की शूटिंग में व्यस्त हैं। इस फिल्म के साथ वह प्रोड्यूसर के रूप में अपना डेब्यू करने जा रही हैं।

फिल्म का निर्देशन अमरजीत सिंह सरोन कर रहे हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, शहनाज गिल की यह फिल्म 13 जून 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है और इसके लिए उनके फैंस काफी एक्साइटेड हैं।

शो के लिए घर से निकल रहे थे, बेटी मालती ने दिया ऐसा सरप्राइज, खुशी से झूम उठे निक जोनास

सिंगर और एक्टर निक जोनास ने अपने इंस्टाग्राम पर एक पोस्टर शेयर किया है, जिसे उनकी बेटी मालती मैरी चोपड़ा जोनास ने अपने हाथों से बनाया है. दरअसल निक जोनास अपने म्यूजिकल शो 'द लास्ट फाइव इयर्स' के लिए निकल ही रहे थे कि उन्हें बेटी का ये पोस्टर मिला. इस सरप्राइज से निक गदगद हो गए. बेटी मालती ने पापा निक के लिए जो पोस्टर बनाया, उसमें 'कॉन्ग्रैट्स' 'ब्रॉडवे' 'न्यूयॉर्क' लिखा हुआ दिख रहा है. इस पोस्टर को निक ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर डालते हुए लिखा, ओपनिंग डे की शुरुआत इससे बेहतर नहीं हो सकता थी ,थैंक यू मालती मैरी.

इसके बाद निक ने एक वीडियो भी शेयर किया, जिसमें उन्होंने कहा, मैं तैयार होकर शो के लिए निकल ही रहा था कि मेरी बेटी मुझे देख कर बोली, 'अलविदा, प्रिंस चार्मिंग, अच्छा परफॉर्म करना'. मानो मेरा दिल तो पिघल ही गया.निक की इन इंस्टा स्टोरीज़ को उनके फैन पेज पर भी शेयर किया गया है.

निक और प्रियंका का लुक

निक और प्रियंका शो के ओपनिंग डे के लिए बेहद शानदार लुक में नजर आए. निक ने वाइट टी शर्ट और ब्लैक स्ट्राइप ट्रॉउज़र के साथ ब्लेजर पहना तो वही प्रियंका ने निक से ट्विनिंग करते हुए ब्लैक ड्रेस पहनी. दोनों के वीडियोज और फोटो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहे हैं. वहीं, एक वीडियो में निक और प्रियंका जैसे ही थिएटर से बाहर आए वैसे ही फैंस निक से ऑटोग्राफ मांगने के लिए आतुर नजर आ रहे हैं.

वहीं इवेंट के दौरान जब निक से पूछा गया कि आर्ट की फील्ड में सपने पूरे करने में कितनी परेशानी आती है? जवाब में निक ने कहा, कई बार सपनों के पीछे भागते हुए हम खुद को खो देते हैं. ऐसे में जरूरत होती है एक पार्टनर की जो आपका साथ दे. मैं इस मामले में बेहद लकी हूं. निक ने बताया कि न्यूयॉर्क में 'द लास्ट फाइव ईयर्स' के एक हफ्ते में आठ शोज हैं, जिससे उन्हें अपने परिवार के साथ ज्यादा समय मिल जाता है. उन्होंने कहा कि सेंट्रल पार्क में पत्नी और बेटी के साथ घूमना आरामदायक लगता है.

कब हुई निक और प्रियंका की शादी

निक जोनास और प्रियंका चोपड़ा ने दिसंबर 2018 में भारत के जोधपुर में शादी की थी. वहीं जनवरी 2022 में सरोगेसी के जरिये दोनों ने अपनी बेटी मालती मैरी चोपड़ा जोनास का अपनी जिंदगी में वेलकम किया था. प्रियंका और निक सिनेमा की दुनिया के पावर कपल माने जाते हैं. दोनों अक्सर ही एक दूसरे की तारीफ करते हुए नजर आते हैं.

कोलकाता की मानुषी घोष बनीं इंडियन आइडल की विनर, ट्रॉफी के साथ मिले 25 लाख और चमचमाती कार

सोनी टीवी के सिंगिंग रियलिटी शो 'इंडियन आइडल' के सीजन 15 को अपनी विनर मिल गई है. कोलकाता की मानुषी ने इंडियन आइडल की ट्रॉफी अपने नाम कर ली है. अपनी सुरीली आवाज और दमदार परफॉर्मेंस से मानुषी ने तमाम दर्शकों और जजों का दिल जीतते हुए इंडियन आइडल की ट्रॉफी जीत ली. कोलकाता की रहने वाली मानुषी ने इंडियन आइडल के मंच पर क्लासिकल से लेकर कंटेम्पोररी गानों तक, हर जॉनर में अपनी गायकी का जादू बिखेरा. उनके हर परफॉर्मेंस में आत्मविश्वास और संगीत के प्रति उनका जुनून साफ झलकता था, उनके इस ऐटिट्यूड के चलते उन्हें इंडियन आइडल ली 'क्रेजी गर्ल' कहा जाता था. आइडल की इस क्रेजी गर्ल को ट्रॉफी के साथ 25 लाख की राशि और एक



चमचमाती कार भी मिली है.इंडियन आइडल के ग्रैंड फिनाले में मानुषी का मुकाबला अन्य प्रतिभाशाली फाइनलिस्ट ङ्क सुभाजीत चक्रवर्ती, स्नेहा शंकर, चैतन्य देवाधे (माउली), प्रियांशु दत्ता और अनिरुद्ध सुस्वरम से था. सभी फाइनलिस्ट्स ने अपनी बेहतरीन परफॉर्मेंस दी, लेकिन शनिवार के एपिसोड में अनिरुद्ध सुस्वरम शो से बाहर हो गए. अनिरुद्ध के बाहर होने के बाद बाकी 5 कंटेस्टेंट में आखिरी मुकाबला हुआ. स्नेहा शंकर शो की दूसरी रनर अप बनीं और आइडल के 'भाई-बहन' की जोड़ी सुभाजित और मानुषी को टॉप 2 घोषित कर दिया गया. आखिरकार अपने भाई सुभाजित को पीछे छोड़कर मानुषी इस मशहूर सिंगिंग रियलिटी शो की विनर बन गई.

पहले भी सिंगिंग शो का हिस्सा बनी हैं मानुषी

मानुषी घोष ने अपनी जीत का श्रेय अपने माता-पिता, गुरुओं और दर्शकों के प्यार और समर्थन को दिया है. उन्होंने कहा कि 'इंडियन आइडल' का मंच उनके लिए एक सपने के सच होने जैसा है और वो आगे भी संगीत से अपना रिश्ता बरकरार रखेंगी. इससे पहले मानुषी ने एक बंगाली सिंगिंग शो में हिस्सा लिया था. इस शो की वो रनर अप रही थीं. इस शो से उन्हें मिला आत्मविश्वास मानुषी को इंडियन आइडल में काम आया.